
Page 11
खेल
आईपीएल एलिमिनेटर : गुजरात टाइंटस और मुंबई इंडियंस के बीच रोमांचक...

हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित


Page 10
देश
सावरकर पर बयान देने से बाज आए राहुल गांधी : उद्धव गुट के नेता बाला दराडे

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, पुनर्वसु, विक्रम संवत् 2082
• औरंगाबाद • शुक्रवार • 30 मई 2025 • वर्ष 27 • अंक 168 • पृष्ठ 12


### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 97,040 | ₹ 99,900 |

### आज का इतिहास

**1987 :** गोवा भारत का 25 वाँ राज्य बना। गोवा भारत के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में स्थित एक राज्य है, यह महाराष्ट्र के उत्तर में उत्तर और पूर्व और दक्षिण में कर्नाटक से घिरा है, जबकि अरब सागर इसका पश्चिमी तट बनाता है। यह क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे छोटा और जनसंख्या के हिसाब से चौथा सबसे छोटा राज्य है।

**1826 :** उदंत मार्तंड (द राइजिंग सन) भारत में प्रकाशित होने वाला पहला हिंदी भाषा का समाचार पत्र था। 30 मई, 1826 को कलकत्ता (अब कोलकाता) से शुरू हुआ, साप्ताहिक समाचार पत्र, हर मंगलवार को पं। द्वारा प्रकाशित किया जाता था। जुगल किशोर शुक्ला।

### न्यूज बाइट्स

#### उच्चतम न्यायालय के लिए तीन न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नई दिल्ली (ए.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया, गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई और बॉम्बे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति न्यायमूर्ति ए एस चंदुरकर को पदोन्नत कर उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को अपने 'एक्स' पर एक पोस्ट कर तीनों न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित केंद्र सरकार की ओर से जारी अधिसूचना की जानकारी दी।

#### बेहतर शिक्षा देने वाले 61 शिक्षक सम्मानित

**पटना (नि.सं.)।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन की गुणवत्ता सुधारने और प्रखंड स्तर पर कार्यरत शिक्षकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'टीचर ऑफ द मंथ' योजना के तहत अप्रैल माह के लिए 61 शिक्षकों का चयन कर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है। यह पहल शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ के दिशा-निर्देश पर की गई है। विभाग ने पूरे राज्य में विभिन्न जिलों और प्रखंडों से शिक्षकों के कार्यों की समीक्षा कर यह सम्मान प्रदान किया है।

बिहार की दो दिवसीय यात्रा पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजधानी पटना पहुंचे

# पीएम ने पटना हवाईअड्डे के नए टर्मिनल का किया उद्घाटन



निज संवाददाता | पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पटना में जयप्रकाश नारायण हवाईअड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन और बिहटा हवाईअड्डे के नए सिविल एन्क्लेव का शिलान्यास किया।

श्री मोदी के गुरुवार को जयप्रकाश नारायण हवाईअड्डा पहुंचने पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और गिरिराज सिंह भी मौजूद थे।

पटना जिले के बिहटा में प्रस्तावित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा क्षेत्रफल के आधार पर राजधानी में स्थित मौजूदा जय प्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट से भी बड़ा होगा। बिहटा एयरपोर्ट का क्षेत्रफल 68000 वर्ग मीटर होगा, जबकि पटना एयरपोर्ट का लगभग 65000 वर्ग मीटर है।

बिहटा एयरपोर्ट शुरू होने के बाद व्यस्तम समय में एक साथ 3000 यात्री परिसर में रह सकेंगे। यहां मल्टी लेवल पार्किंग, सर्विस ब्लॉक जैसी सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं। बिहटा एयरपोर्ट पर नए सिविल एन्क्लेव का निर्माण होना है। इसका बजट 1413 करोड़ रुपये रखा गया है। नया सिविल एन्क्लेव विकसित होने के बाद सालाना 50 लाख यात्री यहां से सफर कर सकेंगे। यहां 10 विमानों को संचालित करने के लिए एप्रन डिजाइन किया गया है। इससे कई शहरों से सीधी संपर्कता बढ़ेगी।

#### 72 मिनट में 6 किमी लंबा रोड शो

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 6 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। चिलचिलाती धूप और 35 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच हजारों की संख्या में लोग हाथों में तिरंगा लिए सड़कों के किनारे खड़े होकर प्रधानमंत्री का स्वागत करते दिखे। पूरा रोड शो 72 मिनट तक चला, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रधानमंत्री का रोड शो पटना एयरपोर्ट के पास स्थित आरण्य भवन से शुरू होकर डुमरा चौकी, बेली रोड, आयकर गोलंबर होते हुए वीरचंद पटेल पथ स्थित भाजपा कार्यालय तक पहुंचा। इस दौरान हर चौराहे, मोड़ और रास्ते पर लोग पीएम के स्वागत में उमड़े। छतों से आरती और शंखनाद करते लोगों ने स्वागत को उत्सव में बदल दिया। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तीन हजार से अधिक जवानों की तैनाती की गई थी। साथ ही 32 स्थानों पर स्वागत मंच बनाए गए थे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन ने प्रधानमंत्री का जोरदार अभिनंदन किया। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच पीएम मोदी ने अपनी गाड़ी से ही हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया। पटना पहुंचते ही प्रधानमंत्री ने पटना एयरपोर्ट के नवनिर्मित टर्मिनल का उद्घाटन किया, जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है और यात्री संख्या को दोगुना करने में सक्षम है। इसके साथ ही पीएम ने बिहटा हवाईअड्डे का वर्चुअल शिलान्यास भी किया।

बिहटा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 64 चेक-इन काउंटर, 16 सेल्फ चेक-इन कियोस्क, 14 एक्स-बीआईएस मशीनें, 5-6 एयरोब्रिज, 6 बैगेज कन्वेयर बेल्ट बनाए जाएंगे। इससे यात्रियों को सभी तरह की आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। पटना हवाई अड्डा से बिहटा एयरपोर्ट की दूरी 35 किलोमीटर है। यानी कि पटना समेत आसपास के लोगों को आने वाले समय में दो हवाई अड्डों की सुविधा मिल जाएगी।

#### उड़ानों की क्षमता

नया टर्मिनल बनने के बाद अब पटना एयरपोर्ट से 75 से 80 फ्लाइट्स प्रतिदिन उड़ान भर सकेंगी। अभी के मुकाबले यह संख्या करीब दोगुनी है। नए एप्रन क्षेत्र में एक साथ 8 से 10 विमान खड़े हो सकते हैं, जिससे लैंडिंग और टेकऑफ की प्रक्रिया तेज़ और सुरक्षित होगी।

## शाहाबाद में ऐतिहासिक क्षण : बिक्रमगंज की धरती से आज प्रधानमंत्री देंगे 48500 करोड़ की सौगात, तैयारियां पूरी

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (रोहतास)

शाहाबाद की धरती शुक्रवार को ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनेगी, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और 48,500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। यह सभा सिर्फ एक राजनैतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बिहार के लिए विकास की एक नई इबारत लिखने की घड़ी होगी। प्रधानमंत्री का स्वागत भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रशासन और स्थानीय जनमानस ने कोई कसर नहीं छोड़ी है। बिक्रमगंज में 444 एकड़ में फैले भव्य और आकर्षक पंडाल तथा मंच पर होने वाले यह जनसभा, न सिर्फ रोहतास बल्कि पूरे शाहाबाद क्षेत्र – औरंगाबाद, भोजपुर और पटना जिले के हिस्सों को जोड़ते हुए पूरे दक्षिण बिहार की दिशा और दशा को प्रभावित करने वाली है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इस जनसभा में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद रहेंगे। तीनों शीर्ष नेता बिक्रमगंज की धरती से एक साथ विकास की कई परियोजनाओं की नींव रखेंगे और जनता को नई सौगातें देंगे। बताया गया है कि प्रधानमंत्री कुल 48,500 करोड़ की लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इनमें सड़क, रेलवे, ऊर्जा, सिंचाई, शहरी विकास और जलापूर्ति से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं, जिनका असर लाखों लोगों की जिंदगी पर पड़ेगा।

प्रधानमंत्री की आगवानी के लिए कोलकाता और पटना से विशेष रूप से फूल मंगवाए गए हैं। सभा स्थल के पास ही मालाकारों द्वारा फूलों की मालाएं बनाने का कार्य गुरुवार को अंतिम चरण में था। जैसे ही प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर सभा स्थल स्थित हेलीपैड पर उतरेगा, उन पर फूलों की वर्षा कर भव्य स्वागत किया जाएगा। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह चौकस है। 10 पुलिस अधीक्षक, 50 डीएसपी, 1000 से अधिक इंस्पेक्टर व सब-इंस्पेक्टर, 4000 बिहार पुलिस जवान, 1200 अन्य बल, 400 महिला सशस्त्र बल, और 5000 पुलिसकर्मी व डंडाधिकारी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए हैं। सभा स्थल और आसपास के पूरे क्षेत्र में 271 खुफिया एजेंसियां सतर्क हैं। 250 चेक प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। पंडाल व मंच पर 500 सीसीटीवी कैमरे तथा एंटी-ड्रोन कैमरे लगाए गए हैं। महिलाओं के लिए अलग बैठने की व्यवस्था की गई है।

प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल के लिए अलग-अलग सेफ हाउस बनाए गए हैं, ताकि किसी भी स्थिति में सुरक्षा और गोपनीयता बनी रहे। साथ ही, सभा स्थल पर एक अस्थायी थाना, 10 फायर ब्रिगेड वाहन और एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई है। शुक्रवार का दिन शाहाबाद वासियों के लिए गर्व का दिन होगा। प्रधानमंत्री के दीदार और उनकी बात सुनने के लिए जनसैलाब उमड़ने की पूरी संभावना है। राजनीतिक सीमाओं से परे यह सभा अब शाहाबाद के आम जनमानस के लिए विकास के पर्व की तरह बन गई है।

## चुनाव प्रक्रिया सुधार के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने लागू की 21 नई पहल

निज संवाददाता | पटना

भारत निर्वाचन आयोग ने पिछले 100 दिनों में चुनाव प्रक्रिया को और अधिक सरल, सुगम एवं दक्ष बनाने तथा मतदाता सुविधा को मजबूत करने के लिए 21 नई महत्वपूर्ण पहलों की शुरुआत की है। गुरुवार को चुनाव आयोग से मिली जानकारी के अनुसार, इन पहलों में चुनाव व्यवस्था में प्रक्रियागत सुधार, चुनाव कर्मियों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार और विभिन्न हितधारकों के साथ संवाद को व्यापक बनाने पर विशेष जोर दिया गया है। 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के बाद ये 100 दिन सक्रिय, व्यावहारिक और उद्देश्यपूर्ण प्रयासों से भरे रहे हैं। मार्च 2025 में आयोजित राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) के सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की मौजूदगी में इन पहलों का रूपरेखा प्रस्तुत किया गया था, जिससे चुनाव प्रणाली में सुधार के नए मार्ग प्रशस्त हुए हैं। चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए विवरण में बताया गया है कि इन 21 नई पहलों में विशेष रूप से मतदाता सेवा को बेहतर बनाने के लिए बूथों के पुनर्गठन का कार्य हुआ है। जहां पहले प्रत्येक मतदान बूथ पर लगभग 1500 मतदाता होते थे, वहां अब यह संख्या घटाकर लगभग 1200 मतदाताओं पर लाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, बहुमंजिली इमारतों और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त मतदान बूथ स्थापित किए जाएंगे ताकि मतदाता आसानी से अपने नजदीकी केंद्र पर मतदान कर सकें। मतदान केंद्रों की दूरी को भी दो किलोमीटर के दायरे में सीमित करने का निर्णय लिया गया है ताकि सभी मतदाताओं को मतदान स्थल तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही सभी मतदाता सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के लिए एक एकीकृत डिजिटल डैशबोर्ड विकसित किया जाएगा, जो सेवाओं को तेजी से और पारदर्शी तरीके से प्रदान करने में सहायक होगा।

## गांधी सेतु और बगल के नए पुल से भी जेपी गंगापथ जुड़ेगा

- मुख्यमंत्री ने जेपी गंगापथ पर चल रहे लैंडस्केपिंग, पौधरोपण और सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया और इसे बेहतर बनाने का निर्देश दिया।



निज संवाददाता | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महात्मा गांधी सेतु और उसके बगल में बनाए जाने वाले नए फोरलेन पुल से भी जेपी गंगापथ को जोड़ने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि इस पर अभियंता अध्ययन कर बेहतर ढंग से कार्य कराएं। मुख्यमंत्री गुरुवार को जेपी गंगापथ पर कराए जा रहे लैंड स्केपिंग, पौधरोपण एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पौधरोपण होने से यह क्षेत्र हरा-भरा दिखेगा। जेपी गंगापथ एक अद्भुत परियोजना है, जिसका सौंदर्यीकरण भी बेहतर ढंग से कराएं। इस पथ पर लोगों के लिए सड़क सुरक्षा और निर्बाध आवागमन दोनों जरूरी है। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री गायघाट पहुंचे।

गायघाट में जेपी गंगापथ से सटे नदी की ओर डाउन रैंप के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। वहां वाहनों के सुगम आवागमन तथा सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गायघाट में नदी की ओर डाउन रैंप का निर्माण किया जा रहा है। जेपी गंगा पथ परियोजना में अभी गायघाट में वाहनों के उतरने के लिए यूटर्न की व्यवस्था है। इस डाउन रैंप के निर्माण से यूटर्न की व्यवस्था खत्म हो जाएगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डाउन रैंप का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कराएं ताकि लोगों को गायघाट में जेपी गंगापथ से सीधा और सुरक्षित संपर्कता का लाभ मिले। इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप पुदुकल कट्टी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह आदि उपस्थित थे। कच्ची दरगाह बिदुपुर छह लेन पुल का भी निरीक्षण किया मुख्यमंत्री ने कच्ची दरगाह बिदुपुर छह लेन पुल का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जेपी गंगापथ परियोजना को दीदारगंज तक पूरा कर लिया गया है। जेपी गंगापथ की तरफ से आने-जाने वाले वाहनों को कच्ची दरगाह बिदुपुर छह लेन पुल से सीधी संपर्कता बहाल करने के लिए बचे हुए काम को तेजी से पूर्ण करें। सीएम ने कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन पुल के निर्माण कार्य पूर्ण होने से उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन और सुलभ होगा। पटना शहर में लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। इस पुल के निर्माण से पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार के विभिन्न जगहों पर आसानी के साथ आवागमन कर सकेंगे।

## खड़े ट्रक से टकराई ऑटो, एक ही परिवार के चार लोगों की मौत



निज संवाददाता | मोतिहारी (प.चं.)

मोतिहारी के डुमरिया घाट थाना क्षेत्र के एनएच-27 पर मेवात लाइन होटल के पास गुरुवार की सुबह शादी समारोह से लौट रही टेम्पू सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान लड़की के चाचा दीपक साह(30), लड़की के भाई यश राज(17), रितेश(15) और नितेश(10) के रूप में हुई हैं। मिली जानकारी के अनुसार दीपक साह, यश राज केसरिया थाना क्षेत्र के महम्मदपुर और रितेश और नितेश कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बाड़ा गांव के रहने वाले थे। ग्रामीणों ने बताया कि आसनारायण शाह की बेटी की शादी मोतिहारी के अवधेश चौक स्थित एक निजी होटल में हुई थी। विवाह के बाद वधू विदाई के समय परिवार के सदस्य टेम्पू में सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान मेवात लाइन होटल के पास खड़ी ट्रक से टेम्पू की टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई। जबकि अन्य घायलों को मोतिहारी सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान तीन और लोगों ने दम तोड़ दिया। तीन घायलों का इलाज जारी है। डुमरिया घाट थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## हड़ताली राजस्व कर्मियों को आज लौटने का अंतिम मौका

- देर से लौटने वालों की नियमित सेवा पर निर्णय भविष्य में लिया जाएगा।
- इस अवधि में लौटने वालों को हड़ताल अवधि के लिए उपार्जित अवकाश की स्वीकृति दी जाएगी।

निज संवाददाता | पटना

बिहार में लंबे समय से हड़ताल पर चल रहे राजस्व कर्मचारियों के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए आज शाम 5:00 बजे की डेडलाइन तय कर दी है। विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि जो भी कर्मचारी इस तिथि तक अपनी हड़ताल समाप्त कर अपने पदस्थापन स्थल पर योगदान देंगे, उन्हें न केवल हड़ताल की अवधि के लिए उपार्जित अवकाश स्वीकृत किया जाएगा, बल्कि उनकी सेवा भी नियमित मानी जाएगी। लेकिन तय समय के बाद लौटने वाले कर्मचारियों को अब 'नो वर्क, नो पे' की नीति झेलनी होगी।

विभागीय सचिव जय सिंह द्वारा सभी जिलों के जिलाधिकारियों (डीएम) को पत्र लिखकर यह सख्त निर्देश जारी किया गया है। सचिव ने कहा है कि यह अंतिम अवसर है, इसके बाद लौटने वाले कर्मियों की सेवा नियमित करने पर सरकार अलग से विचार करेगी और उनका वेतन बिना काम के वेतन नहीं सिद्धांत पर काटा जाएगा।

गौरतलब है कि 21 मई 2025 को विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सोशल मीडिया और समाचारपत्रों के माध्यम से हड़ताली कर्मचारियों से तीन दिनों के भीतर कार्य पर लौटने की अपील की थी। इस अपील के बाद कई जिलों से रिपोर्ट प्राप्त हुई कि अनेक राजस्व कर्मचारी अपनी हड़ताल समाप्त कर चुके हैं और कार्य पर लौट चुके हैं।

लेकिन अब भी कई कर्मचारी हड़ताल पर बने हुए हैं, जिनके लिए सरकार ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि वे 30 मई शाम 5 बजे तक योगदान नहीं करते हैं, तो अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं, यदि हड़ताली कर्मी विभाग द्वारा दिए गए लैपटॉप और अन्य सरकारी संसाधन अपने कार्यालय में समय पर नहीं लौटाते हैं, तो उनके विरुद्ध लोक मांग वसूली अधिनियम (पीडीआर एक्ट) के तहत भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सचिव जय सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्यवाहियों की रिपोर्ट जल्द से जल्द विभाग को भेजें, ताकि अनुशासनात्मक प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके। सरकार का यह निर्णय साफ संकेत देता है कि अब हड़ताल बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य में लौटने वालों को ही भविष्य में लाभ मिलेगा। वहीं देर करने वालों के लिए कठोर कदम और वेतन कटौती तय मानी जा रही है।

## नैनो उर्वरकों की बिक्री में 47 प्रतिशत की वृद्धि : इफको

**नयी दिल्ली(ए.)।** देश की प्रमुख सहकारी संस्था इफको (इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में शानदार कामयाबी हासिल करते हुए 3,811 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया है। इसके साथ ही नैनो उर्वरकों की बिक्री में भी संस्था ने 47 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि दर्ज की है। इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी ने गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह उपलब्धि न केवल इफको के लिए, बल्कि पूरे सहकारी क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि संस्था के यह आंकड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के सपने को साकार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इफको ने लगातार तीन वर्षों तक 3000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ दर्ज किया है, जो अपने आप में एक मिसाल है।


## आईआरसीटीसी घोटाले में 23 जुलाई को फैसला

निज संवाददाता | पटना

आईआरसीटीसी होटल घोटाले में 23 जुलाई को कोर्ट अपना फैसला सुनाएगी। गुरुवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा है। सीबीआई के एडिशनल डायरेक्टर, राकेश अस्थाना ने बताया था-लालू यादव रेल मंत्री थे, तब रेलवे के पुरी और रांची स्थित बीएनआर होटल को आईआरसीटीसी को ट्रांसफर किया था। इन्हें रख-रखाव और इम्प्रूव करने के लिए लीज पर देने की प्लानिंग थी।

इसके लिए टेंडर विनय कोचर की कंपनी मेसर्स सुजाता होटल्स को दिए गए। टेंडर प्रॉसेस में हेर-फेर किया गया था। टेंडर की यह प्रॉसेस आईआरसीटीसी के उस वक्त के एमडी पीके गोयल ने पूरी की।

17 जुलाई 2017 को सीबीआई ने लालू समेत 5 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इस सिलसिले में उनके 12 ठिकानों पर



छापेमारी की गई थी। इन धाराओं में तेजस्वी के लिए आगे काफी मुश्किल खड़ी हो सकती है। ट्रायल के दौरान अगर सीबीआई पर्याप्त सबूत और गवाह प्रस्तुत कर देती है तो आरोपी को 7 साल तक की सजा हो सकती है। फिलहाल 2019 से वे इस मामले में जमानत पर चल रहे हैं। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने उन्हें और राबड़ी देवी को जमानत दे दी थी। सीबीआई के अनुसार, रेल मंत्री रहते लालू प्रसाद ने 2005-06 में कोचर बंधुओं को आईआरसीटीसी के 2 होटल (रांची, पुरी) लीज पर दिलाए। इसके बदले पटना में 3 एकड़ जमीन ली।

#### लैंड फॉर जॉब में एफआईआर रद्द करने की मांग

राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कथित नौकरी के बदले जमीन घोटाला (लैंड फॉर जॉब केस) में दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। लालू की ओर से सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर और चार्जशीट को रद्द करने की मांग करते हुए हाई कोर्ट में याचिका लगाई गई है। कांग्रेस नेता एवं वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल दिल्ली हाई कोर्ट में लालू यादव का पक्ष रखेंगे। उन्होंने तर्क दिया कि सीबीआई ने बिना आवश्यक मंजूरी प्राप्त किए ही पूर्व रेल मंत्री के खिलाफ जांच चलाई, जो कि गलत है। लालू यादव के वकील कपिल सिब्बल ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट के नियम के अनुसार बिना मंजूरी के कोई भी जांच शुरू नहीं की जा सकती है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का ने कहा

## स्वदेशी लड़ाकू विमान से आत्मनिर्भर भारत को मिलेगी नई ऊंचाई

एजेंसी | नयी दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राजधानी दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में संबोधन के दौरान देश के आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र को नई दिशा देने वाला ऐलान किया। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा विकसित किया जा रहा पांचवीं पीढ़ी का स्वदेशी लड़ाकू विमान देश के एयरोस्पेस सेक्टर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा और यह 'मेक इन इंडिया' अभियान की



सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक होगा। राजनाथ सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) कार्यक्रम भारत के लिए एक निर्णायक और साहसिक कदम है, जिसके तहत पांच प्रोटोटाइप विमानों को विकसित करने की योजना है। यह परियोजना निजी क्षेत्र को पहली बार सार्वजनिक रक्षा परियोजनाओं के साथ मिलकर काम करने का अवसर देगी। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ स्वदेशी क्षमताएं मजबूत होंगी बल्कि भारत रक्षा तकनीक का उत्पादक और निर्यातक भी बन जाएगा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि मेक-इन-इंडिया अब केवल एक योजना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का आधार बन गया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब भारतीय सेना ने आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया, तब भारत की स्वदेशी प्रणालियों की शक्ति सामने आई। यदि हमारे पास अपनी तकनीक नहीं होती, तो पाकिस्तान और पीओके में आतंकवाद के खिलाफ इतनी प्रभावशाली कार्रवाई नहीं हो पाती।" राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को भी चेतावनी भरे लहजे में कहा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अब अपनी रणनीति और प्रतिक्रिया को पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने कहा कि अब भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत केवल आतंकवाद और पीओके के मुद्दे पर ही हो सकती है। उन्होंने दो टूक कहा कि "पीओके भारत का हिस्सा है और वहां के लोग स्वेच्छा से भारत में लौट आएंगे। वे केवल गुमराह किए गए हैं, लेकिन उनका दिल भारत के साथ है।" रक्षा मंत्री ने बीते दशक की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि देश का रक्षा उत्पादन 43 हजार करोड़ से बढ़कर 1.46 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जिसमें 32 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का योगदान निजी क्षेत्र का है।

## पहले चरण में 2165 पंचायत सरकार भवनों का हो रहा है निर्माण

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के ग्रामीण विकास को गति देने के लिए भवन निर्माण विभाग की ओर से राज्यभर में पहले चरण में 2165 पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य चल रहा है। भवन निर्माण विभाग ने गुरूवार को यहां बताया कि समस्तीपुर में छह, सुपौल में पांच, भोजपुर में पांच और सहरसा में तीन सहित कुल 26 भवनों का सिविल वर्क पूर्ण हो चुका है और इनका फिनिशिंग कार्य अंतिम चरण में है।

## 31 मई और एक जून को होगी डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा

निज संवाददाता | पटना

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 31 मई एवं एक जून को होगी। डीसीईसीई (पीई) की परीक्षा 31 मई शनिवार को एक पाली में सुबह 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक एवं डीसीईसीई (पीएम) की परीक्षा एक जून रविवार को प्रथम पाली में सुबह 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक जिला मुख्यालय के 23 परीक्षा केंद्रों पर होगी। द्वितीय पाली दोपहर दो बजे से शाम 4:15 बजे तक डीसीईसीई (पीएमएम) की परीक्षा जिला मुख्यालय के 15 केंद्रों पर होगी। इसको लेकर अपर जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार दास ने समाहरणालय के बाबा साहब भीमराम आंबेडकर सभागार में केंद्राधीक्षकों की ब्रीफिंग की। परीक्षा संचालन के संबंध में पर्षद से निर्गत निदेशिका एवं प्राप्त गोपनीय सामग्री सभी परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक को उपलब्ध करा दी गई। परीक्षा केंद्र पर केंद्राधीक्षक, वीक्षक सहित अन्य कर्मी सुबह सात बजे तक उपस्थित रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब पार्टी की सूचना पर बीडीओ के सरकारी आवास पर छापेमारी

**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड बीडीओ राजू कुमार के सरकारी आवास पर बुधवार को पुलिस ने छापेमारी की। सूचना मिली थी कि वहां शराब पार्टी चल रही है। गया एसपी आनंद कुमार के निर्देश पर डुमरिया थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार की टीम ने कार्रवाई की। छापेमारी की पूरी वीडियोग्राफी कराई गई। लेकिन पुलिस को वहां से कुछ नहीं मिला। न शराब मिली, न कोई आपत्तिजनक गतिविधि। छापेमारी के वक्त बीडीओ राजू कुमार मौके पर नहीं थे। वे बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन के निजी कार्यक्रम में शामिल थे। वहां वे आयुष्मान कार्ड योजना की समीक्षा कर रहे थे। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। दावा किया गया कि यह बीडीओ के सरकारी आवास का है। वीडियो में एक फ्रिज में दो केन बियर की बोतलें रखी दिख रही हैं। साथ में नारियल और अन्य सामान भी नजर आ रहे हैं। वीडियो में कोई व्यक्ति नहीं दिख रहा है। यह कहां का है, कब का है, यह स्पष्ट नहीं है। इसकी जांच की जा रही है। लोगों का कहना है कि बीडीओ के साथ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नितेश कुमार भी उसी आवास में रहते हैं। चर्चा है कि बुधवार को बीडीओ और एमओ अपने कर्मियों के साथ पार्टी की योजना बना रहे थे। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि दैनिक भास्कर नहीं करता। इधर इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि सूचना भ्रामक निकली। बीडीओ के सरकारी आवास से कुछ भी बरामद नहीं हुआ। छापेमारी के दौरान दर्जनों लोग प्रखंड कार्यालय के बाहर जमा हो गए थे। विरोधियों की साजिश : बीडीओ प्रखंड बीडीओ राजू कुमार ने कहा कि यह विरोधियों की साजिश है। मेरी छवि खराब करने के लिए झूठी सूचना देकर छापेमारी करवाई गई। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक लोग योजनाओं में गड़बड़ी करना चाहते हैं। जब हमने इसका विरोध किया तो हमें फंसाने की कोशिश की गई।

### नपं बोर्ड ने पारित किया राजगीर का नाम राजगृह करने का प्रस्ताव, राज्य सरकार को भेजा जाएगा

**राजगीर।** नगर परिषद राजगीर के सामान्य बोर्ड की बुधवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से राजगीर का नाम राजगृह करने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। अब इसे राज्य सरकार को भेजा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष जीरो देवी ने की। बैठक में सांसद कौशलेंद्र कुमार भी शामिल थे। कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि नगर परिषद के सामान्य बोर्ड की बैठक में नगर परिषद क्षेत्र में विकास को लेकर चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार ने राजगीर का नाम राजगृह करने का प्रस्ताव रखा। जिसपर बोर्ड के सभी सदस्यों ने सहमति दे दी।

**राज्य सरकार लेगी अंतिम निर्णयः** अब इस प्रस्ताव को राज्य सरकार को भेजा जाएगा। कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि इस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय राज्य सरकार ही लेगी। सरकार को प्रस्ताव के माध्यम से सदस्यों की भावनाओं से अवगत करा दिया जाएगा। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत स्ट्रीट लाइट, विद्युत शवदाह गृह का निर्माण सहित विकास से सम्बन्धित और भी कई निर्णय लिए गए। साथ ही विगत सशक्त स्थाई समिति की बैठक की संपुष्टि पर विचार विमर्श, आपका शहर आपकी बात कार्यक्रम के अंतर्गत ली गई योजनाओं का प्राथमिकता तय करते हुए योजनाओं की स्वीकृति के संबंध में विचार विमर्श तथा आगामी मानसून को देखते हुए संबंधित अत्यंत आवश्यक योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति एवं भुगतान की स्वीकृति के संबंध में विचार विमर्श किया । कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि बोर्ड की बैठक में ली गई योजनाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जाएगा।

### 10वीं और 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**राजगीर**| ऑल सेंट्स स्कूल नेपुरा में सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले कुल 18 छात्रों को सम्मानित किया गया। स्कूल के निदेशक डा. राजेश नंदन और प्राचार्या मीनाक्षी ने सभी को सम्मानित किया। कक्षा 10वीं में सत्यम कुमार ने 96 प्रतिशत, अंकित कुमार ने 94.6 प्रतिशत और पियूष कुमार ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। 12वीं में सम्पूर्ण दीपक ने 91 प्रतिशत, दिव्या भारती ने 85.6 प्रतिशत और काजल कुमारी ने 81 प्रतिशत अंक हासिल किया है। स्कूल के निदेशक ने कहा कि यह केवल अंकों की उपलब्धि नहीं है, बल्कि निरंतर प्रयास, समर्पण और अनुशासन का फल है। हम अपने विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक रूप से बल्कि नैतिक रूप से भी मजबूत बनाना चाहते हैं। प्राचार्या ने कहा कि यह सफलता आने वाले समय में और भी ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा है। स्कूल का हर शिक्षक गर्व महसूस कर रहा है। 95 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 5000 का चेक विद्यालय के डायरेक्टर द्वारा भेंट किया गया।

### इंग्लैंड-ताइवान मेड पिस्टल समेत हथियार व कारतूसों का जखीरा बरामद, 1 गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** पुलिस टीम ने नगर थाना क्षेत्र के बैगनाबाद में बुधवार को पूर्व वार्ड पार्षद पति व उसके दो भाइयों के घर में आठ घंटे छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पूर्व वार्ड पार्षद पति बाबर मलिक के भाई के घर से इंग्लैंड-ताइवान मेड पिस्टल समेत हथियार और कारतूसों का जखीरा बरामद हुआ। पूरी कार्रवाई एसपी भारत सोनी की अगुवाई में हुई। हालांकि छापेमारी की भनक पाकर घर का मालिक मौके पर से भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस इलाके की घेराबंदी किए थी। उसे फरार होने का मौका नहीं मिला। सुरक्षा बलों ने खदेड़कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश स्व. हसीबुर्रहमान का पुत्र अखलाखुर रहमान उर्फ अकबर मलिक है। उसके दो भाइयों के घर से हथियार बरामद नहीं हुआ। पुलिस दोनों भाइयों के संलिप्तता की जांच कर रही है। पुलिस ने बाहर से हथियार मंगाने की सूचना पर रेड की। किस मंशा से हथियार लाया गया था। इसका खुलासा नहीं हो सका है। गिरफ्तार बदमाश पर नालंदा के अलावा दूसरे जिला में भी केस दर्ज है। मौके से कुल 990 कारतूस बरामद हुआ। इसके अलावा भारी मात्रा में विस्फोटक भी मिला। अंतरराज्यीय कनेक्शन खंगाल रही पुलिस एसपी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बैगनाबाद में भारी मात्रा में हथियार लाया गया है। सूचना के सत्यापन के बाद सदर डीएसपी के नेतृत्व में टीम गठित कर तीनों भाइयों के घर पर आठ घंटे छापेमारी की गई। अकबर मलिक के घर से भारी मात्रा में हथियार व कारतूस बरामद हुआ। जिसमें दो विदेशी हथियार भी शामिल है। छापेमारी के दौरान अकबर मलिक फरार होने का प्रयास कर रहा था। जिसे खदेड़कर पकड़ा गया। छापेमारी टीम के अधिकारी डीएसपी नूरुल हक, पुलिस निरीक्षक बिहार अंचल, युगेशचंद्रा, नगर थानाध्यक्ष सम्राट दीपक, लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत रजक, सोहसराय थानाध्यक्ष राजमणि, नगर थाना की दारोगा आभा कुमार, पवन कुमार, रिजवान अहमद खान, गुलाम मुस्तफा, जमादार राकेश कुमार सिंह, क्यूआरटी व तीनों शहरी थाना के सुरक्षा कर्मी। बदमाश का आपराधिक इतिहास बिहार थाना कांड सं0 10/23, दिनांक 03.01.23, धारा 341, 323, 504, 506, 34 भा०द०वि०, बिहार थाना कांड सं0 910/220, बिहार थाना कांड सं0 480/19, बिहार थाना कांड सं0 291/17, बिहार थाना कांड सं0 165/12, बिहार थाना कांड सं0 1037/22, बिहार थाना कांड सं0 69/24, बिहार थाना कांड सं0 334/24, लहेरी थाना कांड सं0 639/23, पटना जिला बिहटा थाना कांड सं0 229/25 जब्त होगी संपत्ति बदमाश किस मंशा से हथियार लाया था। इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद अवैध कार्यों से अर्जित संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

### कोचिंग शिक्षक ने छात्र को लाठी से पीटा, वायरल

**बिहारशरीफ** | धनेश्वर घाट स्थित एक कोचिंग सेंटर में मंगलवार को शिक्षक ने लाठी से एक छात्र को बुरी तरह पीटा। पिटाई से छात्र जख्मी हो गया। परिजन सोहसराय निवासी जख्मी छात्र को इलाज के लिए मॉडल अस्पताल लाएं। किसी छात्र ने पिटाई का मोबाइल में वीडियो बना लिया। जिसे वायरल कर दिया गया। वीडियो हैरान करने वाला है। वीडियो में शिक्षक दोनों हाथों से छात्र पर बहुत ही बेरहमी से लाठियां बरसा रहा है। साथ ही गाली भी दे रहा है। जख्मी ने बताया कि बेंच पर बैठने के विवाद में शिक्षक ने बेरहमी से पीटा।

# कबाड़ दुकान में आग, पड़ोसी को 50 लाख का नुकसान

निज संवाददाता। गया

गयाजी शहर के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बुधवार की देर रात एक कबाड़ की दुकान में भीषण आग लग गई। कबाड़ की दुकान में लगी आग की लपटों ने पड़ोस के दो फ्लोर के मकान को भी अपनी चपेट में ले लिया। मकान मालिक ने बताया कि घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। पीने को पानी भी नहीं बचा है। मैंने और बच्चों ने जो कपड़े पहने हैं, सिर्फ वही बचा हुआ है। मकान मालिक ने बताया कि आग से हम लोगों को करीब 50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। पीड़ित मकान मालिक की पहचान गुलाब बाग मोहल्ले के रहने वाले दुबे पैथोलैब के मालिक ललन दुबे के रूप में हुई है। ललन दुबे के मुताबिक, रात करीब 12 बजे कबाड़ की दुकान में आग लगी। इसका एहसास तब हुआ जब एक बजे उनके घर का एसी जोरदार धमाके के साथ फट गया। आवाज सुनकर उनकी नींद खुली तो देखा कि आग कबाड़ दुकान से फैलकर उनके घर को अपनी चपेट में ले चुकी थी। आनन-फानन में परिवार के सभी सदस्यों को बाहर निकाला गया। गैस सिलेंडर भी



सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन तब तक आग पूरे घर में फैल चुकी थी।

**ज्वेलरी, कपड़े, फर्नीचर, अनाज सबकुछ जलकर राखः** ललन दुबे ने बताया कि घर में खाने पीने के सामान के साथ-साथ चार एसी, सोना-चांदी के गहने, महंगे कपड़े, फर्नीचर, पानी की टंकी, खिड़कियां, बेड, पंखे, वायरिंग, कूलर, दरवाजे सब कुछ जलकर राख हो गया। आग इतनी भयावह थी कि कुछ भी नहीं बचा।

**चार दमकल की गाड़ियों, 24 दमकल कर्मियों ने पाया काबूः** उन्होंने बताया कि आग की सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को दी गई, लेकिन करीब एक घंटे के बाद फायर ब्रिगेड की टीम रात दो बजे मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड के अधिकारी संजय सिंह के मुताबिक, चार दमकल की गाड़ियों और 24 फायर कर्मियों की मदद से आग पर तीन बजे तक काबू पाया गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की टीम लौट गई। बताया जा रहा है कि फायर ब्रिगेड की टीम के लौटने के कुछ देर बाद दोबारा आग भड़क गई। इसके बाद दोबारा फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। जेसीबी की मदद से आग के मलबे को खोदकर पानी डालकर आग पर पूरी तरह से काबू पाने के लिए गुरुवार दोपहर करीब 12 से एक बजे तक पानी का छिड़काव किया गया।

**सर्कल अफसर बोले- रिहायशी इलाके में कबाड़ की दुकान, जांच का विषयः** इधर, आग लगने की सूचना के बाद गुरुवार सुबह मौके पर पहुंचे सर्कल अफसर सुबोध कुमार ने बताया कि आग कबाड़ की दुकान में लगी थी, लेकिन नुकसान बगल वाले मकान को हुआ है। शुरुआती तौर पर नुकसान बहुत बड़ा लग रहा है। उन्होंने कहा कि आवासीय इलाके में कबाड़ की दुकान का संचालन जांच का विषय है।

## गया में साइबर ठग गिरफ्तार



निज संवाददाता। गया

गया के आमस थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। एटीएम से अवैध निकासी की कोशिश कर रहा था। 12,780 कैश, 11 एटीएम कार्ड, 2 मोबाइल, फेवीक्विक, ब्लेड, फाइबर पट्टी बरामद हुआ है। ठग की पहचान झारखंड के धनबाद जिला निवासी अंजन कुमार चौहान के तौर पर हुई है। पूछताछ में ठग ने बताया, 'एक साथी के साथ मिलकर एटीएम पर फर्जी हेल्पलाइन नंबर चिपकाता था। निकासी स्थान पर फाइबर स्टिक लगाकर लोगों को ठगता था। गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

**पीड़ित को 50 हजार रुपए लौटायाः** एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि इसके अलावा 24 मार्च को साइबर ठगी के शिकार हुए मनोज कुमार को 50 हजार रुपए लौटाया गया है। साइबर थाना ने तकनीकी जांच और साइबर पोर्टल की मदद से पैसा रिकवर कर खाता में डलवाया है।

**मानपुर में दो जगह चली गोलियांः** बुधवार देर रात मानपुर में अपराधियों ने दो जगहों पर फायरिंग कर दहशत फैला दी। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव की है। पुराने विवाद को लेकर सिंटू देवी के घर पर ताबड़तोड़ फायरिंग हुई है। दूसरी घटना बुनियादगंज के पंडा बिगहा गांव की है। संपत्ति विवाद में कंपाउंडर सतेंद्र यादव के घर पर चार राउंड फायरिंग हुई है। पीड़ित ने बताया कि संपत्ति हड़पने के लिए जबरन एग्रीमेंट करने का दबाव बनाया जा रहा है।

## छात्र की पिटाई के विरोध में ए बी वी पी ने निकाला मार्च



निज संवाददाता। नालंदा

बिहारशरीफ शहर के धनेश्वर घाट मोहल्ले में गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) ने मार्च निकाला है। एक निजी कोचिंग संस्थान में शिक्षक ने छात्र के साथ बेरहमी से मारपीट की थी। इन्होंने गाली-गलौज के विरोध में प्रदर्शन किया। परिषद के कार्यकर्ताओं ने दोषी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि निजी कोचिंग संस्थान में शिक्षक निर्मल कुमार ने छात्र सनी कुमार को क्लासरूम में सबके सामने डंडे से पीटा और गालियां दीं। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें स्पष्ट देखा जा सकता है कि शिक्षक छात्र को न केवल पीट रहा है, बल्कि अपमानजनक भाषा का भी इस्तेमाल कर रहा है। घटना के समय कक्षा में 300 से अधिक छात्र मौजूद थे।

**शिक्षक की आड़ में छात्रों का शोषणः** ABVP नालंदा के जिला संयोजक प्रतीक राज ने कहा कि हमारे डेलिगेशन ने पीड़ित छात्र के घर जाकर उसकी हालत देखी है। बच्चा अभी चल-फिर भी नहीं पा रहा है। इस घटना ने साबित कर दिया है कि कुछ लोग शिक्षक की आड़ में छात्रों का मानसिक और शारीरिक शोषण कर रहे हैं। उन्होंने इसे शिक्षा क्षेत्र के लिए 'धब्बा' बताया और ऐसे शिक्षकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की।

# गया जिले में सरपंच-पुलिसकर्मी के बीच मारपीट, 12 लोगों के खिलाफ एफ आई आर

निज संवाददाता। गया

गयाजी में बीते मंगलवार की सुबह सरपंच और पुलिस वालों के बीच मारपीट हुई थी। इस घटना में बुधवार को मुफस्सिल पुलिस ने एसआई अशोक कुमार के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया। सरपंच के अलावा 12 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हाथापाई का एक वीडियो भी सामने आया है। एसआई का आरोप है कि वे बालू माफिया को सूचना देने वालों की तलाश में मंझोली गए थे। मंझोली के पास एक व्यक्ति से नाम पता पूछे जाने पर वह भड़क गया। मोबाइल देने और उसका लॉक खोलने से मना कर दिया। इस बात को लेकर कहासुनी होने लगी। सरपंच दीपू यादव के आदमी व गांव के अन्य लोग जुट गए। मौके पर मारपीट की स्थिति हो गई। हमारे पुलिस कर्मियों को मारपीट के दौरान चोट भी आई है। एसआई का कहना है कि सुरक्षा के ख्याल से हमने होलेस्टर से अपनी रिवाल्वर बाहर निकाल लिया, तो हमला करने वाले लोग भाग गए।

**जबरन गाड़ी में बैठाने लगे पुलिसकर्मीः** सरपंच ने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते लोगों से मिलने के लिए सुबह शाम अपने ऑफिस के बाहर बैठते हैं। यहीं क्षेत्र के लोग अपनी अपनी समस्या लेकर आते हैं। मंगलवार की सुबह करीब



आठ बजे पुलिस की गाड़ी आई। उसमें से कुछ पुलिस वाले उतरे और हमें पकड़ कर जबरन गाड़ी में बैठाने लगे। जब हमने पूछा कि क्या बात हो गई, तो उन्होंने कहा कि बालू माफिया को तुम लोग पुलिस के आने की सूचना देते हो। इस पर हमने कहा कि हम बालू माफिया नहीं हैं। हम सरपंच हैं। बालू से न तो हमारा कोई नाता था और न है। लेकिन वे नहीं माने। मौके पर मौजूद लोग भी हमारे पक्ष में बात रखने लगे। इसी बीच कहासुनी होने लगी। गांव के लोग भी जुट गए। सभी ने कहा कि यदि सरपंच बालू माफिया है तो उसका क्या प्रमाण है। इस बात लो लेकर काफी कहासुनी होने लगी। एसआई जबरन हमें गाड़ी में बिठाने लगे। हमने व हमारे साथियों ने इसका विरोध किया। हमारे तरफ से कोई मारपीट की घटना नहीं हुई है।

**बालू के कारोबार से दूर-दूर तक नाता नहींः** बालू के कारोबार से मेरा दूर-दूर तक नाता नहीं है। पुलिस प्रशासन एसआई के लगाए गए आरोप को तथ्य के साथ साबित कर देती है, तो हम उसकी हर एक सजा भुगतने को तैयार हैं। यदि जांच में हम दोषी नहीं पाए जाते हैं, तो तत्काल एसआई, अन्य पुलिस कर्मी और बिना वर्दी के आये चालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। यदि ऐसा नहीं हुआ तो हम मुफस्सिल पुलिस के खिलाफ बड़े अधिकारियों के पास जाएंगे। इससे भी बात नही बनी तो हम और हमारे क्षेत्र के लोग आंदोलन का सहारा लेंगे। दिनेश यादव ने कहा कि घटना होने से 15 मिनट पहले सरपंच के पास पहुंचे थे। पुलिस जबरन सरपंच को उठा कर ले जाना चाह रही थी। सरपंच जनप्रतिनिधि है। उसे तो थाने में बुलाकर पूछताछ करना चाहिए था। न कि सरेराह जबरन कॉलर में हाथ लगा कर गाड़ी में बिठाने की कोशिश की जानी चाहिए थी।

**वीडियो बनाने पर भड़के पुलिसकर्मीः** घटना के समय मौजूद गोमल यादव का कहना है कि हमलोगों के सामने से एक पुलिस की गाड़ी गुजरी। कुछ दूर जाने के बाद वह वापस आने लगी। इस पर हमने सरपंच दीपू यादव से कहा कि वे लोग वीडियो बनाते हुए यहां आ रहे हैं।

# मत्स्य पालकों को 2 करोड़ रुपए तक की सब्सिडी

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत नालंदा के मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर खुला है। जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ने सूचना जारी की है। स्वयं सहायता समूह (SHGs), छोटे उद्यमी, सहकारी समितियां और मत्स्य किसान संगठन को अनुदान को फायदा मिलेगा। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना (PM-MKSSY) के तहत अनुदान ले सकते हैं। लाभार्थी अपने निवेश का 35 प्रतिशत या अधिकतम 2 करोड़ रुपए तक का प्रदर्शन अनुदान ले सकते हैं। यह अनुदान राशि मत्स्य उत्पादन, प्रोसेसिंग और गुणवत्ता सुधार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दी रही है, जिससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, बल्कि मत्स्य पालकों की आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा।

**प्रोत्साहन के रूप में 100 रुपए की मिलेगी राशिः** राष्ट्रीय मत्स्य विकास पोर्टल (NFDP) पर स्वयं पंजीकरण करने वाले लाभार्थियों को प्रोत्साहन के रूप में 100 रुपए की राशि दी जा रही है। यह पहल डिजिटल इंडिया मिशन के तहत मत्स्य क्षेत्र के डिजिटलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण



कदम है। NFDP पोर्टल (nfdp.dof.gov.in) पर पंजीकरण की प्रक्रिया आसान है। इसके लिए सिर्फ तीन मुख्य दस्तावेजों की आवश्यकता है। ये आधार नंबर, आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर और बैंक खाता विवरण है। यह सुविधा मत्स्य पालकों को घर बैठे ही पंजीकरण करने की सुविधा देती है। योजना का फायदा पारंपरिक मछुआरों को मिलेगा। इसके साथ ही मत्स्य पालक किसान, मछली विक्रेता, सूक्ष्म और लघु स्तर पर चलने वाले मत्स्य उद्यम, मत्स्य सहकारी समितियां, और मत्स्य पालन से जुड़ी निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां भी इसका फायदा उठा सकती हैं। NFDP के जरिए मछली पालकों और उनकी सहकारी समितियों को प्रशिक्षण,

◆ **नालंदा में व्यवसाय को मिलेगी नई दिशा, 35% तक अनुदान, घर बैठे करें अप्लाई**

वित्तीय जानकारी और योजना निर्माण में भी मदद देती है। पोर्टल पर पंजीकरण के बाद मछुआरे अपनी डिजिटल पहचान ले सकते हैं, जो विभिन्न सरकारी योजनाओं का फायदा उठाने के लिए आवश्यक है। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के अंतर्गत NFDP के माध्यम से मछुआरों, मत्स्य पालकों और सहायक श्रमिकों का स्व-पंजीकरण होता है। इसके जरिए असंगठित क्षेत्र को व्यवस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है। यह पहल मत्स्य क्षेत्र में कार्यरत लाखों लोगों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन ने सभी इच्छुक लाभार्थियों से अपील की है कि वे जल्द NFDP पोर्टल पर पंजीकरण कराएं और इस सुनहरे अवसर का फायदा उठाएं। मत्स्य पालक nfdp.dof.gov.in पर लॉग इन कर जानकारी ले सकते हैं।

## खुद को किंग कहलवाना पसंद करता था हथियार तस्कर

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में हथियार के जखीरा के साथ पकड़ा गया अकबर मलिक पेशेवर अपराधी है। अकबर करीब 15 साल पहले मुंबई गया था। वहां वो कुर्ला वेस्ट में रहता था और मलाड में अपना ऑफिस खोला था। अकबर ने जो ऑफिस खोला था, उसमें फर्जी प्रमाण पत्र से लेकर फर्जी ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य कागजात तैयार करता था। इसके अलावा, वो फर्जी तरीके से लोगों को विदेश भी भेजता था। जब इन मामलों की जानकारी मलाड पुलिस को हुई, तो उसके खिलाफ साल 2012 में मलाड थाना में केस भी दर्ज किया गया, लेकिन गिरफ्तारी से पहले ही अकबर भागकर बिहार शरीफ आ गया था। अकबर तीन भाईयों में सबसे छोटा है। उससे बड़ा पूर्व वार्ड पार्षद बाबर मलिक और सबसे बड़ा मिजाज अहमद है। बाबर और उसकी पत्नी वार्ड संख्या 29 से वार्ड पार्षद रह चुके हैं। नालंदा में अकबर के खिलाफ सबसे पहला मामला 2012 में ही दर्ज किया गया था। बिहार थाना में उसके खिलाफ 8, लहेरी में एक और पटना जिला के बिहटा थाना में एक मुकदमा दर्ज है।

**खुद को किंग कहलवाना पसंद करता था अकबरः** अकबर पर आर्म्स एक्ट, दंगा, रंगदारी, ठगी समेत कई गंभीर आरोप हैं। स्थानीय लोगों की मानें तो वो खुद को किंग कहलवाना पसंद करता था। अकबर के पड़ोसियों ने नाम न छापने की रिक्वेस्ट पर बताया कि अगर कोई उसकी बात नहीं मानता था, तो वो ऐसे लोगों को डराने के लिए उन पर फायरिंग करवाता था, मारपीट भी करता था। स्थानीय लोगों ने ही बताया कि अकबर के हथियार तस्करी में शामिल होने की चर्चा बहुत दिनों से थी। हथियारों की तस्करों के लिए वो छोटे-छोटे लड़कों का इस्तेमाल करता था।

**30 मार्च को रंगदारी नहीं**



अकबर मलिक

**देने पर कारोबारी पर की थी फायरिंगः** पटना जिला के बिहटा थाना में अकबर के खिलाफ इसी साल 30 मार्च को एफआईआर की गयी थी। FIR के मुताबिक, अकबर ने अपने पड़ोसी से रंगदारी की मांग की थी। नहीं देने पर अकबर ने अत्याधुनिक हथियारों से उस पर जानलेवा हमला करते हुए फायरिंग की थी। पीड़ित ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई थी। दैनिक भास्कर से बातचीत में पीड़ित ने बताया कि मैं दिल्ली में कारोबार करता हूं। पहले उसने फोन पर रंगदारी मांगी, नहीं देने पर जब मैं मार्च में घर लौट रहा था, तब उसने किसी पुलिसकर्मी की मदद से मेरा लोकेशन ट्रेस करा लिया था और मुझ पर फायरिंग की थी।

**पुलिस में गहरी पैठ, सत्तारुढ़ दल के नेताओं से हैं नजदीकियांः** अकबर का भाई बाबर पूर्व वार्ड पार्षद है और जदयू का एक्टिव मेंबर भी है। वो जदयू का नगर अध्यक्ष भी रह चुका है। हालांकि, इस मामले में जदयू नेताओं का बयान दिनभर में कई बार बदला। पहले तो पार्टी की ओर से कहा गया कि बाबर सक्रिय सदस्य है, अकबर नहीं। बाद में बाबर के भी सदस्य होने की बात से इनकार कर दिया गया। पड़ोसियों की मानें तो अकबर अपने भाई बाबर की वजह से ही अपराध की दुनिया में आगे बढ़ता गया और भाई की वजह से ही सत्तारुढ़ दल के नेताओं से नजदीकियां बढ़ा ली। सूत्रों की माने तो अकबर की पुलिस में भी काफी पैठ है। यही वजह है कि इतने संगीन मामलों का आरोपित होने के बाद भी वह पुलिस के हाथ नहीं आ रहा था।

# जिला परिषद अध्यक्ष पर 50 लाख के घोटाले का आरोप

निज संवाददाता। गया

बोधगया क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य डॉ. ज्योति पासवान ने जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी और उनके पति धर्मवीर सिंह उर्फ सरदार सिंह पर आरोप लगाए हैं। बुधवार दोपहर सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता का आयोजन हुआ। इसमें उन्होंने कहा कि मुझे दलित समझकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। मानसिक रूप से तोड़ दिया गया है। अब चुप नहीं बैठूंगी। डॉ. पासवान ने बताया कि 2021 में जिला परिषद सदस्य बनने के बाद उन्होंने नैना कुमारी को अध्यक्ष चुना। 2022 में पंचायतों में सोलर लाइट लगाने की योजना आई। दोनों ने मिलकर काम करने का फैसला लिया। इसी दौरान अध्यक्ष नैना कुमारी और उनके पति सरदार ने उनसे 50 लाख रुपए की मांग की। 40 लाख अकाउंट से और 10 लाख कैश दिया गया। काम पूरा भी हो गया। लेकिन पैसे लौटाने की बात पर दोनों मुकर गए। उन्होंने बताया कि पैसे मांगने पर पहले टाल-मटोल हुआ, फिर तीन चेक दिए गए, जो बाउंस हो गए। 15 मई को जब दोबारा कॉल कर पैसे मांगे तो गालियां दी गईं और धमकी दी गई देख लेंगे।"



**कोर्ट में चल रहा चेक बाउंस का मामलाः** डॉ. पासवान ने बताया कि इस पूरे घटनाक्रम की रिकॉर्डिंग उनके पास है। उन्होंने मगध मेडिकल थाना में एफआईआर दर्ज कराई है और चेक बाउंस का मामला कोर्ट में भी चल रहा है। हमें विकास के लिए जनता ने जिताया है। लेकिन अध्यक्ष के पति सरदार सिंह, नैना कुमारी को आगे रखकर हम सदस्यों से ठगी कर रहे हैं। ये घोटाला है। इस पर उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। ये आपसी मामला नहीं, ठगी और जातीय प्रताड़ना का मामला है। पहले रुपए लिए, फिर अपमानित किया गया। हमें न्याय चाहिए।

◆ **बोधगया क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य बोली- मुझे दलित समझकर किया प्रताड़ित**

**विकास काम के ठप होने का दावाः** डॉ. पासवान नरेंद्र मोदी विचार मंच की प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। उनका दावा है कि विकास काम पूरी तरह ठप से है। अध्यक्ष का पति हर चीज में दखल देता है। उन्होंने अध्यक्ष और उनके पति की गिरफ्तारी की मांग की है। जिला परिषद अध्यक्ष के पति से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि हमलोग बाहर हैं। लेकिन उन्होंने कहा कि डॉ ज्योति पासवान का आरोप निराधार है। रुपए पैसे का मामला कोर्ट में चल रहा है। रही बात धमकी देने की तो वे इस बात को प्रमाणित करें। उन्होंने कहा कि ज्योति पासवान के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। जब से जिला परिषद अध्यक्ष कांग्रेस में शामिल हुई हैं। तभी से बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं। खास बात यह कि कांग्रेस के लोग ही भाजपा से मिलकर सारा षड्यंत्र रच रहे हैं।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार





बिहार को प्रगति, समृद्धि
और ऊर्जा आत्मनिर्भरता
की नई ऊंचाइयों पर ले जाने हेतु

₹48,500 करोड़ से अधिक की

# विद्युत, सड़क, रेल और शिक्षा से जुड़ी परियोजनाओं का उपहार

# श्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के द्वारा

शुक्रवार, 30 मई, 2025 | 09:00 बजे | दुर्गाडीह, बिक्रमगंज, बिहार

## शिलान्यास

- एनटीपीसी नबीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, स्टेज-II (3x800 मेगावॉट)
- राष्ट्रीय राजमार्गों को छह लेन और चार लेन का बनाने के लिए चार परियोजनाएं
- एनएच-922 पर बक्सर और भरौली के बीच गंगा नदी पर पुल का निर्माण
- हार्डिंग पार्क, पटना में 5 टर्मिनल प्लेटफार्म

## उद्घाटन

- राष्ट्रीय राजमार्गों को चार लेन करने की दो परियोजनाएं
- नवोदय विद्यालय, जहानाबाद में 192 बिस्तरों वाले छात्रावास और स्टाफ क्वार्टर

## राष्ट्र को समर्पण

- सासाराम-अनुग्रह नारायण रोड के बीच स्वचालित सिग्नलिंग और सोन नगर-मुहम्मद गंज के बीच तीसरी रेल लाइन

## परियोजना के लाभ

बिहारवासियों, कृषि और उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति

गयाजी क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने के लिए एक्सप्रेस कनेक्टिविटी

विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएं, कोयले की तीव्र आपूर्ति और परिचालन दक्षता में वृद्धि

स्थानीय लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन

स्थानीय व्यवसायों का सड़क और रेलवे के माध्यम से व्यापार केंद्रों और सेवा क्षेत्रों का बेहतर संपर्क

प्रतिभाशाली छात्रों के लिए बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं

## गरिमामयी उपस्थिति

**श्री आरिफ मोहम्मद खां** – राज्यपाल, बिहार

**श्री नीतीश कुमार** – मुख्यमंत्री, बिहार

**श्री नितिन जयराम गडकरी** – केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

**श्री मनोहर लाल** – केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य एवं विद्युत मंत्री

**श्री धर्मेंद्र प्रधान** – केंद्रीय शिक्षा मंत्री

**श्री अश्विनी वैष्णव** – केन्द्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**श्री जीतन राम मांझी** – केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री

**श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह** – केंद्रीय पंचायती राज एवं मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री

**श्री गिरिराज सिंह** – केंद्रीय कपड़ा मंत्री

**श्री चिराग पासवान** – केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री

**श्री राम नाथ ठाकुर** – केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री

**श्री नित्यानंद राय** – केंद्रीय गृह राज्य मंत्री

**श्री सतीश चंद्र दुबे** – केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री

**श्री राज भूषण चौधरी** – केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री

**श्री सम्राट चौधरी** – उपमुख्यमंत्री, बिहार

**श्री विजय कुमार सिन्हा** – उपमुख्यमंत्री, बिहार

इस कार्यक्रम को लाइव देखें DD NEWS

## संक्षिप्त समाचार

### शराब के साथ युवक पकड़ा गया

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली मोड़ के समीप पुलिस बलों ने वाहन जांच के दौरान एक बाइक पर सवार एक युवक को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र को शराब मुक्त बनाए जाने को लेकर शराब निर्माण, परिवहन, भंडारण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते बुधवार की शाम को पीटीसी जयप्रकाश चौधरी ने वाहन जांच के दौरान झारखंड की ओर से आ रही एक बाइक सवार को जांच हेतु रोका गया। बाइक सवार पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस बलों ने खदेड़ कर पकड़ लिया। वहीं जांच के दौरान बाइकसवार युवक के पास रहे बैग से 750 एमएल वाले आइकॉनिक नामक विदेशी शराब की चार बोतलें बरामद की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब व बाइक के अलावे गिरफ्तार बाइक सवार को थाना परिसर लाया गया। गिरफ्तार बाइक सवार की पहचान झारखंड के रामगढ़ जिले के मांडू थाना क्षेत्र के रोड नंबर 9 स्थित केदला गांव निवासी विजय कुमार तांती के पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार युवक एवं जब्त बाइक के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही बताया कि गिरफ्तार युवक को स्वास्थ्य जांच के बाद गुरुवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### वाहन जांच में 1.01 लाख जुर्माना


**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर गुरुवार को परिवहन विभाग के एमवीआई यूट्यूब उद्दीन के नेतृत्व में सघन वाहन जांच किया गया। इस दौरान ईएसआई संदीप कुमार, ईएसआई रश्मि कुमारी, ईएसआई कोमल कुमारी, ईएसआई खुशबू कुमारी एवं ईएसआई अमन भारती भी मौजूद रहे। एमवीआई द्वारा चलाए गए विशेष वाहन जांच अभियान के अलावे ईएसआई संदीप कुमार द्वारा नियमित रूप से चलाए जा रहे वाहन जांच में प्रतिदिन यातयात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों एवं मालिकों से जुर्माना राशि वसूल किया जा रहा है। परिवहन विभाग द्वारा लगातार हो रही कार्रवाई से जांच चौकी पर हड़कंप मचा हुआ है। एमवीआई ने बताया कि जिला परिवहन पदाधिकारी नवीन कुमार पाण्डेय के निर्देश पर वाहनों की जांच की जा रही है। इस दौरान ओभरलोड वाहनों के अलावे यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहनों से जुर्माना राशि वसूली जा रही है। गुरुवार को जांच के दौरान विभिन्न वाहनों से 101500 रुपए की जुर्माना किया गया है। साथ ही बताया कि बिहार में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात नियमों को कड़ाई से लागू करने के लिए परिवहन विभाग ने कड़े कदम उठाए है। अब वाहन मालिकों को अनिवार्य रूप से हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवानी होगी, अन्यथा उन्हें भारी जुर्माना देना पड़ रहा है। यह नियम बीते 1 अप्रैल 2025 से राज्यभर में सख्ती से पालन कराया जा रहा है। हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट एक विशेष प्रकार की एल्यूमीनियम नंबर प्लेट होती है, जिसमें होलोग्राम और यूनिक कोड शामिल होता है। यह वाहन की सुरक्षा को बढ़ाने और यातायात प्रबंधन को आसान बनाने के उद्देश्य से डिजाइन की गई है। इससे वाहन चोरी और नंबर प्लेट की जालसाजी को रोकने में भी मदद मिलती है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर 2,500 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। वहीं ईएसआई ने बताया कि फर्जी नंबर प्लेट के कारण ई-चालान प्रक्रिया में कठिनाई आ रही है, जिससे वाहन पंजीकरण में अनियमितताएं सामने आ रही हैं। इसे रोकने के लिए परिवहन विभाग ने पुलिस के साथ मिलकर अवैध नंबर प्लेट बनाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी है। परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाएं ताकि अनावश्यक जुर्माने से बचा जा सके और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन हो सके। वहीं क्षमता से अधिक भार ढोने वाले वाहनों पर भी विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है।

### महिला संवाद से महिलाओं को नई प्रेरणा



**नवादा (नि.सं.)।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में बिहार सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की सकारात्मक गूंज आज 'महिला संवाद' कार्यक्रमों में स्पष्ट रूप से सुनाई दे रही है। इन संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल महिलाएँ अपनी सफलता की कहानियाँ साझा कर रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रेरित कर रही हैं कि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनें। सरकार द्वारा राज्यव्यापी स्तर पर विगत 42 दिनों से निरंतर 'महिला संवाद' कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडों में आज कुल 26 स्थानों पर महिला संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही अब तक जिले में कुल 1070 स्थानों पर इस कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया जा चुका है, जिसमें 1 लाख 85 हजार से अधिक महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई है। यह संवाद केवल जीविका समूहों तक सीमित नहीं है, बल्कि वे महिलाएँ भी इसमें शामिल हो रही हैं जो किसी भी समूह से नहीं जुड़ी हुई हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक नवादा जिले में 27,128 आकांक्षाएँ संकलित की जा चुकी हैं, जो महिलाओं की जमीनी जरूरतों और अपेक्षाओं को स्पष्ट करती हैं। प्रत्येक आयोजन स्थल पर जागरूकता वाहनों के माध्यम से वीडियो फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिनमें बिहार सरकार द्वारा महिलाओं के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही सूचनात्मक लीफलेट्स का भी वितरण किया जा रहा है ताकि महिलाएँ योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकें और उनसे लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने कई महत्वपूर्ण माँगें सरकार के समक्ष रखीं, जिनमें वृद्धा एवं विधवा पेंशन की राशि में वृद्धि, चापाकल की सुविधा, सामुदायिक भवन एवं शौचालयों का निर्माण, पुस्तकालय की स्थापना, सड़क एवं नली-गली की मरम्मत, जीविका भवन का निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तथा शिक्षा एवं उच्च शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की मांग प्रमुख रहीं। 'महिला संवाद' के माध्यम से प्राप्त इन सुझावों एवं आकांक्षाओं से न केवल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी, बल्कि भविष्य की नीतियों के निर्माण में भी सरकार को एक सशक्त मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

### समर कैंप का आयोजन



**नवादा (नि.सं.)।** गर्मी की छुट्टी में छोटे-छोटे बच्चों को कुछ खुशनुमा माहौल देने के लिए समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। आरपीएस किड्स स्कूल, नवादा में तीन दिनों का समर कैंप का आयोजन किया गया है। इस बारे में विद्यालय की निदेशक आरती कुमारी ने बताया कि केजी सेक्शन से लेकर दूसरी कक्षा के बच्चों के लिए यह समर कैंप आयोजित किया गया है। जो 27, 27 और 28 मई 2025 को आयोजित होगा। इन तीन दिनों में अलग-अलग एक्टिविटी कराई जाएगी। समर कैंप के पहले दिन बच्चों के बीच रेड ड्रेस कोड के साथ गणेश वंदना का बड़ा ही मनोरम आयोजन हुआ। इसके अलावा एरोबिक्स, अलग-अलग गेम, डांस का आयोजन हुआ। जिसका बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। समर कैंप के दूसरे दिन मंगलवार को यलो ड्रेस कोड में सरस्वती वंदना होगी। इसके बाद बच्चों के बीच योगा का अभ्यास कराया जाएगा। साथ ही बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही पहली और दूसरी कक्षा के बच्चों के बीच स्टोरी टाइम के तहत कहानी सुनी जाएगी। इसके साथ ही जेनरल नालेज का क्विज प्रतियोगिता कराई जाएगी। सफल प्रतिभागी बच्चों को विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। समर कैंप के अंतिम दिन बुधवार को आदर्श वाटर पार्क ले जाया जाएगा। इस समर कैंप को सफल बनाने में विद्यालय की आरती तरवे, विद्यालय की निदेशक आरती कुमारी सहयोग कर रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने की योजनाओं की समीक्षा बैठक

**निज संवाददाता | नवादा**



डीएम की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में जिला स्तरीय समन्वय, राजस्व एवं तकनीकी विभागों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत महिला संवाद कार्यक्रम एवं डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत महादलित टोलों में आयोजित शिविरों की पीपीटी के माध्यम से समीक्षा से की गई। महिला संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त आकांक्षाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने लॉगिन में प्राप्त समस्याओं की जांच करें एवं उनका समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करें। डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविरों में सामाजिक सुरक्षा योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, हर घर नल का जल, राशन कार्ड, बिजली कनेक्शन तथा बुनियाद केंद्र से संबंधित आवेदनों को शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि राज्य के सभी पुलिस थानों में जब्त लावारिस वाहनों को रखने के लिए 2.5 एकड़ सरकारी भूमि की आवश्यकता है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारियों को भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। नवादा जिले में 5000 मीट्रिक टन सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) गोदाम के निर्माण हेतु 2 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों को दिया गया है। पंचायत सरकार भवन निर्माण के लिए अकबरपुर, रोह, पकरीबरावां और वारिसलीगंज से प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, जिसे शीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिला परिवहन विभाग की समीक्षा में बताया गया कि हीट एंड रन मामलों में कुल 279 में से 147 केसों का आवेदन मुआवजे हेतु प्राप्त हुआ है। नॉन हीट एंड रन मामलों में 282 में से 196 आवेदन मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण को भेजे जा चुके हैं। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को कागजातों के साथ आवेदन हेतु जिला परिवहन कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के तहत 34 लाभुकों का चयन हुआ है, जिन्हें ऑटो, ई-रिक्शा एवं एम्बुलेंस प्रदान किया जाना है। इसके लिए शिविर लगाकर लाभुकों को योजना का लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा में जिलाधिकारी ने फसल उत्पादकता में वृद्धि, उर्वरक एवं बीज की समय पर आपूर्ति, कृषि यंत्रीकरण तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जलवायु परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में किसानों को फसल विविधिकरण व जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित करने पर जोर दिया। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने सभी बीडीओ को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर पीने के पानी की समस्या के समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाने को कहा। आपदा प्रबंधन की तैयारी की समीक्षा में बताया गया कि जिले में 183 ऑटोमेटिक रेन गेज, 14 ऑर्डिनरी रेन गेज और 14 वेदर सिस्टम सक्रिय हैं। बाढ़ राहत हेतु 13 उच्च शरण स्थलों/सामुदायिक रसोई को चिन्हित किया गया है। इसके अलावा 1500 पॉलीथीन शीट भी आपात स्थिति हेतु उपलब्ध हैं। जिला पदाधिकारी ने सुखाड़ की तैयारी को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को निदेश दिया कि आवश्यक तैयारी अभी से कर लें। समाज कल्याण विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को नये आंगनबाड़ी केंद्र और नल-जल योजना हेतु भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ताकि निर्माण कार्य आरंभ हो सके। प्रोग्राम पदाधिकारी ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना के अंतर्गत समाहरणालय परिसर और पुलिस लाइन में दो पालना घरों की स्थापना हो चुकी है। जिलाधिकारी ने कहा कि इन पालना घरों का उद्देश्य कामकाजी महिलाओं को उनके बच्चों की कार्यालय समय में सुरक्षित देखभाल की सुविधा प्रदान करना है। इन पालना घरों में बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, सामाजिक, भावनात्मक व शारीरिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सामाजिक सुरक्षा कोषांग एवं दिव्यांगजन कोषांग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने तथा पात्र लाभार्थियों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि समन्वय के साथ कार्य करते हुए कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ आमजन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं की प्रगति की रिपोर्ट और लाभार्थियों की सफलता की कहानियां, फोटो और वीडियो क्लिप के साथ समय पर जिला जन संपर्क कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में उप विकास आयुक्त नवादा, सिविल सर्जन, जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी रजौली एवं नवादा सदर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, प्रभारी जिला जन संपर्क पदाधिकारी, अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत, पीएचईडी, कृषि, सहकारिता, आरडब्लूडी नवादा एवं रजौली, डीआरडीए निदेशक, डीपीओ-आईसीडीएस, डीपीओ-शिक्षा, आपूर्ति पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### विवाद में महिलाओं पर हमला

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के बॉंढी कला गांव में मामूली विवाद में गुरुवार की दोपहर बदमाशों ने महिलाओं को घर में घुसकर जमकर मारपीट किया। इस दौरान घर में रही दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे परिजनों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. श्यामनंदन प्रसाद ने बताया कि घायल महिलाओं की पहचान अजय कुमार की पत्नी अंजली कुमारी एवं श्यामदेव राय की पत्नी सुमा देवी के रूप में हुई है। साथ ही कहा कि घायलों का इलाज किया जा रहा है। वहीं अस्पताल में इलाजरत महिला अंजली कुमारी ने बताया कि वे अपने घर की छतों पर गेहूं धोकर पसार रही थी, इसी बीच शिवपूजन यादव एवं राजदेव प्रसाद की पुत्री काजल कुमारी समेत कुल पांच लोग ईंट-पत्थर चलाने लगे, जिसका विरोध किए जाने पर उक्त लोगों ने मुझे और मेरी सास को मारपीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं घायल सुमा देवी ने बताई कि उनके पड़ोसी सुखदेव यादव की पत्नी पूजा देवी द्वारा पड़ोसी को अपने ईंट और गिट्टी पर पेशाब करने से मना किया गया था। किंतु पूजा देवी मेरी घर में आकर छुप गई।

## सार्वजनिक जगहों पर बढ़ती प्रेम मुलाकातें बनीं चिंता का कारण

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



हाल के दिनों में रजौली की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर युवा लड़के-लड़कियों की खुली मुलाकातें तेजी से बढ़ी हैं। यह एक ऐसा चलन है जिसने जहां एक ओर युवाओं में प्यार के जुनून को हवा दी है, वहीं दूसरी ओर इसके संभावित नकारात्मक परिणामों, विशेषकर अपराध में वृद्धि को लेकर चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। कई जगहों पर, खासकर फुलवरिया जलाशय समेत सुनसान रास्तों और शाम के समय बाजारों में, युवा जोड़े खुलेआम एक-दूसरे से मिलते-जुलते देखे जा सकते हैं, जिसकी जानकारी उनके परिजनों तक को नहीं होती है। इस बढ़ती प्रवृत्ति को लेकर लोगों में मिली-जुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। जहां कुछ लोग इसे आधुनिकता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का परिचायक मान रहे हैं, वहीं बड़ी संख्या में ऐसे लोग भी हैं जो इसे सामाजिक मर्यादाओं का उल्लंघन और भविष्य में गंभीर समस्याओं का कारण मान रहे हैं। स्थानीय जानकारों का मानना है कि युवाओं में 'प्यार करने का जुनून' बढ़ रहा है और वे बिना किसी सामाजिक या पारिवारिक रोक-टोक के एक-दूसरे से मिलना चाहते हैं। सोशल मीडिया और आधुनिक संचार माध्यमों ने भी इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया है, जहां युवा आसानी से एक-दूसरे के संपर्क में आ जाते हैं। हालांकि, इस जुनून का एक स्याह पहलू भी है, कई मामलों में यह देखा गया है कि खुलेआम प्रेम-प्रसंगों का अंत दुःखद होता है और कई बार ये छोटी-मोटी नोक-झोंक से बढ़कर गंभीर अपराधों में बदल जाते हैं, जैसे ऑनर किलिंग, आत्महत्या, अपहरण और मारपीट जैसे अपराधों में वृद्धि देखी जा रही है, जिनके पीछे अक्सर ऐसे प्रेम-संबंध ही होते हैं, जो खुलेआम शुरू हुए थे और बाद में समाज या परिवार द्वारा स्वीकार नहीं किए गए। सामुदायिक चिंताएं और समाधान की आवश्यकता स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस बढ़ती प्रवृत्ति से सामाजिक ताना-बाना प्रभावित हो रहा है। अभिभावक अपने बच्चों को लेकर चिंतित हैं और सार्वजनिक स्थानों पर बढ़ती अराजकता को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन और समाज दोनों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। जहां एक ओर पुलिस को सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी बढ़ानी होगी और कानून-व्यवस्था बनाए रखनी होगी। वहीं दूसरी ओर परिवारों और शैक्षणिक संस्थानों को भी युवाओं को सही दिशा देने और उन्हें संबंधों की गंभीरता व उसके परिणामों के बारे में शिक्षित करने की जिम्मेदारी लेनी होगी। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि 'प्यार का जुनून' अपराध में परिणत न हो और समाज में शांति और व्यवस्था बनी रहे।

## प्रखंड स्तरीय खरीफ महाभियान का किया गया आयोजन



**निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)**

प्रखंड स्तरीय शारदीय खरीफ महाभियान 2025 का आयोजन गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन में किया गया। नवनियुक्त प्रशिक्षु बीएओ एकता वर्मा व अंजली भारती ने जैविक खेती, फार्मर रजिस्ट्री, बिहार कृषि ऐप, स्वीट कॉर्न एवं बेबी कॉर्न की खेती, हरी खाद के रूप में ढैचा समेत अन्य योजना की विस्तृत जानकारी दी गई।कृषि समन्वयक संजय कुमार, अजय कुमार व प्रीति कुमारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक त्रिलोकपति नाथ, सहायक तकनीकी प्रबंधक चंदन कुमार, प्रियंका कुमारी ने कृषि विभाग की योजनाओं व फसल उत्पादन की नवीनतम तकनीक को बारीकी से जानकारी दी। प्रखंड उद्यान पदाधिकारी विकास वैभव ने उद्यान विभाग से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उद्घाटन प्रखंड 20 सूत्री सदस्य प्रिय रंजन सिंह व राजेंद्र प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद कृष्णदेव सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## बाराती व शराती के बीच झगड़े में तीन महिला का सिर फूटा



**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**

थाना क्षेत्र के अंधरवारी गांव से शादी करने के लिए लड़की वाले बीते बुधवार को रजौली नीचे बाजार स्थित राज शिव मंदिर पहुंचे, जहां लड़का वाले चमौथा गांव के भी लोग मंदिर पर पहुंचकर काफी धूमधाम से दोनों के बीच शादी-विवाह हुआ। शादी होने के दौरान हल्का झगड़ा-झंझट होने के चलते भुसड़ी गांव के कुछ मनचले युवक विवाह संपन्न होने के बाद वापस जा रहे बारातियों के लोगों को कुण्डला मुहल्ले के पास बीच रास्ते में वाहन को रोक कर मारपीट करने लगे और बारात में आए कालीमंडा नामक बस संख्या बीआर27सी9723 का शीशा तोड़ दिया, जिससे तीन महिला का सर टूटे हुए शीशे से फूटे हुए शीशे से फट गया। घायलों का प्राथमिक उपचार अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया। वहीं बारातियों ने बताया कि बाराती व शराती के बीच उत्पन्न हुए विवाद को लेकर भुसड़ी गांव के कुछ मनचले युवकों के द्वारा बराती में आए युवतियों को छेड़छाड़ किया जा रहा था, मना करने पर उक्त मनचले युवकों ने उग्र होकर बारात को लेकर जा रहे बस पर ताबड़तोड़ पत्थर बाजी करने लगे, जिससे बस का शीशा भी फूट गया और तीन महिलाएं और एक बच्चे घायल हो गया। उसके बाद बारातियों के द्वारा डायल 112 को फोन कर बुलाया गया, उसके बाद डायल 112 द्वारा दोनों पक्षों को समझा बुझा कर पुनः बारात से भरी वाहन को अपने गतवन्य स्थान तक भेजा गया इस संबंध में अंधरवारी गांव के बरातियों ने बताया कि भुसड़ी गांव के युवकों द्वारा बराबर राज शिव मंदिर पर शादी विवाह में छेड़छाड़ किया गया एवं विरोध करने पर मारपीट किया गया है। स्थानीय लोगों ने उक्त घटना को देखते हुए स्थानीय प्रशासन से राज शिव मंदिर में एक-दो चौकीदार की नियुक्ति होना अति आवश्यक बताया है।

## हैंड इन हैंड इंडिया द्वारा जोगियामारण में बाल मित्र कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**निज संवाददाता | रजौली (नवादा)**



प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत में हैंड इन हैंड इंडिया के द्वारा बाल मित्र ग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि रूपेश कुमार एवं राजेश कुमार परियोजना प्रबंधक, सहायक प्रबंधक सविता कुमारी, सीनियर एमआईएस दीपक कुमार हैंड इन हैंड इंडिया बिहार- झारखंड, मुखिया चिंता देवी, वार्ड सदस्य सुनैना देवी व प्रधानाध्यापक मिथलेश कुमार ने द्वीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के विषय प्रवेश एवं अतिथियों के स्वागत के दौरान हैंड इन हैंड के परियोजना प्रबंधक, राजेश कुमार ने बताया कि विगत दो सालों से बच्चों के शिक्षा स्वास्थ्य एवं महिलाओं के शिक्षा स्वास्थ्य एवं आजीविका के उत्थान हेतु हैड इन हैंड इंडिया इस क्षेत्र में काम कर रही है। संस्था के द्वारा बच्चों को विद्यालय में नामांकन, बीच में विद्यालय छोड़ दिए बच्चों को पुनः विद्यालय तक पहुंचाना एवं जिस बच्चे को शैक्षणिक गतिविधि में पठन-पाठन में आर्थिक रूप से सहायता की जरूरत होती है, वहां पर संस्थान के द्वारा सहायता की गई। साथ ही महिलाओं को सशक्त करने के उद्देश्य से बच्चों के मां का समूह बनाया गया जिसमें उनके स्वास्थ्य साथ हीं साथ उनके शिक्षा और उनके आजीविका हेतु निरंतर कार्य किया गया। वहीं परियोजना प्रबंधक रूपेश कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि हैंड इन हैंड इंडिया बाल मजदूरी उन्मूलन पर निरंतर 20 सालों से विभिन्न राज्यों में कार्य कर रही है एवं महिलाओं के उत्थान हेतु भी निरंतर कार्यरत है।इसी उद्देश्य के साथ खटांगि पंचायत में बच्चों के सत प्रतिशत नामांकन एवं बच्चों के शत प्रतिशत उपस्थित विद्यालय में हो, बच्चे स्वस्थ हो एवं सरकार की सारी योजनाएं का लाभ बच्चे तक पहुंच पाए। इसे सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संस्थान इस क्षेत्र में कार्य कर रही है और एक प्रयास के तहत एक मुकाम तक हम लोग पहुंच पाए। जरूरत है कि समुदाय के हर लोग इसमें सहयोग करें एवं पंचायत प्रतिनिधि का भी इसमें सहयोग मिला। साथ ही ग्राम स्तर पर गठित विद्यालय प्रबंधन समिति, आंगनबाड़ी स्तरीय अनुश्रवण एवं सहयोग समिति, बाल अधिकार संरक्षण समिति को सुचारू रूप से चलाने का प्रयास किए हैं, जिससे कि आज हम लोग अपने गांव को बाल मित्र गांव घोषित कर रहे हैं और एक उसका स्वरूप दे रहे हैं। मुखिया चिंता देवी व वार्ड सुनैना देवी ने अपने संबोधन में बताया कि हैंड इन हैंड इंडिया विगत कई वर्षों से हमारे पंचायत में बच्चों के सर्वाधिक विकास हेतु कार्य कर रही है। इसी संस्था की देन है कि हमारे पंचायत में लगभग बच्चे विद्यालय में है और रोजाना विद्यालय की ओर अग्रसर है महिलाएं आज सामूहिक रूप से बचत कर रही है और कोई भी निर्णय लेने में सक्षम हो पा रही है, जिससे कि कहीं ना कहीं हम कह सकते हैं कि हमारा पंचायत बच्चों के लिए सुरक्षित माहौल, भय मुक्त माहौल साथ ही साथ शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। साथ ही कही कि हमारा पंचायत बाल मित्र पंचायत है, जिसमें इस संस्थान का एक अच्छा सहयोग मिला है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के द्वारा कुपोषित व कमजोर बच्चों को पोषण पाउडर, स्कूल बैग व कॉपी एवं साथ ही साथ वहां उपस्थित किशोरियों को सेनेटरी पैड एवं नवविवाहित महिलाओं को स्वास्थ्य किट उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में मंच संचालन अनिल कुमार एवं कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन सुमंत कुमार के द्वारा की गई कार्यक्रम के सफल आयोजन में अभय कुमार, संतोष कुमार, आनंदी कुमार, गुड्डू कुमार, रविंद्र कुमार मोबिलाईजर मिंटू देवी, सुमित्रा व चंदन एवं सीएलसी शिक्षक दिव्या पूजा व डिजिटल सखी सोनम कुमारी आदि का भरपूर सहयोग मिला।

## केवीके द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ

**निज संवाददाता | कौआकोल (नवादा)**



कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा नवादा के बैनर तले गुरुवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की गई। जिसका उदघाटन केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह समेत अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के पहले दिन तीन अलग-अलग टीम के द्वारा नवादा जिला के कौआकोल प्रखंड अंतर्गत सोखोदेवरा, सरौनी एवं बाराईजरा तथा मेसकौर प्रखंड अंतर्गत जम्हरिया, रसलपुरा एवं बीजू बीघा तथा पकरीबरावां प्रखंड के पड़रिया, जम्हरिया एवं बड़ी गुलनी के किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, नई किस्म तथा भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती से होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार फसल चयन, संतुलित उर्वरक का प्रयोग तथा कृषि की जानकारी से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा उपपरियोजना निदेशक तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सहायक कृषि समन्वयक, तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर केवीके के वैज्ञानिक रौशन कुमार, अंगद कुमार, ग्राम निर्माण मण्डल के सुचिता तिर्की आदि मौजूद थे।

## स्वच्छता कर्मियों को आयुष्मान कार्ड वितरण जारी

**निज संवाददाता | नवादा**

उप विकास आयुक्त, नवादा, प्रियंका रानी ने जानकारी दी है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)/ लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के अंतर्गत नवादा जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यरत कुल 3052 स्वच्छता कर्मियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है।अब तक 2391 स्वच्छता कर्मियों का आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें प्रदान किया जा चुका है। शेष कर्मियों के कार्ड बनाने की प्रक्रिया भी तेज़ी से जारी है और जल्द ही सभी कर्मियों को यह सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से स्वच्छता कर्मियों को 5 लाख तक का निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार उपलब्ध होगा। इससे न केवल उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि उनके जीवन की आर्थिक स्थिति में भी सकारात्मक सुधार आएगा। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शेष बचे स्वच्छता कर्मियों के आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनाकर वितरित किए जाएं ताकि सभी पात्र लाभार्थी इस महत्त्वपूर्ण योजना कालाभउठासकें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### एमएम महिला कॉलेज की छात्राओं ने चमक बिखेरी

**आरा**| विद्या भवन सभागार में 27 मई को वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। इसमें एमएम महिला कॉलेज की बीए सेमेस्टर तीन की छात्राएं ऐमन परवीन और निलोफर नाज़ ने भाग लिया। बीए सेमेस्टर दो की अदीबा इरशाद और सलोनी खान भी मंच पर उतरीं। सभी छात्राओं ने अपने विषय को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। सभागार में मौजूद लोगों ने तालियों से उनका उत्साह बढ़ाया। प्रतियोगिता के अंत में छात्राओं को सर्टिफिकेट और मेडल दिए गए। साथ में इनाम की रकम भी तोहफे के रूप में दी गई। इन छात्राओं ने एमएम महिला कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज की प्राचार्या ने सभी को बधाई दी। उर्दू विभाग की अध्यक्ष डॉ. तसनीम फातमा ने भी खुशी जताई। उन्होंने कहा कि छात्राएं आगे भी इसी तरह कॉलेज का नाम ऊंचा करती रहेंगी।

### तुर्की से डील तोड़ी, इटली की कंपनी को दिया गया ऑर्डर

**आरा**। भारत प्लस इंडस्ट्रीज़ प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने सोमवार को बड़ा फैसला लिया। उन्होंने तुर्की की मशीन निर्माता कंपनी आईएमएएएस से की गई डील रद्द कर दी। अब बिहार में बन रही नई फ्लावर मिल परियोजना के लिए इटली की जीबीएस कंपनी से समझौता किया गया है। दिल्ली के द्वारका स्थित कार्यालय में बंसल ग्रुप के चेयरमैन सुनील बंसल के साथ बैठक में यह निर्णय लिया गया। अजय सिंह ने कहा कि इस बदलाव से करीब 3 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा। फिर भी उन्होंने कहा कि दिल को सुकून मिला, क्योंकि ये अपने देश के लिए है। अजय सिंह ने साफ कहा कि हम उन देशों से व्यापार नहीं करेंगे जो हमारे विरोधियों, खासकर पाकिस्तान का समर्थन करते हैं। उनका यह फैसला देशभक्ति की भावना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने यह भी दिखाया कि जब बात देश के स्वाभिमान की हो, तो व्यापारिक लाभ से ज्यादा राष्ट्रधर्म जरूरी होता है।

### आरा से गुजरने वाली 6 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ाई गई

**आरा**। गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 6 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ा दी है। अब ये ट्रेनें पहले तय तारीखों से आगे तक चलेंगी। इससे आरा, बक्सर के यात्रियों को सुविधा होगी। इसकी जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने दी। गाड़ी संख्या 04504 चंडीगढ़-पटना स्पेशल अब 5 जून से 10 जुलाई तक हर गुरुवार को चंडीगढ़ से चलेगी। इसके विपरीत, गाड़ी संख्या 04503 पटना-चंडीगढ़ स्पेशल 6 जून से 11 जुलाई तक हर शुक्रवार को पटना से रवाना होगी। गाड़ी संख्या 09067 उधना-जयनगर स्पेशल 1 जून से 29 जून तक हर रविवार को उधना से चलेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 09068 जयनगर-उधना स्पेशल 2 जून से 30 जून तक हर सोमवार को जयनगर से चलेगी। गाड़ी संख्या 09069 उधना-समस्तीपुर स्पेशल 7 जून से 28 जून तक हर शनिवार को उधना से रवाना होगी। गाड़ी संख्या 09070 समस्तीपुर-उधना स्पेशल 9 जून से 30 जून तक हर सोमवार को समस्तीपुर से चलेगी।गाड़ी संख्या 07315 हुब्बल्लि-मुजफ्फरपुर स्पेशल 2 जून से 30 जून तक हर सोमवार को हुब्बल्लि से चलेगी। इसके जवाब में, गाड़ी संख्या 07316 मुजफ्फरपुर-हुब्बल्लि स्पेशल 5 जून से 3 जुलाई तक हर गुरुवार को मुजफ्फरपुर से रवाना होगी। गाड़ी संख्या 07311 वास्को द गामा-मुजफ्फरपुर स्पेशल 9 जून से 23 जून तक हर सोमवार को वास्को द गामा से चलेगी। गाड़ी संख्या 07312 मुजफ्फरपुर-वास्को द गामा स्पेशल 12 जून से 26 जून तक हर गुरुवार को मुजफ्फरपुर से रवाना होगी। गाड़ी संख्या 06211 मैसूर-दरभंगा स्पेशल 17 जून और 24 जून को मंगलवार को मैसूर से चलेगी। गाड़ी संख्या 06212 दरभंगा-मैसूर स्पेशल 21 जून और 28 जून को शनिवार को दरभंगा से रवाना होगी।

### साइकिल और पर्यावरण दिवस पर बताई जाएगी मतदान की महत्ता

**बक्सर**। इस वर्ष होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निर्वाचन आयोग अभी से तैयारियों में जुट गया है। ताकि जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। इसको लेकर जिला निर्वाचन विभाग विश्व साईकिल दिवस और विश्व पर्यावरण दिवस पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करेगा। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस बार का मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हेतु कार्य योजना तैयार करने के लिए प्रत्येक जिला से सुझाव लिया जाएगा। पूरे देश में बिहार राज्य में मतदान प्रतिशत कम है। निर्वाचन आयोग का मानना है कि वर्ष 2024 में झारखंड व जम्मू कश्मीर में चुनाव हुआ, वहां भी बिहार से अधिक मतदान प्रतिशत हुआ। जहां तक बक्सर जिले की बात है तो पिछले 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में 55.52 प्रतिशत मतदान हुआ था। वहीं महिला मतदाता की बात करें तो 52.96 प्रतिशत महिलाओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था। जबकि पुरुष की संख्या 57.80 प्रतिशत थी। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर निर्वाचन विभाग बिहार के अपर सचिव माधव कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### ब्रह्मपुर में बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ चालीसा का विमोचन

**ब्रह्मपुर**। प्रखंड के गौरी शंकर विद्यालय के प्रांगण में केंद्रीय मंत्री सतीश चंद दुबे के कर कमलों द्वारा बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ चालीसा का विमोचन किया गया। इस अवसर पर बाबा बरमेश्वर नाथ चालीसा के रचयिता का उन्होंने स्वागत किया। सर्व प्रथम बाबा बरमेश्वर नाथ मंदिर में पूजा संपन्न हुआ इस अवसर पर अभय उपाध्याय अमरावती देवी, गोल्डी श्रेयांश को मंदिर परिषद के विद्वान आचार्य चिंताहरण पांडेय, पप्पू पांडेय, उमलेश पांडेय, अक्षय गोपाल पांडेय द्वारा पूजा संपन्न कराई गयी। डॉ. आचार्य धर्मेंद्र तिवारी ने स्वागत भाषण अभिनंदन और आशीर्वचन दिया। डॉ सत्यनारायण उपाध्याय ने लोगों का अभिनंदन करते हुए सब को अपनी ओर से धन्यवाद दिया तथा गौरी शंकर विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल पीयूष कुमार गुप्ता ने स्वागत किया। बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ के मंदिर विकास हेतु मंत्री से अनुरोध किया कि उम्मीद है भविष्य में मंत्री जी के द्वारा मंदिर से संबंधित बहुत कुछ विकास के कार्य कराए जाएंगे। पर्यावरण से जुड़े नित्यानंद ओझा , विजय मिश्रा, रमेश कुमार सुदामा , विशाल सिंह, अमित मिश्रा, बुदुल मिश्रा, जयकांत मिश्रा, प्रभास राम, शिव जी पाण्डेय, शिवजी चौरसिया, शैलेश कुमार ओझा , सुशील ओझा, शंभू चंद्रवंशी ने पौधा भेंट किया। अभाविप ने कॉलेज बनाने की मांग की केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे का स्वागत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया। ब्रह्मपुर अभाविप के नगर मंत्री रंजीत कुमार चौरसिया तथा अध्यक्ष सदानंद पांडेय ने ब्रह्मपुर विधानसभा में एक सरकारी महाविद्यालय की मांग के लिए अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया।।सदानंद पांडे ने मांग पत्र को देते हुए केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे जी से निवेदन किया कि ब्रह्मपुर विधानसभा में एक सरकारी महाविद्यालय होना जरूरी है क्योंकि जिला अंतर्गत मात्र दो ही सरकारी महाविद्यालय हैं जो की 40 से 45 किलोमीटर दूर है,जिससे छात्र-छात्राओं को शिक्षा में कठिनाई हो रही है इसलिए सरकारी महाविद्यालय ब्रह्मपुर विधानसभा में होना अति आवश्यक है।वहीं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सभी कार्यकर्ता सह नगर मंत्री अमित यादव, शिवम कुमार, हिम्मत सिंह और नगर एसएफएस मोहित कुमार और नगर एसएफडी कृष्णा कुमार और नगर सोशल मीडिया प्रमुख सुमित गुप्ता, खेलो भारत प्रमुख आदर्श कुमार, सहप्रमुख अजित कुमार , कार्यकारिणी प्रमुख दीपक कुमार चौरसिया,गोलू कुमार, आर्यन कुमार,प्रिंस गुप्ता आदि थे।

### राजपुर में 29 मई को तीन घंटे रहेगी बिजली गुल

**बक्सर**। बक्सर के राजपुर प्रखंड के लोगों को 29 मई को तीन घंटे बिजली की कटौती का सामना करना पड़ेगा। राजपुर पावर सब स्टेशन में उच्च क्षमता के नए ट्रांसफॉर्मर की स्थापना के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कार्य बिजली आपूर्ति को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

**उच्च क्षमता के नए ट्रांसफॉर्मर लगाया जाएगा**ः इस संबंध में जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता रौशन कुमार ने बताया कि राजपुर पावर सब स्टेशन में तकनीकी सुधार के तहत नया ट्रांसफॉर्मर लगाया जा रहा है। इससे क्षेत्र में वोल्टेज की समस्या कम होगी और अचानक बिजली जाने की घटनाओं में भी कमी आएगी।

**11 से दोपहर 2 बजे तक पावर कट**ः उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ जाती है, ऐसे में यह कदम आवश्यक था।

# भोजपुर में करंट के चपेट में आने से चचेरे भाई-बहन की मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में गुरुवार सुबह बिजली के तार की चपेट में आने से चचेरे भाई-बहन की करंट लगने से मौत हो गई। लड़की सुबह-सुबह टॉयलेट के लिए घर से बाहर गई थी। इसी दौरान बोरिंग में जोड़े गए बिजली की तार की चपेट में आने से वो जमीन पर गिरकर छटपटाने लगी। जब लड़की को उसके चचेरे भाई ने इस हालत में देखा तो तत्काल दौड़कर उसे उठाने गया। उसका ध्यान बिजली के तार पर नहीं गया। जैसे ही उसने बहन को हाथ लगाया, वो भी करंट की चपेट में आ गया। जानकारी के मुताबिक, करंट लगने के बाद भाई-बहन चिल्लाने लगे। शोर सुनकर घर के मौजूद सदस्य मौके पर पहुंचे और माजरा समझकर पहले बोरिंग को कनेक्ट करने वाले स्विच को ऑफ किया और दोनों घायलों को आरा सदर अस्पताल ले जाने लगे। बताया जा रहा है कि अस्पताल में दोनों को देखने के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मामला बिहिया थाना क्षेत्र के खाखोबान गांव की है। मृत चचेरे भाई बहनों की पहचान बिहिया थाना क्षेत्र के पोस्ट भड़सरा के खाखोबान गांव के रहने वाले केदार यादव के 21 साल के बेटे पप्पू


पप्पू, भाई | कविता, बहन

कुमार और पप्पू की चचेरी बहन नंदन यादव की 16 साल की बेटी कविता कुमारी के रूप में हुई है।

**25 दिन पहले हुई थी पप्पू यादव की शादी**ः घटना की जानकारी देते हुए पप्पू के भाई गुड्डु ने बताया कि मृतक मेरा छोटा भाई था। पप्पू की शादी 25 दिन पहले 5 मई को बक्सर जिले के सोनवर्षा थाना क्षेत्र के नेवारी गांव के रहने वाले उमेश यादव की बेटी गुड़िया कुमारी से हुई थी। जबकि मेरी चचेरी बहन कविता 10वीं की छात्रा थी। आज सुबह कविता अपने घर से शौच करने के लिए बधार की ओर गई थी। जहां पहले से मोटर को कनेक्ट करने वाले बिजली के तार की चपेट में आ गई थी।

♦ जमीन पर छटपटा रही थी लड़की, बचाने गया भाई भी झुलसा, 24 दिन पहले हुई शादी

**बहन को भाई उठाने गया तो वो भी बिजली की चपेट में आया**ः गड्डू ने बताया कि करंट की चपेट में आने के बाद बहन छटपटा रही थी। इसी दौरान पप्पू खेत की ओर से घर की ओर लौट रहा था। उसने बहन को छटपटाता देख उसे बचाने गया, लेकिन वो भी करंट की चपेट में आ गया। इसके बाद बाद परिवार के लोगों की नजर पड़ी तो दोनों को आरा सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को देखकर मृत घोषित कर दिया। उधर, घटना की सूचना के बाद पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक पप्पू 7 भाई बहनों में छठे नंबर पर था, जबकि कविता अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी।

## भोजपुर में गोलीबारी मामले में एफ आई आर दर्ज

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर में 5 कट्ठा जमीन के विवाद में हुई गोलीबारी मामले में FIR दर्ज की गई है। घायल गजेंद्र के बयान पर भाभी लीलावती देवी और भतीजे संजीत कुमार और सुजीत कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है। घटना नारायणपुर थाना क्षेत्र के अहिले गांव की है।

**पत्नी के हाथ में दांत काट लिया**ः गजेंद्र ने बताया, मंगलवार देर शाम खाना खाकर अपने घर में आराम कर रहा था। इस बीच अचानक हल्ला होने लगा। आवाज सुनकर बाहर आया तो देखा कि मेरी पत्नी से भाभी और भतीजा झगड़ा कर रहा है। पत्नी के हाथ में भाभी ने दांत काट लिया। पड़ोसियों ने समझा-बुझाकर मामले को शांत करा दी। झगड़े की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम भी पहुंची थी। दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने का निर्देश देकर वापस लौट गई। रात 8 बजे के करीब मैं मंदिर के पास था। इस दौरान संजीत वहां पहुंचा और पूछा कि पुलिस चली गई है। इस पर मैंने कहा हां चली गई है। इतना सुनते ही कमर से पिस्टल निकाला और टारगेट करके गोली चला दी। एक गोली मेरे हाथ के आरपार हो गई। दूसरी गोली पास खड़े पड़ोसी सिंटू सिंह को लग गई। ग्रामीणों ने दोनों को अस्पातल में भर्ती कराया।

**जान से मारने की धमकी मिली थी**ः गजेंद्र ने आगे बताया पिछले साल 25 दिसंबर को मां की मौत हो गई थी। उसके बाद से भाभी लीलावती देवी और भतीजे संजीत, सुजीत परेशान कर रहे हैं। जमीन में हिस्सा मांग रहे हैं। ये लोग अक्सर मेरे साथ मारपीट भी करते हैं। मंगलवार को इसी विवाद में संजीत ने मारपीट की थी। गुस्से में उसे थप्पड़ मार दिया था। उसने जान से मारने की धमकी दी थी।

## भोजपुर में 2 गुट भिड़े, लाठी-डंडे से किया हमला



निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में आपसी विवाद में 2 गुट आपस में भिड़ गए। दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट में दोनों पक्ष से 7 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने मामले को शांत कराया। सभी को इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया। घटना उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव की है। घायलों की पहचान दिनेश सिंह(55), पत्नी किरण देवी(40), छोटा भाई बीरेंद्र सिंह(40) और उनकी पत्नी बेबी देवी(36) के तौर पर हुई है। दूसरे पक्ष से कृष्णा सिंह(42), पुत्र मोहित कुमार और नीरज कुमार(19) शामिल है।

**ईंट फेंकने से मना करने पर मारा**ः दिनेश सिंह ने बताया कि पड़ोसी ने उनके हिस्से की जमीन को जबरन घेर लिया है। 1 कट्ठा जमीन का विवाद है। जिसको लेकर बराबर गाली-गलौज करते हैं। बुधवार को घर में ईंट फेंक रहे थे। मना करने पर मारपीट शुरू कर दिया। घर की 2 महिलाओं को बेरहमी से मारा है। वहीं, दूसरे पक्ष के नीरज सिंह ने बताया कि पिछले साल दीवाली के दिन कुछ लोगों ने पीछे से मुझे गोली मार दी थी। आरोप पड़ोसियों पर था। FIR भी दर्ज कराई थी। केस वापस लेने का प्रेशर बनाया जा रहा है। जान से मारने की धमकी देते हैं। इसी विवाद में उनलोगों ने पिटाई कर दी। कहा कि अगर केस मैनेज नहीं करोगे तो तुमलोग नहीं बचोगे।

# 'एक के गोली में सांस छोड़ देहलन'

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर में गुरुवार को बदमाशों ने किसान की गोली मार कर हत्या कर दी है। इसके बाद आरोपी विशाल ने वीडियो जारी कर हत्या की बात स्वीकार की है। साथ ही गाली देते हुए कहा कि शिवपूजन एक ही गोली में सांस छोड़ देलन। आरोपी ने मृतक के बेटे मुकेश को बाहर से आने के लिए कहा है। मुकेश को धमकी देते हुए कहा कि तुम्हारा भी टिकट कटा हुआ है। जितना जल्दी आओगे,उतना जल्दी जाओगे। पूछ रहे को की पिता को किसने गोली मारा है। तुम्हारा पाहुन विशाल राय ने मारा है..जाओ जिसको बताना है उसको बताओ। जब भेंट करना चाहते हो, उतना भेंट कर लेना । मामला बहरोनपुर थाना क्षेत्र के टीकापुर गांव का है। मृत किसान को गोली पीछे पीठ में लगी है। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दिनदहाड़े इस वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत है। घटना की सूचना के बाद स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

**3 साल पहले हुई थी मारपीट**ः मृत किसान बहरोनपुर थाना क्षेत्र के टीकापुर गांव वार्ड नंबर-4 निवासी स्व भोला राय के बेटे शिवपूजन राय (65) है। मृतक के नाती नीरज कुमार ठाकुर ने


शिवपूजन राय, मृतक

बताया कि तीन साल पहले गांव के रहने वाले श्रीराम राय के बेटा प्रिंस अपने बाइक से कही जा रहा था। इसी बीच मेरे मामा अभिषेक राय को कीचड़ पड़ गया था। इसके बाद मामा अभिषेक ने कहा कि गाड़ी धीरे चलाओ,इसी बात को लेकर दोनों के बीच नोक झोंक होने के बाद प्रिंस ने अपने पूरे परिवार के साथ मिलकर अभिषेक राय की पिटाई कर दी गई थी।

**मृतक बुजुर्ग को हुई थी 3 साल की जेल**ः अभिषेक राय ने अपने साथ हुए मारपीट की घटना की जानकारी आकर अपने परिजनों को दी। फिर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। इस घटना में प्राथमिकी होने के बाद मेरे नाना मृतक शिवपूजन राय तीन महीने जेल भी गए थे। उसके बाद 19 मार्च 2022 को श्रीराम राय को गोली लगी थी, इस मामले में शिवपूजन राय,उनके बेटे अभिषेक राय समेत चार लोगों को आरोपित बनाया गया था। उनपर आरोप था कि पहले हुए मारपीट की घटना में नामजद लोगों ने श्रीराम राय को गोली मारी गई है। इसी मामले को लेकर बराबर धमकी दी जा रही थी। आज नाना घर से बांध की ओर मवेशी को छोड़ने के लिए गए थे । तभी घात लगाए प्रिंस और उसके चचेरे भाई विशाल ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी।

**FSL की टीम ने खून का सेंपल किया कलेक्ट**ः हत्या के बाद पड़ोसियों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। जब हमलोग घर के बाहर आकर देखा तो नाना के गर्दन में पीछे से गोली मारी गई है और उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इसके बाद हम लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी है। घटना के बाद FSL की टीम मौके पर पहुंची और मौके से खून का सेंपल के साथ अन्य साक्ष्य को एकत्रित किया। घटना की सूचना मिलने के बाद बहोरनपुर थानाध्यक्ष सुशांत कुमार अपने दल–बल के साथ मौके पर पहुंचे। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रहे है। सुशांत ने बताया कि इन लोगों का पहले से ही विवाद चल रहा है। घर लौटने के दौरान अपराधियों ने गोली मारकर हत्या की है। जल्द ही सभी की गिरफ्तारी करी जाएंगी।

# स्कूलों के बच्चे पेंटिंग में देंगे नशा छोड़ने का संदेश

निज संवाददाता। बक्सर

जिले के सभी सरकारी मध्य, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार यह अभियान स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग की ओर से संयुक्त रूप से चलाया जाएगा। इस अभियान में कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को शामिल कराया जाएगा। इस अभियान के दौरान मध्य, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में क्विज, वाद-विवाद, पोस्टर बनाने, स्लोगन लेखन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में छात्र-छात्राओं को जानकारी देने का निर्देश विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को दिया गया है। जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राएं विद्यालय के पोषक क्षेत्र के गली-मोहल्ले



में जागरुकता रैली निकालेंगे। पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से लोगों को तंबाकू का सेवन नहीं करने की अपील करेंगे। वह यह भी बताएंगे कि इसके सेवन से स्वास्थ्य को कितना और कैसे नुकसान होता है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाता है। इस तरह के कार्यक्रम से जहां छात्र-छात्राओं में जागरूकता आती है, वहीं उन्हें सामाजिकता का बोध होता है, जिससे आगे चलकर वह कुछ बेहतर करने की सोंचते हैं। तंबाकू दिवस पर कक्षा छठी से 12वीं कक्षा के छात्र छात्राओं के बीच वाद विवाद, काव्य पाठ, गीत- संगीत, स्लोगन लेखन, पोस्टर बनाने आदि प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएंगी। यह प्रतियोगिता विद्यालय स्तर से होते हुए संकुल, प्रखंड एवं जिला स्तर पर कराई जाती है। बता दें कि अगर परिवार का कोई सदस्य तंबाकू का सेवन करता है और बच्चे उसके सेवन से होनेवाले नुकसान का हवाला देकर अगर अपने अभिभावकों को तंबाकू की आदत छोड़ने की अपील करते हैं और वह छोड़ देते हैं, तो यह इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। छात्रों को जागरूक कर समाज में बदलाव के लिए अभियान चलाना काफी कारगर साबित होता है।छात्र-छात्राओं में बेहतर स्लोगन लिखने पोस्टर बनाने आदि कार्य कराए जाएंगे और बेहतर कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। समाज को जागरूक करने से पहले बच्चों को जागरूक करना जरूरी है, ताकि बच्चे अपने घर और आसपास के लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान की जानकारी दे सकें और उनकी दी हुई जानकारी की वजह से लोग तंबाकू का सेवन न करें।

## बक्सर में घरेलू विवाद में रिटायर्ड फौजी ने पत्नी की गर्दन काटी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में गुरुवार सुबह सेना से रिटायर्ड जवान ने घरेलू विवाद के बाद अपनी पत्नी की धारदार हथियार से गर्दन काटकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है। घटना कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अरक गांव में हुई है। मृतका की पहचान उर्मिला देवी (55) के रूप में हुई है। आरोपी पति कपिल मुनि सिंह है, जो सेना से रिटायर्ड हैं।

**आए दिन होता था विवाद, पंचायत भी हुई**ः गांववालों के अनुसार, कपिल मुनि सिंह और उर्मिला देवी के बीच अक्सर घरेलू कलह होती थी। विवाद इतने बढ़ चुके थे कि कई बार पंचायत बैठ चुकी थी। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बुजुर्गों ने भी समझाने की कोशिश की, लेकिन कोई हल नहीं निकला। गुरुवार की सुबह, किसी बात को लेकर फिर झगड़ा हुआ और इसी बीच कपिल मुनि सिंह ने आपा खोते हुए पत्नी की गर्दन काट दी। उर्मिला देवी की मौके



पर ही मौत हो गई।

**पुलिस मौके पर पहुंची, शव बरामद**ः घटना की सूचना मिलते ही कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। हम स्वयं पूरे अभियान की निगरानी कर रहे हैं। बहुत जल्द आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा। - नीतीश कुमार, थानाध्यक्ष, कृष्णाब्रह्म थाना


**तीन बेटे, दो बेटियों को छोड़ गई पीछे**ः मृतका उर्मिला देवी तीन बेटों और दो बेटियों की मां थीं।

## ट्रैक्टर से कुर्ता फंसा, फिर सड़क पर घसीटा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में एक सड़क हादसे में रोहतास निवासी शिवकुमार पासवान (30 वर्ष) की मौत हो गई। हादसा बुधवार रात उस वक्त हुआ, जब वह टेंपो से ससुराल कुलमानपुर से अपने गांव लौट रहे थे। घटना मुरार थाना क्षेत्र अंतर्गत बसंतपुर के पास हुई। इस हादसे से शादी की खुशियां मातम में बदल गईं।

**ट्रैक्टर से कुर्ता फंसा, सड़क पर घसीटे गए**ः प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बसंतपुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ओवरटेक करने की कोशिश की। उसी दौरान टेंपो के किनारे बैठे शिवकुमार का कुर्ता ट्रैक्टर की ट्रॉली में फंस गया। वह सीधे सड़क पर गिर पड़े और कुछ मीटर तक घसीटते चले गए। गिरते ही उनके सिर में गंभीर चोट लगी और छाती की हड्डियां टूट गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत उन्हें चौगाई सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी



देर हो चुकी थी। डॉ. मितेंद्र कुमार ने बताया कि जब तक घायल अस्पताल पहुंचा, बहुत ज्यादा खून बह चुका था। कुछ देर में उसकी मौत हो गई।

**एक हफ्ते पहले आए थे शादी में शामिल होने**ः मृतक के ससुर सुरेंद्र पासवान ने बताया कि शिवकुमार लुधियाना की एक निजी फैक्ट्री में काम करते थे और एक हफ्ते की छुट्टी लेकर बेटी की शादी में शामिल होने के लिए आए थे। बुधवार को ब्रह्मपुर मंदिर में पत्नी की बुआ की बेटी की शादी थी। वहीं से लौटते समय हादसा हुआ। परिजनों के अनुसार, मृतक के तीन छोटे बेटे भी हैं। उनकी मौत ने परिवार को पूरी तरह विस्मित और बेसहारा बना दिया है।

♦ शादी से लौट रहे शिवकुमार की अस्पताल में मौत, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**पुलिस जांच में जुटी**ः मुरार थाना पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ट्रैक्टर और उसके चालक की तलाश कर रही है। इस हादसे ने पूरे कुलमानपुर गांव को शोक में डुबो दिया है। जहां कल तक शादी की रौनक थी, अब वहां सन्नाटा पसरा है।

## विक्रमगंज में पीएम मोदी की सभा की तैयारी



निज संवाददाता। बक्सर

बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक दल जनसभा, रैली सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। वहीं, बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री जनक राम ने बक्सर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने 30 मई को रोहतास जिले के विक्रमगंज में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बक्सर की जनता इस ऐतिहासिक सभा को लेकर बेहद उत्साहित है और जिले से 20 हजार से अधिक लोग विभिन्न साधनों से विक्रमगंज पहुंचेंगे।

**मंत्री का विपक्ष पर तीखा हमला**ः जनक राम ने इस दौरान विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' हमलोग राजनीति नहीं कर रहे है।

♦ बक्सर से 20 हजार लोग पहुंचेंगे प्रधानमंत्री की रैली में, मंत्री जनक राम ने साधा विपक्ष पर निशाना

लेकिन महागठबंधन उंगली उठा रहा है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन जातीय गणना को लेकर दोहरा रवैया अपना रहा है। मंत्री ने आरोप लगाया कि महागठबंधन के नेता 45 वर्षों तक सत्ता में रहे। इस दौरान उन्होंने जनता की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान नहीं दिया। इसलिए इनके पास केवल मोदी के कार्यों पर उंगली उठा सस्ती लोकप्रियता चाहिए।

**मंत्री ने लगाए महागठबंधन पर घोटालों के आरोप**ः उन्होंने कहा कि महागठबंधन का एकमात्र उद्देश्य अपने परिवार को राजनीतिक शक्ति देना और बिहार की संपत्ति को लूटना रहा है। मंत्री ने महागठबंधन पर घोटालों के आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के नेताओं ने जमीन के नीचे और ऊपर दोनों जगह घोटाले किए हैं। जनक राम ने प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का बचाव किया। उन्होंने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में बिहार की जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में लाने का काम करेगी।

## बीएयू में विकसित कृषि संकल्प अभियान आज से

**भागलपुर**| भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की ओर से चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत बीएयू में गुरुवार से होगी। यह 12 जून तक चलेगा। पीआरओ राजेश कुमार ने बताया अभियान को बीएयू राज्यभर में अपने सभी कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से संचालित करेगा। विवि के कृषि वैज्ञानिक किसानों के खेतों तक पहुंचकर मृदा स्वास्थ्य, जल प्रबंधन, फसल विविधीकरण, उन्नत बीज, आधुनिक कृषि तकनीक की जानकारी दी। एजुकेशन रिपोर्टर | भागलपुर जिले में गृहरक्षकों की बहाली के लिए बुधवार को हुई शारीरिक दक्षता की जांच परीक्षा में 278 उम्मीदवार सफल हुए। परीक्षा में कुल 1033 उम्मीदवार शामिल हुए। समादेष्टा हरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि 1600 मीटर की दौड़ में इनमें से 369 उम्मीदवार सफल हुए। 369 उम्मीदवारों की ऊंचाई और सीने की माप की गई। निर्धारित मापदंड पूरा नहीं करने के कारण 32 उम्मीदवार असफल घोषित किए गए। ऊंची कूद, लम्बी कूद और गोला फेंक की परीक्षा में कुल 337 उम्मीदवारों ने भाग लिया। इसमें 59 उम्मीदवार चिकित्सीय परीक्षा में अनफिट हो गए और 278 उम्मीदवार चिकित्सीय जांच में फिट व सफल घोषित किए गए।

## विवि में नए वीसी की नियुक्ति को आवेदन मांगा

**भागलपुर**| राजभवन ने टीएमबीयू में नए कुलपति की नियुक्ति के लिए आवेदन मांगा है। राजभवन के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू ने 18 जून तक आवेदन देने को कहा है। आवेदन के लिए शर्तें रखी गई हैं कि आवेदक के पास प्रोफेसर के रूप में कम से कम 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। ख्यातिप्राप्त रिसर्च या एकेडमिक प्रशासनिक संस्थान में प्रोफेसर के समतुल्य पद पर 10 साल का अनुभव रखने वाले भी आवेदन कर सकेंगे। प्रोफेसर के रूप में 10 साल के अनुभव की गणना इसके लिए जारी अधिसूचना की तिथि से की जाएगी। दरअसल विवि के वर्तमान कुलपति प्रो. जवाहर लाल के तीन साल का कार्यकाल अगस्त में पूरा हो जाएगा। इसको देखते हुए राजभवन ने एक दिन पहले उनके नीतिगत और वित्त से जुड़े निर्णय लेने पर रोक लगा दी है।

## शिक्षक का छात्र से तंबाकू बनवाकर खाने का वीडियो वायरल

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय के आरएस कॉलेज में इंटरनल परीक्षा के दौरान विवादास्पद घटना सामने आई है। राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर शर्माराम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में वे छात्र से तंबाकू बनवाकर खाते नजर आ रहे हैं। घटना कुछ दिन पहले की है। प्रोफेसर शर्माराम परीक्षा के दौरान डेस्क पर बैठे छात्रों की कॉपियां जमा कर रहे थे। इस दौरान एक छात्र तंबाकू बनाकर लाया। प्रोफेसर ने वहीं बैठकर खैनी का सेवन किया। किसी ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया।

**प्रोफेसर से मांगा गया स्पष्टीकरणः** प्रभारी प्राचार्य डॉ उदय शंकर दास ने कहा कि उन्हें इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रोफेसर से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जवाब मिलने के बाद विश्वविद्यालय को रिपोर्ट भेजी जाएगी। छात्र नेताओं ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उनका कहना है कि शिक्षक की कि गई ऐसी गैर-जिम्मेदाराना हरकत छात्रों के भविष्य पर सवाल खड़े करती है। यह घटना तब और भी गंभीर हो जाती है, जब सरकार लगातार शैक्षणिक संस्थानों में तंबाकू सेवन पर रोक लगाने के दिशा-निर्देश जारी कर रही है।

## महागठबंधन में पंचायत स्तर तक बनेगी कमेटी

**भागलपुर**। भागलपुर में आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन ने बैठक की है। जवारीपुर स्थित वृंदावन हॉल में महागठबंधन की ओर से प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मीटिंग जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद आयोजित की गई। जिसमें प्रखंड, पंचायत, बूथ और प्रस्तावित स्तर तक कमेटियों के गठन पर चर्चा की गई। बैठक में महागठबंधन के सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। सभी दलों ने मिलकर आगामी चुनाव में एकजुट होकर रणनीति बनाने और कार्यकर्ताओं को जोड़ने पर जोर दिया। राजद के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर यादव ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान इन्होंने कहा कि, "हम लोग पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के फैसले का सम्मान करते हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पूरा महागठबंधन एकजुट है। जिला स्तरीय कमेटी का गठन कर लिया गया है। प्रखंड, पंचायत, बूथ और प्रकोष्ठ स्तर की कमेटियों का गठन तेजी से किया जाएगा।" उन्होंने कहा कि गठबंधन के सभी घटक दल एकजुट होकर बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। सभी को विश्वास है कि इस बार जीत महागठबंधन की ही होगी।

**कार्यकर्ताओं को दी गई जिम्मेदारीः** बैठक में सभी कार्यकर्ताओं को क्षेत्रीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच महागठबंधन की नीतियों को पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जनसंपर्क अभियान और बूथ स्तर पर सक्रियता को बढ़ाया जाएगा। बता दें कि महागठबंधन की ओर से लगातार जिला व प्रखंड स्तर पर बैठकों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि संगठन को नीचे तक मजबूत किया जा सके। सभी घटक दलों की सक्रियता इस बार विधानसभा चुनाव को लेकर गंभीर तैयारी का संकेत देती है।

## भागलपुर में मृत शिक्षक को प्रमोशन के लिए बुलावा

**भागलपुर**। भागलपुर में शिक्षा विभाग की लापरवाही सामने आई है। जिला शिक्षा कार्यालय ने प्रमोशन के लिए प्रमाण पत्र जांच करने के लिए 20 शिक्षकों की लिस्ट जारी की है। इस सूची में शाहकुंड प्रखंड के मध्य स्कूल शिवशंकरपुर के सहायक शिक्षक मनोज कुमार झा का नाम भी शामिल है। मनोज कुमार झा की मौत 22 मार्च 2024 को पटना में कैंसर के इलाज के दौरान हो गई थी। परिजनों ने विभाग को मौत की सूचना दे दी थी। प्रधानाध्यापक स्मृति कुमारी ने बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र प्रखंड कार्यालय में जमा किया गया था। इस पर बीईओ का हस्ताक्षर भी मौजूद है। सूची में शामिल शिक्षकों को स्नातक परीक्षित वेतनमान में पदोन्नति के लिए मूल प्रमाण पत्र, साहित्यालंकार, प्रवेश पत्र, अंकपत्र और विभागीय अनुमति के साथ कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले भी मनोज कुमार झा का नाम परीक्षा ड्यूटी में शामिल किया गया था। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी देवनारायण पंडित ने कहा कि यह सूची केवल प्रमाण पत्र जांच के लिए जारी की गई है। अभी किसी को पदोन्नति नहीं दी गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मृत शिक्षक का नाम लिस्ट से हटा दिया जाएगा। बता दें कि यह पहला मामला नहीं है। इसी साल मार्च में अटेंडेंस नहीं बनाने वाले 1388 शिक्षकों से स्पष्टीकरण मांगा गया था, जिनमें एक दर्जन से अधिक शिक्षक या तो दिवंगत थे या सेवा निवृत्त थे।

# भागलपुर जिले में एक महिला से रेप की कोशिश

निज संवाददाता | भागलपुर

♦ बोली- विरोध करने पर मारा, चोरी के केस में फंसाया जा रहा है, आरोपी बोला- गहने चुराकर भागी है

भागलपुर में एक महिला से रेप की कोशिश की गई है। पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। दूसरी ओर आरोपी का कहना है कि महिला घर में दाई का काम करती है। जेवरात चुराकर भागी है। पूछने पर उल्टा मेरे पर ही आरोप लगा रही है।

**चोरी के केस में फंसाया जा रहा हैः** महिला ने बताया, 'खरमनचक मोहल्ले में आशीष खेतान के घर में साफ-सफाई का काम करती हूं। 24 मई की शाम उसने बेडरूम की सफाई के बहाने बुलाया। कमरे में जाते ही अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर जबरन पकड़ लिया। शोर मचाने पर घर के अन्य सदस्य भी कमरे में आ गए।' मदद करने की जगह मेरे साथ मारपीट करने लगे। आशीष की पत्नी ने कहा कि पुलिस में शिकायत करोगी, तो चोरी के केस में फंसा देंगे। डर से मैं घर से नहीं निकली। घटना के दो दिन बाद थाने पहुंचकर आवेदन दिया, लेकिन पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। पुलिस उनके घर आकर चोरी के संबंध में पूछताछ कर रही है। झूठे केस में मुझे फंसाया जा रहा है।

**कोई जबरदस्ती नहीं हुई हैः** आरोपी पक्ष की ओर से भी जोगसर थाने में FIR दर्ज कराई गई है। आरोपी ने बताया कि महिला उनके घर से गहने चुराकर भागी है। पूछने पर उल्टा मेरे पर ही आरोप लगा रही है। महिला को साथ किसी ने जबदस्ती नहीं की है। सारे आरोप गलत हैं।

## हर गांव तिरंगा यात्रा से बढ़ रहा भाईचारा

**अमरपुर**| डॉ. मृणाल शेखर के नेतृत्व में निकाली जा रही "हर गांव तिरंगा यात्रा" को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। यह यात्रा भारतीय सेना के विजय सम्मान में निकाली जा रही है। अमरपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों से होते हुए यह यात्रा शंभूगंज प्रखंड के सहोरा गांव पहुंची। यहां ग्रामीणों ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया।डॉ. मृणाल शेखर ने कहा कि यह यात्रा लोगों के बीच लोकप्रिय हो रही है। बड़ी संख्या में लोग इसमें शामिल हो रहे हैं। इससे आपसी प्रेम और सद्भाव बढ़ रहा है। लोगों में तिरंगे के प्रति आत्मीय लगाव है। देशवासी इसके सम्मान की रक्षा के लिए एकजुट हैं। तिरंगे के सम्मान से कोई समझौता नहीं हो सकता। डॉ. मृणाल ने कहा कि हमें अपनी सेना के शौर्य और पराक्रम पर गर्व है। प्रमुख कार्यकर्ताओं में जिला पार्षद प्रीतम साह, अनमोल सिंह, मृत्युंजय शर्मा, पूर्व अध्यक्ष चंदन सिंह, रुबेश कुंवर, प्रदीप गाँय, संजीव सिंह, दीपक आदि थे। भागलपुर | बीएयू में अमृतकाल में आजीविका सुधार के लिए बागवानी के तीव्र विकास विषय पर चार दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन बुधवार से शुरू हुआ। पहले दिन एग्रीकल्चरल साइंटिस्ट रिक्रूटमेंट बोर्ड (एएसआरबी) दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार ने कहा कि बागवानी राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। बागवानी क्षेत्र प्रति इकाई क्षेत्रफल पर सबसे अधिक लाभ देता है। यह स्वागतयोग्य परिवर्तन है कि किसान पारंपरिक खाद्यान्न फसलों से हटकर उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने पारंपरिक पद्धतियों से आगे बढ़कर विपणन, ब्रांडिंग और उपरांत प्रसंस्करण पर जोर दिया। क्षेत्रीय विशेषताओं को बढ़ावा देने और उपज के नुकसान को कम करने के लिए जीआई विशिष्ट मॉल और खुदरा स्टोर स्थापित करने का सुझाव दिया। बागवानी दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक डॉ. एचपी सिंह ने कहा कि विकसित भारत पहल के तहत सामूहिक प्रयासों की जरूरत है। भागलपुर | टीएमबीयू के संचालन में बुधवार को 15 केन्द्रों पर बीएड कंबाइंड एंट्रेंस टेस्ट हुआ। परीक्षा में 8578 परीक्षार्थियों को शामिल होना था। लेकिन 7799 शामिल हुए और 779 ने परीक्षा छोड़ दी।

## बाइक चोरी करने के शक में नाबालिग की पिटाई

**भागलपुर**। भागलपुर में बाइक चोरी के शक में एक नाबालिग की लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और किशोर को भीड़ से छुड़ाकर थाने ले गई। फिलहाल पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। मामला सनहौला थाना क्षेत्र स्थित JJ मार्केट का है। बुधवार दोपहर करीब 12 बजे एक व्यक्ति बकरीद का सामान खरीदने के लिए JJ मार्केट आया था और अपनी बाइक को गली में पार्क किया । इसी दौरान लोगों ने एक नाबालिग किशोर को उस बाइक में चाबी लगाते हुए देखा। संदेह होने पर दुकानदारों ने बाइक मालिक को सूचना दी। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और युवक की पिटाई शुरू कर दी।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
**सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114**
**Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com**

**ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**(1st Call)**

निविदा सूचना संख्या - DWSD/GAR-03/2025-26 दिनांक - 28.05.2025

| कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| Supplying & Installation of 2000 liters capacity water storage tank (1No.) and Laying of Rising and distribution pipe line including House connection up to 07Nos, **at Chaplasi Village, Bhandaria Block under Garhwa district.** | 1,87,900/- | 4,000/- | 500/- | 03 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि – | 09.06.2025 समय 02:00 बजे अपराहन् तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय – | 16.06.2025 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – | 16.06.2025 समय 05:00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय – | 17.06.2025 समय 05.00 बजे अपराहन् |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान – | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम – | ई0 अजय कुमार सिंह, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 – | 9431325479 |
| 8 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन सं0 – | 0651–2490920 |

**नोट** – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, गढ़वा।

PR.NO.353822 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद,पलामू
**Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 05/2025-26**

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 02.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 02.06.2025 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 09.06.2025 (अपराह्न 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 11.06.2025 (पूर्वाह्न 11:00 बजे) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यालय जिला परिषद, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी | :– | |

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मेदिनीनगर | कार्यालय जिला परिषद, पलामू के नये भवन परिसर का चाहरदिवारी एवं अन्य निर्माण कार्य। | 2493500.00 | 49870.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-05/ 2025-26/ Gr-01 |
| 2 | मेदिनीनगर | जिला परिषद कार्यालय भवन का सुन्दरीकरण कार्य। | 2498800.00 | 49976.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-05/ 2025-26/ Gr-01 |
| 3 | चैनपुर | प्रखण्ड चैनपुर में मझिगांवा ट्रांसफार्मर से पीपल पेड़ होते हुए PWD रोड तक ग्रेड–1 पथ निर्माण। | 1011700.00 | 20234.00 | 5000.00 | 03 माह | NIT-05/ 2025-26/ Gr-01 |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में तृतीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 353835 District(25-26).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**
**g-mail I.D. – eemid041@gmail.com**

पत्रांकः–205 मेदिनीनगर, दिनांक– 28/05/2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-02/2025-26, PR No:- 352961 (Minor Irrigation) 25-26 (D) है। अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 06/06/2025 (04.00 PM) |
| 2 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 23/06/2025 (03.00 PM) |
| 3 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 24/06/2025 (04.00 PM) |

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,
मेदिनीनगर

PR 353796 Minor Irrigation(25-26)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**
**g-mail I.D. – eemid041@gmail.com**

पत्रांकः– 206 मेदिनीनगर, दिनांक– 28/05/2025

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-03/2025-26 PR No:- 352958 Minor Irrigation (25-26)#D है। अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 06/06/2025 (04.00 PM) |
| 2 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 23/06/2025 (03.00 PM) |
| 3 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 24/06/2025 (04.00 PM) |

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 353797 (Minor Irrigation) 25-26 (D)

## पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सं. 26_2025-26, दिनांक 28.05.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा** के अधीन निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण :** एडीईएन/आजिमगंज की शाखा के अधीन तकिपुर, लोहापुर, बराला, गोसाईंग्राम, डाहापाड़ा धाम, नियालिश पाड़ा, कर्ण सुबर्ण और बाजारसौ स्टेशनों के प्लेटफॉर्म सतह को ऊंचा करने के साथ सुधार कार्य एवं पर्याप्त सुरक्षा उपाय प्रदान करना। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,18,81,852.73, **बयाना राशि:** रु. 3,09,400/–, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 08 (आठ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 19.06.2025 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-108/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## जिला कृषि कार्यालय, पलामू

**वर्ष 2025–26 खरीफ में बीज विनिमय एवं वितरण योजनान्तर्गत 50 प्रतिशत अनुदान पर आवंटित बीज की विवरणी**

| क्र० सं० | फसल का नाम | पत्रांक/दिनांक | प्रभेद | आपूर्तिकर्ता | कृषक अंशदान राशि (50%) | अनुदान की राशि (50%) | स्वीकृत दर (रूपया/क्विंटल) | आवंटित बीज की मात्रा (क्वींटल में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | धान | 1730/21.05.2025 | PAC-801 | HIL | 17985 | 17985 | 35970 | 200 |
| | | | PNPH-24 | | 18825 | 18825 | 37650 | 100 |
| | | 1731/21.05.2025 | AZ8433DT (IET28160) | NCCF | 22500 | 22500 | 45000 | 75 |
| | | | BS-129G Arize 6129 gold) | | 19000 | 19000 | 38000 | 50 |
| | | 1732/21.05.2025 | DRRH-2 | HACA | 11100 | 11100 | 22200 | 1000 |
| | | 1733/21.05.2025 | MTU-1010 | NSC | 2100 | 2100 | 4200 | 200 |
| | | | IR-64-DRT | | 1995 | 1995 | 3990 | 100 |
| | | | IR-64 | | 2100 | 2100 | 4200 | 100 |
| | | | Rajendra Mansuri | | 1950 | 1950 | 3900 | 250 |
| | | | Sava-7301 | | 21350 | 21350 | 42700 | 200 |
| कुल | | | | | | | | **2275** |
| 2 | अरहर | 1745/22.05.2025 | Ranendra Arhar-1 | NCCF | 6232.5 | 6232.5 | 12465 | 50 |
| | | 1746/22.05.2025 | IPA-203 | NSC | 7000 | 7000 | 14000 | 50 |
| कुल | | | | | | | | **100** |
| 3 | ज्वार | 1745/22.05.2025 | CSV-15 | NCCF | 2525 | 2525 | 5050 | **50** |
| 4 | रागी | 1746/22.05.2025 | VL-379 | NSC | 3700 | 3700 | 7400 | **50** |
| 5 | जौ | 1746/22.05.2025 | RD-2794 | NSC | 2100 | 2100 | 4200 | **30** |
| 6 | उरद | 1747/22.05.2025 | PU-31 | HIL | 6825 | 6825 | 13650 | **50** |
| 7 | मूँगबीनी | | IPM-205-07 | | 6825 | 6825 | 13650 | **100** |
| 8 | मूँगफली | | Girinar-4 | | 5500 | 5500 | 11000 | **100** |
| 9 | तील | | RT-351 | | 13000 | 13000 | 26000 | **20** |
| 10 | मक्का | 1748/22.05.2025 | HQPM-1 | HIL | 11850 | 11850 | 23700 | 155 |
| | | | NMH-803 | | 12600 | 12600 | 25200 | 50 |
| | | | IMH-224 | | 8400 | 8400 | 16800 | 50 |
| | | 1749/22.05.2025 | BIO-9682 | NCCF | 14500 | 14500 | 29000 | 50 |
| | | 1750/22.05.2025 | DMRH-1308 | HACA | 11500 | 11500 | 23000 | 50 |
| | | 1751/22.05.2025 | DHM-117 | NSC | 9300 | 9300 | 18600 | 50 |
| | | | DMRH-1301 | | 7250 | 7250 | 14500 | 50 |
| | | | DHM-121 | | 5250 | 5250 | 10500 | 50 |
| कुल | | | | | | | | **505** |

जिला कृषि पदाधिकारी
पलामू

PR.NO.353857 District(25-26):D

## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीवाईसीपीएम/एसएनटी/एसडीएएच/05, दिनांक 27.05.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई/सिगनल एवं दूरसंचार, सियालदह, पूर्व रेलवे, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई–निविदा सं. : डीसीपीएम–जीएस–एसएनटी–एसडीएएच–01–25–26, कार्य का नाम एवं इसका स्थानः** पूर्व रेलवे के तहत गति शक्ति इकाई (जीएसयू/आरएसपी) कार्यों के लिए सिग्नलिंग ड्रॉइंग जैसे एसआईपी, आरसीसी, एसडब्ल्यूआर और एसडब्ल्यूआरडी की प्रस्तुति एवं आपूर्ति। **निविदा मूल्य :** रु.1,14,74,342/–**निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,07,400/– **कार्य की समापन अवधिः** 24 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथिः** 06.06.2025, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथिः** 20.06.2025 को 15.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथिः** 20.06.2025 को 15.30 बजे तक। विवरण **www.ireps.gov.in** से देखा जा सकता है। **तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया हैः (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समान प्रकृति का कार्य:** कोई भी दूरसंचार कार्य जिसमें आरआरआई/पीआई/ईआई/ऑटोमैटिक सिग्नलिंग/इंटरमीडिएट ब्लॉक सिग/एलसी गेट इंटरलॉकिंग का कोई नया या परिवर्तन कार्य या दोनों शामिल हों, या सिग्नलिंग ड्रॉइंग जैसे एसआईपी, आरसीसी, एसडब्ल्यूआर, एसडब्ल्यूआरडी, इंटरफेस, लॉजिक (ईआई), आरआरआई/पीआई के सर्किट की प्रस्तुति और आपूर्ति से संबंधित कोई भी कार्य। **विशेष पात्रता मानदंड:** 1. बोलीदाता ने कार्य की अनुसूची में शामिल कम से कम 10% स्टेशनों के ड्रॉइंग्स (आरसीसी या लॉजिक सर्किट की प्रस्तुति/जांच/अनुमोदन) पूरा किया हो। (अनुसूची के अनुसार निविदाकार्र द्वारा स्टेशनों की संख्या का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए)। 2. प्रस्तावित कागजातों की जांच, सत्यापन और अनुमोदन के लिए ठेकेदार के पास सिग्नलिंग डिजाइनर या सिग्नलिंग सत्यापनकर्ता के रूप में कम से कम दो आईआरएसई/आईआरएसटीईएलओ लाइसेंस धारक होने चाहिए। 3. ठेकेदार को आईआरएसई/आईआरएसटीईएलओ लाइसेंस की वैध प्रति प्रदान करनी होगी, जो सुनिश्चित करे कि यह निविदा खुलने की तिथि से कम से कम 1 वर्ष तक वैध रहे। वैकल्पिक रूप से, यदि लाइसेंस का विस्तार लंबित है, तो संबंधित प्राधिकरण से विस्तार के लिए आवेदन का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-71/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# खेत में मवेशी चराने को लेकर युवक की पीट-पीटकर हत्या, पत्नी पर भी हमला



निज संवाददाता | पूर्णिया

पूर्णिया जिले में इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहां मामूली कहासुनी के बाद एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। यही नहीं, जब मृतक की छह माह की गर्भवती पत्नी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उस पर भी बर्बरतापूर्वक हमला कर दिया। इस हिंसक वारदात से पूरे गांव में सनसनी फैल गई है, वहीं परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना अमौर थाना क्षेत्र के नितेंद्र पंचायत स्थित कोढा सिमरिया गांव की है, जहां वार्ड संख्या 1 निवासी शेख सिराजुद्दीन के 33 वर्षीय पुत्र मोहम्मद शाहबुद्दीन की जान ले ली गई। घटना की शुरुआत खेत में मवेशी चराने को लेकर हुई थी। मृतक के चचेरे भाई मोहम्मद नोमान ने बताया कि पड़ोसी मोहम्मद मुजफ्फर अपने मवेशियों को शाहबुद्दीन के खेत में चरा रहा था। जब शाहबुद्दीन खेत पर पहुंचे और मवेशियों को वहां चरते देखा, तो वे आक्रोशित हो उठे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और बात तू-तू मैं-मैं से बढ़कर एक-दूसरे को देख लेने की धमकी तक पहुंच गई। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से मामला फिलहाल शांत हो गया और दोनों पक्ष अपने-अपने घर लौट गए। लेकिन यह झगड़ा यहीं नहीं रुका। थोड़ी ही देर बाद जब शाहबुद्दीन अपने घर के पास मक्का सुखा रहे थे, तभी मुजफ्फर अपने पिता मोहम्मद महमूद और बेटे मोहम्मद आजम के साथ वहां आ धमका। तीनों ने मिलकर अचानक उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शाहबुद्दीन को संभलने तक का मौका नहीं मिला। हमले की भयावहता इतनी ज्यादा थी कि वह कुछ ही पलों में अधमरा हो गया। उसकी चीख-पुकार सुनकर पत्नी शबाना खातून दौड़कर मौके पर पहुंची और बीच-बचाव करने लगी। मगर दरिंदों का गुस्सा इस हद तक भड़का हुआ था कि उन्होंने गर्भवती शबाना पर भी हमला कर दिया। हमले के दौरान वह बुरी तरह घायल होकर बेहोश हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग वहां जुटने लगे, जिन्हें आता देख आरोपी तीनों हमलावर मौके से फरार हो गए। परिजनों ने तुरंत घायल शबाना को उठाकर पूर्णिया के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल (GMCH) में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की खबर मिलते ही अमौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अवधेश कुमार ने बताया कि पीड़ित परिजनों ने फोन कर घटना की जानकारी दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है और परिजनों को आगे की प्रक्रिया के तहत लिखित आवेदन देने को कहा गया है। इस घटना ने न सिर्फ एक परिवार को उजाड़ दिया, बल्कि गांव में भय और असुरक्षा का माहौल भी बना दिया है। मोहल्ले के लोग स्तब्ध हैं कि खेत में मवेशी चराने जैसी छोटी सी बात पर इतनी बड़ी वारदात घट सकती है। जिस खेत की रक्षा के लिए शाहबुद्दीन ने आवाज उठाई, उसी के कारण उसे अपनी जान गंवानी पड़ी। वहीं, उसकी पत्नी नाजुक अवस्था में अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

निज संवाददाता | पूर्णिया



जिले के धमदाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत भुटाई चौक पर गुरुवार की देर शाम एक तेज रफ्तार ट्रक ने ऑटो को जबरदस्त टक्कर मार दी। इस भीषण सड़क हादसे में ऑटो सवार टेंट हाउस संचालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान अररिया जिले के बौसी बसैठी थाना क्षेत्र के भगवानपुर वार्ड-4 निवासी 46 वर्षीय राम जपो मेहता के रूप में हुई है। घायल चालक भी उसी गांव का निवासी है, जिसे गंभीर हालत में पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। राम जपो मेहता शादी समारोह से अपने टेंट हाउस का सामान लेकर लौट रहे थे। बताया जाता है कि कलाभवन रोड स्थित एक विवाह कार्यक्रम में टेंट हाउस की बुकिंग समाप्त होने के बाद वे इंद्रपुर गांव की ओर ऑटो से लौट रहे थे। इसी दौरान भुटाई चौक के पास तेज गति से आ रहे ट्रक ने ऑटो में सीधी टक्कर मार दी, जिससे ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सवार ऑटो में ही फंस गए। स्थानीय लोगों ने दौड़कर दोनों घायलों को बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही राम जपो मेहता ने दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं, ऑटो चालक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद धमदाहा थाना की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के छोटे भाई तेजू मेहता ने बताया कि राम जपो का अपना टेंट हाउस है और वे लंबे समय से इस व्यवसाय में जुड़े थे। उन्होंने कहा कि परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

# नेपाल ने भारतीय सीमा पर वाहनों की आवाजाही पर लगाई रोक, मायूस होकर लौटे पर्यटक

निज संवाददाता | रक्सौल




भारत-नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में गुरुवार को उस वक्त अफरातफरी मच गई जब नेपाल सरकार की ओर से अचानक भारतीय वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई। नेपाल की संसद में पेश हो रहे बजट सत्र के मद्देनज़र यह रोक लगाई गई, जिससे सीमा पार आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया। भंसार और सीमा सुविधा केंद्र से अनुमोदन नहीं मिलने के चलते भारत से नेपाल की ओर जाने वाले सभी वाहनों को बीच रास्ते से ही लौटना पड़ा। इस रोक का सबसे अधिक असर पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर क्षेत्र में देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक भारत से नेपाल की ओर जाने की योजना बनाए हुए थे। इन पर्यटकों में से अधिकतर बाल्मीकि नगर घूमने के बाद नेपाल के त्रिवेणी और आसपास के शहरों की सैर करना चाहते थे। लेकिन नेपाल की ओर से भंसार सुविधा स्थगित कर दिए जाने के चलते उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। गुरुवार को गंडक बराज और बगहा क्षेत्र से नेपाल सीमा की ओर बढ़ रहे दर्जनों छोटे-बड़े वाहनों को सीमा पार करने से पहले ही रोक दिया गया। भारत-नेपाल सीमा के त्रिवेणी भंसार कार्यालय की ओर से जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया कि बजट सत्र को देखते हुए सुरक्षा कारणों से फिलहाल भारतीय वाहनों को नेपाल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस फैसले के बाद सीमा पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को भीषण असुविधा का सामना करना पड़ा। बाल्मीकि नगर गंडक बराज के पास तैनात सुरक्षाकर्मियों ने भी इस बात की पुष्टि की कि नेपाल प्रशासन की ओर से भंसार और सीमा सुविधा केंद्र को बंद कर दिया गया है, जिसके कारण भारत से आने वाले किसी भी वाहन को नेपाल की सीमा में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। वाहन चालकों और पर्यटकों ने इस अचानक लगी रोक पर नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें न तो पहले से कोई सूचना मिली और न ही वैकल्पिक व्यवस्था की गई। पर्यटकों का कहना है कि सीमा पार करने के लिए घंटों प्रतीक्षा करने के बाद जब रोक की जानकारी मिली, तब उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। इस फैसले ने पर्यटन पर भी नकारात्मक असर डाला है। बाल्मीकि नगर और भारत-नेपाल सीमा के आसपास के क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से काफी लोकप्रिय हैं। पर्यटक अक्सर नेपाल के त्रिवेणी, नारायणगढ़ और अन्य निकटवर्ती कस्बों की सैर भी करते हैं। लेकिन गुरुवार को अचानक लागू हुई पाबंदी से उनकी यात्रा अधूरी रह गई। स्थानीय व्यापारियों और वाहन मालिकों ने आशंका जताई है कि यदि यह रोक लंबे समय तक जारी रही, तो इससे सीमा क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित होंगी। फिलहाल नेपाल सरकार की ओर से यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह प्रतिबंध कितने दिनों तक लागू रहेगा।

## पिकअप लूट मामले में 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**मोतिहारी (नि.सं.)।** मोतिहारी में पीपरा पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गुरुवार को एक सफल कार्रवाई की। टीम ने वर्ष 2022 के लीची लदी पिकअप लूटकांड के आरोपी विनोद पासवान को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पीपरा थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने बताया कि जून 2022 में महुआवा गांव के पास एनएच 27 पर हथियारबंद अपराधियों ने लीची लदी पिकअप वैन को लूटा था। इस मामले में पांच अपराधियों की पहचान की गई थी। तीन अपराधी पहले ही जेल भेजे जा चुके थे। विनोद पासवान फरार चल रहा था। गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने घोड़ासहन थाना क्षेत्र के श्रीपुर कसवा गांव में छापेमारी की। टीम ने विनोद को उसके घर से गिरफ्तार किया। छापेमारी में थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, अपर थानाध्यक्ष बबन कुमार और एसटीएफ के अधिकारी शामिल थे।

# 108 सरकारी विद्यालयों में मासिक परीक्षा का सफल आयोजन, पांच हजार से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल

निज संवाददाता | मोतिहारी

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, पटना के संयुक्त निदेशक के मार्गदर्शन में पूरे बिहार के सरकारी विद्यालयों में विभागीय निर्देश के आलोक में मासिक परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन करते हुए उन्हें कक्षा के स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। गुरुवार को परीक्षा के दूसरे दिन कक्षा 2 से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को इस मासिक मूल्यांकन परीक्षा में भाग लेने का अवसर दिया गया। पूर्वी चंपारण के अरेराज प्रखंड में कुल 108 सरकारी विद्यालयों में यह परीक्षा एक साथ आयोजित की गई, जिसमें लगभग पाँच हज़ार विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी विद्यालयों में विद्यालय प्रधान (एचएम) के नेतृत्व में विभाग द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार परीक्षा को सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया। परीक्षा का समस्त आयोजन विद्यालय स्तर पर पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुआ। राजकीय मध्य विद्यालय, झखड़ा की प्रधानाध्यापिका वीणा कुमारी ने बताया कि परीक्षा का आयोजन शिक्षक संतोष कुमार तिवारी के निर्देश में सुचारू रूप से किया गया। प्रश्नपत्र राज्य सरकार के ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए थे, जिसे प्रत्येक विद्यालय ने डाउनलोड कर परीक्षा के लिए प्रयोग में लाया।

डिजिटल माध्यम से प्रश्नपत्र की उपलब्धता ने समय की बचत के साथ-साथ पारदर्शिता भी सुनिश्चित की। अरेराज प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी विद्यालयों में परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। जीएमएस जितवारपुर के प्रधानाध्यापक नितेश्वर मिश्रा, यूएमएस जनेरवा के प्रधानाध्यापक रामजी प्रसाद, जीएमएस अरेराज बालक के अरविंद दुबे, यूएमएस कीएचएम के अरविंद भेलानारी के शिक्षक मदनमोहन नाथ तिवारी, जीपीएस अरेराज मंदिर की की प्रधानाध्यापिका सुगंधी कुमारी, जीएमएस नगदाहा के एचएम मुजीबुर्रहमान, जीएमएस मलाही कन्या के विकास कुमार आर्य तथा जीएमएस सलहा के एचएम मिंटू कुमार मिश्रा समेत अन्य विद्यालयों ने मासिक परीक्षा के सफल आयोजन की पुष्टि की है। शिक्षकों और विद्यालय प्रधानों के सामूहिक प्रयास से यह मासिक परीक्षा न केवल समय पर सम्पन्न हुई, बल्कि विद्यार्थियों में पढ़ाई को लेकर उत्साह भी देखने को मिला। सभी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति संतोषजनक रही और परीक्षा के प्रति उनकी तैयारी में सकारात्मक परिवर्तन देखा गया। यह मासिक परीक्षा विद्यार्थियों के लिए एक अहम कदम साबित होगी, जिससे वे नियमित मूल्यांकन के माध्यम से अपनी शैक्षणिक कमियों को पहचानकर सुधार की दिशा में अग्रसर हो सकेंगे।

## किराना स्टोर से 65 हजार रुपये की हुई चोरी

**पूर्णिया (नि. सं.)।** पूर्णिया के मरंगा थाना क्षेत्र में स्थित एक किराना स्टोर से 65 हजार रुपये की चोरी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। चोरी की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें चोर की तस्वीर भी साफ दिखाई दे रही है। घटना हरदा वार्ड नंबर 6 के साहू मार्केट की है, जहां पीड़ित दुकानदार दिलीप कुमार साह ने बताया कि बुधवार को वह स्टोर रूम से सामान निकालने गए थे। उस समय दुकान में कोई मौजूद नहीं था। उन्होंने जब वापस लौटकर काउंटर देखा तो पाया कि कैश बॉक्स खुला हुआ था और उसमें रखा 65 हजार रुपये का नकद पैसा गायब था। दुकानदार ने तुरंत सीसीटीवी फुटेज चेक किया तो उसमें एक युवक को काउंटर से पैसे निकालते हुए देखा गया, जो एक मिनट के अंदर पैसे लेकर वहां से फरार हो गया। इस चोरी की घटना के बाद दुकानदार ने स्थानीय पुलिस थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर की पहचान कर उसकी गिरफ्तारी के लिए कड़ी मेहनत कर रही है।

# हथियार के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार, देसी कट्टा, कारतूस और 3.47 लाख कैश हुआ बरामद

निज संवाददाता | पूर्णिया



पूर्णिया जिले में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सरसी थाना पुलिस ने एक विशेष छापेमारी में तीन सशस्त्र बदमाशों को गिरफ्तार किया है, जो इलाके में लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, कई मोबाइल फोन और 3 लाख 47 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान सहरसा जिले के परिहारपुर निवासी 23 वर्षीय मोहम्मद तौहिद, धनचोहा निवासी 30 वर्षीय मोहम्मद नौशाद और मधेपुरा जिले के सबैला चौक, दिधरा निवासी 26 वर्षीय मोहम्मद शाहरूख के रूप में हुई है। इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए सरसी थानाध्यक्ष मनीष चंद्र यादव ने बताया कि गलिबरी पुल के पास पुलिस द्वारा नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था, इसी दौरान कुछ ट्रक चालकों ने पुलिस को जानकारी दी कि कुसहा पुल के पास कुछ कार सवार अपराधी सड़क पर वाहनों को रोककर लूटपाट कर रहे हैं। इस इनपुट के आधार पर पुलिस तत्काल हरकत में आई और एसआई राजकुमार ठाकुर के नेतृत्व में निर्मल ढाबा के पास छापेमारी की गई, जहां तीनों अपराधियों को रंगे हाथों दबोच लिया गया। गिरफ्तारी के समय बदमाश किसी नई वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस की तत्परता के चलते उनके मंसूबों पर पानी फिर गया।

पुलिस ने इनके कब्जे से एक देसी कट्टा और तीन जिंदा कारतूस के अलावा भारी मात्रा में नकद राशि और मोबाइल फोन जब्त किए हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि यह गिरोह हाल के दिनों में हुई कई लूट की घटनाओं में संलिप्त रहा हो सकता है। फिलहाल पुलिस इन अपराधियों के आपराधिक इतिहास की गहराई से जांच कर रही है और यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इनके तार किसी बड़े गिरोह से जुड़े हैं या नहीं। इस पूरी कार्रवाई में सरसी थानाध्यक्ष मनीष चंद्र यादव के साथ एसआई आयुष राज, एसआई राजकुमार ठाकुर, एएसआई सूरज कुमार, गृहरक्षक चंदन कुमार और संजय कुमार की प्रमुख भूमिका रही। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन अपराधियों के पास से बरामद कैश की वैधता और स्रोत की भी जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है और आसपास के इलाकों में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि ऐसे तत्व दोबारा कोई आपराधिक गतिविधि अंजाम न दे सकें।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत लौटाया गया चोरी के 37 मोबाइल

निज संवाददाता | पूर्णिया



पूर्णिया में पुलिस की ओर से संचालित 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान के तहत एक बार फिर लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस ने शहर और जिले भर से खोए या चोरी हुए 37 मोबाइल फोन को बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को लौटा दिया। बरामद मोबाइल फोनों की कुल बाजार कीमत लगभग 5 लाख 65 हजार रुपये आंकी गई है। यह पूरी पहल पूर्णिया पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा के नेतृत्व में की गई, जिन्होंने स्वयं अपने कार्यालय में सभी मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंपे। मोबाइल वापस पाने वाले लोगों में उत्साह और कृतज्ञता का माहौल था। हर किसी ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और SP कार्तिकेय शर्मा को धन्यवाद दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि जब उन्हें उम्मीद तक नहीं थी कि उनका मोबाइल वापस मिलेगा, ऐसे में पुलिस का यह प्रयास किसी चमत्कार से कम नहीं है। SP कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि पूर्णिया जिले में मोबाइल चोरी और छिनतई की घटनाओं पर अंकुश लगाने और आम लोगों की मदद के लिए 'ऑपरेशन मुस्कान' अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत गुम हुए, खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रैक किया जाता है और फिर तकनीकी टीम की सहायता से उन्हें बरामद किया जाता है। बरामद मोबाइल को सत्यापन के बाद उसके वास्तविक धारक को लौटा दिया जाता है। इस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए पूर्णिया पुलिस ने एक गूगल लिंक भी जारी किया है, जिस पर लोग अपने गुमशुदा मोबाइल की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इस लिंक पर प्राप्त डाटा को पुलिस की टेक्निकल सेल नियमित रूप से मॉनिटर करती है और जरूरी इनपुट प्राप्त होते ही मोबाइल की खोज शुरू कर दी जाती है। मोबाइल धारक साह आलम ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए बताया कि एक साल पहले 4 मई को जब वह टोटो से बाजार से अपने घर लौट रहे थे, तभी बाइक सवार अपराधियों ने उनका मोबाइल छीन लिया था। उन्होंने तुरंत स्थानीय थाने में आवेदन दिया था, लेकिन समय बीतने के साथ उन्हें लगने लगा था कि उनका फोन शायद कभी नहीं मिलेगा। लेकिन जब पुलिस की ओर से फोन आया कि उनका मोबाइल बरामद हो चुका है और एसपी कार्यालय में उन्हें सौंपा जाएगा, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसी तरह मोबाइल प्राप्त करने वाले एक अन्य व्यक्ति अमित कुमार मिश्रा ने कहा कि 'ऑपरेशन मुस्कान' जैसे अभियानों से आम जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत होता है।

## दुल्हन की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत

**मोतिहारी (नि.सं.)।** मोतिहारी में गुरुवार को एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। उसका शव ससुराल में कमरे में फंदे से लटका मिला है। महिला के परिजन ने दहेज में हत्या का आरोप उसके ससुरालवालों पर लगाया है। घटना मधुबन थाना क्षेत्र के सवगिया पंचायत की है। मृतका की पहचान गुड्डी देवी के रूप में हुई है। इसकी शादी 6 महीने पहले हुई थी। पति की पहचा अर्जुन भगत से हुई थी। मृतका के पिता रामलाल भगत ने अपनी बेटी की मौत को दहेज हत्या बताया है। उनका आरोप है कि शादी के कुछ ही दिनों बाद से गुड्डी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। जब हमने मांग पूरी नहीं की तो अर्जुन ने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। फिर मामले को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी से लटका दिया।

# प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में मासिक आकलन परीक्षा जारी, विद्यार्थियों में दिखाई दिया उत्साह

निज संवाददाता | मोतिहारी

जिले के सभी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र की निरंतरता बनाए रखने और विद्यार्थियों के अधिगम स्तर का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से मासिक आकलन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। वर्ग 2 से लेकर वर्ग 8 तक के विद्यार्थियों के लिए यह परीक्षा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित की जा रही है। परीक्षा के संचालन के लिए प्रश्नपत्र 'ई-शिक्षा कोष पोर्टल' से विद्यालयों द्वारा डाउनलोड कर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस प्रक्रिया ने परीक्षा की तैयारी और संचालन को अधिक संगठित और समयबद्ध बनाया है। गुरुवार को जिले के विभिन्न स्कूलों में निर्धारित समय के अनुसार परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों की भागीदारी उत्साहजनक रही। इसी क्रम में मोतिहारी नगर स्थित राजकीय बाल निकेतन मध्य विद्यालय में भी परीक्षा का आयोजन किया गया। विद्यालय में अंग्रेज़ी विषय की परीक्षा ली गई, जिसमें कुल 202 नामांकित विद्यार्थियों में से 155 विद्यार्थी उपस्थित हुए और परीक्षा में भाग लिया।

परीक्षा का संचालन प्रधानाध्यापिका माधुरी कुमारी के निर्देशन में सम्पन्न हुआ, जबकि परीक्षा की निगरानी और संचालन की जिम्मेदारी वरीय शिक्षक संजय कुमार, मीरा सतप्रिया, शिवनाथ कुमार, मुन्नी कुमारी और राजीव रंजन ने बखूबी निभाई। परीक्षा के सफल आयोजन से यह स्पष्ट हुआ कि विद्यालय स्तर पर शैक्षिक गतिविधियों को लेकर शिक्षक और विद्यार्थी दोनों ही गंभीर हैं। विद्यार्थियों की संतोषजनक उपस्थिति से यह भी संकेत मिला कि मासिक आकलन परीक्षा के प्रति उनका रुझान सकारात्मक है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका माधुरी कुमारी ने बताया कि इस प्रकार की मासिक परीक्षाएं विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को निरंतर बनाए रखने में सहायक होती हैं और उन्हें अगले स्तर की तैयारी के लिए मानसिक रूप से तैयार करती हैं। मासिक आकलन परीक्षाएं न केवल बच्चों के ज्ञान का मूल्यांकन करने का माध्यम बन रही हैं, बल्कि शिक्षकों को भी यह समझने में मदद कर रही हैं कि किन विषयों पर विद्यार्थियों को अतिरिक्त मार्गदर्शन की आवश्यकता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से शिक्षकों को बच्चों के प्रदर्शन का त्वरित फीडबैक मिल रहा है, जिससे वे अपनी शिक्षण पद्धति को और बेहतर ढंग से ढाल सकते हैं।

# मधुबन में मनरेगा से बन रहे खेल मैदान अधूरे

निज संवाददाता | मधुबन (पूर्वी चंपारण)

पूर्वी चंपारण जिले के मधुबन प्रखंड की 13 पंचायतों में से 10 पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत खेल मैदानों का निर्माण कार्य किया जा रहा है, लेकिन फिलहाल यह कार्य अधूरा है और कई स्तरों पर बाधाओं का सामना कर रहा है। कुल 14 स्थानों पर निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है, मगर इनमें से एक भी स्थान पर काम पूरी तरह से पूरा नहीं हो पाया है। तालीमपुर, मधुबन दक्षिणी और भेलवा पंचायतों में भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण खेल मैदानों का निर्माण शुरू ही नहीं हो पाया है। वहीं, कोइलहरा पंचायत के भंवरूआ गांव में बनाए जा रहे खेल मैदान को लेकर स्थिति और भी चिंताजनक है। पंचायत की मुखिया कृष्णा देवी के प्रतिनिधि शिव शंभू प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि वहां बने रनिंग ट्रैक, बास्केटबॉल कोर्ट और बैडमिंटन कोर्ट को असामाजिक तत्वों द्वारा बार-बार क्षतिग्रस्त कर दिया जा रहा है। इस कारण निर्माण कार्य ठप हो गया है और टूटी हुई संरचनाएं जस की तस पड़ी हैं। इसकी शिकायत प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (पीओ), थाना और जिला स्तर पर की गई है। पीओ नवीन कुमार द्विवेदी ने बताया कि कोइलहरा पंचायत में हुए नुकसान की जांच के लिए पीआरएस (प्रौद्योगिकी सहायक) से रिपोर्ट बनवाई जा रही है, जिसे एसपी को भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी।

वहीं, भेलवा पंचायत में जो भूमि उपलब्ध हुई है, वह जलजमाव से ग्रसित है, जिसके कारण वहां निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पाया है। अन्य पंचायतों की स्थिति पर नजर डालें तो 14 स्थलों में से 11 पर ढ़लाई का कार्य हो चुका है और पोल भी लगाए जा चुके हैं। दो जगहों पर पोल लगाना अभी शेष है, जबकि एक जगह पहले से लगे पोल को क्षति पहुंचाई गई है। कोइलहरा को छोड़कर बाकी सभी खेल मैदानों में पेंटिंग का कार्य अंतिम चरण में है। मधुबन उत्तरी पंचायत में तीन स्थानों पर खेल मैदान बनाए जा रहे हैं, जबकि नवरंगिया माधोपुर और कौड़िया पंचायत में दो-दो तथा अन्य पंचायतों में एक-एक स्थान पर मैदान का निर्माण हो रहा है। प्रत्येक खेल मैदान पर लगभग 9 से 10 लाख रुपये की लागत आ रही है। इन मैदानों में बास्केटबॉल, बैडमिंटन, रनिंग ट्रैक, वॉलीबॉल के अलावा लंबी कूद, ऊंची कूद और कबड्डी जैसे खेलों के आयोजन की सुविधा प्रस्तावित है। सवंगिया पंचायत की मुखिया रजिया देवी के प्रतिनिधि धर्मेंद्र सहनी ने बताया कि सर्फी गोल चक्कर नामक स्थल पर बने खेल परिसर का थोड़ा काम अब भी बाकी है। कुछ पंचायतों में खेल सामग्री की खरीद भी की जा चुकी है, लेकिन मैदानों के अधूरे निर्माण के कारण उन्हें बच्चों के बीच वितरित नहीं किया जा सका है।

# सोन नगर और मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाईन तथा सासाराम से अनुग्रह नारायण रोड तक ऑटोमेटिक सिगनलिंग का राष्ट्र को समर्पण

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आज कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का राष्ट्र को समर्पण तथा शिलान्यास किया जाएगा, जिसमें हार्डिंग पार्क टर्मिनल प्लेटफार्म का शिलान्यास, सोन नगर और मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाईन का समर्पण तथा सासाराम से अनुग्रह नारायण रोड तक ऑटोमेटिक सिगनलिंग शामिल हैं। हार्डिंग पार्क टर्मिनल प्लेटफार्म के निर्माण से पटना जंक्शन पर यात्रियों की भीड़ को संभालने की क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे ट्रेनों के कंजेसन को कम करने में मदद मिलेगी। इस परियोजना की कुल लागत 95 करोड़ रुपये है, जो बेहतर ट्रेन शेड्यूलिंग और परिचालन दक्षता को बढ़ावा देगी। यात्रियों को एयरपोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, साथ ही इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। हार्डिंग पार्क टर्मिनल से यात्री सीधे सड़क मार्ग तक पहुंच सकेंगे, जिससे पटना आने-जाने वालों को शहर के जाम से निजात मिलेगी और यात्रा आसान होगी। भविष्य में यहां से मेल और एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन भी संभव होगा, जिससे पटना जंक्शन की परिचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। नए टर्मिनल में सभी प्लेटफार्म अंडरग्राउंड कनेक्टिविटी से जुड़े होंगे और यह स्टेशन निर्माणाधीन मेट्रो रेल, सड़क मार्ग तथा मल्टी मॉडल हब से सीधा जुड़ा रहेगा। सोन नगर और मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाईन का समर्पण होने से रेलवे की संचालन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, जिससे अंकोरा और नबीनगर में स्थित बिजली संयंत्रों तक कोयले की तेज और अधिक कुशल आवाजाही संभव हो सकेगी। इस लाइन का डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के लिए फीडर रूट के रूप में भी कार्य करेगा, जो बगहा बिशुनपुर स्टेशन यार्ड में रेलवे के साथ कनेक्टिविटी प्रदान करता है। इस कनेक्टिविटी के कारण लौह अयस्क, कोयला, उर्वरक, सीमेंट और चीनी जैसे मालों के परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। तीसरी रेल लाईन के कारण भारी मालगाड़ियों की आवाजाही सुगम होगी और अतिरिक्त यात्री एवं मालगाड़ियों का संचालन भी बेहतर होगा। इससे आसपास के क्षेत्रों में रेलवे कनेक्टिविटी एवं परिचालन दक्षता में सुधार होगा, जो स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को गति देगा। सासाराम से अनुग्रह नारायण रोड के मध्य 25 किलोमीटर लंबी दूरी पर लगाई गई ऑटोमेटिक सिगनलिंग परियोजना की लागत 43 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के बाद नई दिल्ली-हावड़ा मार्ग पर गति बढ़ेगी और यात्रा समय में कमी आएगी। इससे मौजूदा लाइन की क्षमता के साथ अधिक ट्रेनों का परिचालन संभव हो सकेगा, जिससे रेल यातायात की सहजता और सुरक्षा दोनों में सुधार होगा। इस आधुनिक सिगनलिंग व्यवस्था के कारण ट्रेन संचालन में त्रुटि की संभावना कम होगी और रेल मार्ग की दक्षता और विश्वसनीयता बढ़ेगी। इस प्रकार इन परियोजनाओं के समर्पण और शिलान्यास से न केवल रेलवे नेटवर्क की क्षमता और गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास तथा यात्री सुविधा को भी नया आयाम मिलेगा।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### विकास पर बल, भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर प्रभाव नहीं

सरकार लगातार देश की अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डालर तक पहुंचाने का संकल्प दोहराती रही है। दावा किया जाता है कि भारत जल्दी ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। इसके लिए प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ने का उत्साह नीति आयोग शासी परिषद की दसवीं बैठक में भी दिखा। इसमें प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से कहा कि अगर वे टीम इंडिया की तरह काम करें और हर राज्य, हर शहर, हर गांव को विकसित बनाने के लिए काम करें, तो आजादी की सौवीं वर्षगांठ से पहले ही देश को विकसित की श्रेणी में खड़ा किया जा सकता है।उन्होंने पर्यटन और शहरी विकास पर विशेष बल दिया। इस बैठक का विषय भारत को 2047 तक विकसित देश बनाने पर विचार करना था। यह एक तरह से केंद्र सरकार के विकासोन्मुखी कार्यक्रमों को और गति देने की मंशा के अनुरूप ही है। अक्सर विपक्षी दलों वाली राज्य सरकारों और केंद्र सरकार के बीच नीतियों का टकराव देखा जाता रहा है, जिसका असर विकास कार्यक्रमों पर पड़ता है। अच्छी बात है कि इस बैठक में प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों के साथ संबंधों में सहजता लाने का प्रयास किया। इसी का नतीजा है कि बैठक में किसी प्रकार का वैचारिक विरोध नजर नहीं आया। हालांकि कांग्रेस ने इस बैठक को लोगों का ध्यान भटकाने का सरकार का एक और प्रयास बताया है।इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि भारत दुनिया की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है और तमाम झटकों के बावजूद इसकी रफ्तार पर बहुत प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है। ऐसे में विकासशील देशों यानी वैश्विक दक्षिण देशों की उम्मीदें इससे और जुड़ती गई हैं। विश्व पटल पर व्यापारिक समझौतों आदि के मामले में भारत ने कई उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। ऐसे में अगर केंद्र और सभी राज्य सरकारें मिल कर विश्व मानकों के अनुरूप अपने शहरों, पर्यटन स्थलों और विनिर्माण योजनाओं पर गंभीरता से काम करें, तो एक मिसाल कायम हो सकती है।मगर असल चुनौती यही है कि केंद्र सरकार किस तरह राज्य सरकारों के साथ सौहार्द और सहयोग का रिश्ता कायम कर पाती है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री तो लगातार केंद्र की नीतियों और बैठकों आदि का विरोध करती रही हैं। इसके अलावा, विपक्षी दलों की राज्य सरकारों के साथ केंद्र के रिश्ते तनावपूर्ण देखे गए हैं। इसलिए केंद्र से ही अपेक्षा की जाती है कि वह इस तल्खी को दूर करने का प्रयास करे।विकास और अर्थव्यवस्था एक-दूसरे से नत्थी होते हुए भी कई मामलों में इनमें अलगाव भी होता है। जरूरी नहीं कि सकल घरेलू उत्पाद के आंकड़ों के आधार पर अर्थव्यवस्था की दर ऊंची होने पर देश में खुशहाली का स्तर भी ऊंचा हो। भारत में यह विरोधाभास गहरा है। एक तरफ विकास दर ऊंची है, तो दूसरी तरफ बेरोजगारी और गरीबी उन्मूलन के मामले में अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पा रही। शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रश्नांकित होती रहती हैं।अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में विकास दर संतुलित नहीं है। विनिर्माण क्षेत्र अब भी हिचकोले खा रहा है। इसकी बड़ी वजह है कि निर्यात बढ़ाने और व्यापार घाटा पाटने में अपेक्षित कामयाबी नहीं मिल पा रही। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश लक्ष्य के मुताबिक आकर्षित नहीं हो पा रहा। ऐसे में अगर केंद्र और राज्य सरकारें समन्वित रूप से काम करें, तो निस्संदेह कामयाबी की उम्मीद बनती है।

## आत्महत्या करने वाले सभी छात्रों की सोचें

(अशोक मधुप)

**देश में आत्महत्या के हर साल आने वाले मामलों में छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। आंकड़ों की बात करें तो साल 2021 में 13,089 छात्रों ने आत्महत्या की थी, जबकि, साल 2022 में 13,044 छात्रों ने आत्महत्या की।**

आईआईटी खड़गपुर सुसाइड को लेकर कोर्ट ने 14 मई को कहा था वो सिर्फ यह पता लगाने के लिए संज्ञान ले रहे हैं कि प्रशासन ने 'अमित कुमार एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य' मामले में जारी कोर्ट के निर्देशों का पालन कर एफआईआर दर्ज कराई है या नहीं।

हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने कोटा में हुई छात्रों की मौत पर सुनवाई की। इन पर चिंता जाहिर की। स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई, जबकि अकेले कोटा ही नहीं देशभर के छात्रों की मौत पर कार्रवाई होनी चाहिए। इन मौत की जांच होनी चाहिए। देशभर के छात्रों की आत्महत्या और इनको रोकने पर विचार होना चाहिए। स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कोटा में हो रहे स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा, कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं? स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं? एक राज्य के तौर पर क्या आपने इस पर कोई विचार नहीं किया? सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आईआटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। चार मई को एनइइटी एग्जाम से कुछ ही घंटे पहले कोटा के हॉस्टल में 17 साल की छात्रा का शव मिला था। चार मई को ही, आईआईटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 साल के स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। इन्हीं दोनों मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने छह मई को स्वतः संज्ञान लिया था। आईआईटी खड़गपुर सुसाइड को लेकर कोर्ट ने 14 मई को कहा था वो सिर्फ यह पता लगाने के लिए संज्ञान ले रहे हैं कि प्रशासन ने 'अमित कुमार एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य' मामले में जारी कोर्ट के निर्देशों का पालन कर एफआईआर दर्ज कराई है या नहीं। वहीं, कोटा में हुए सुसाइड को लेकर कोर्ट ने जवाब मांगा था कि एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई। जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की बेंच ने ये सुनवाई की थी। इसी के साथ कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश भी दिया था कि मेंटल हेल्थ और सुसाइड प्रिवेंशन के लिए बनने वाली नेशनल टास्क फोर्स यानी एनटीएफ के गठन के लिए 20 लाख रुपए दो दिन में जमा कराएं। बात पिछले सालों की करें, तो साल 2024 में कोटा में रहने वाले 17 स्टूडेंट्स ने सुसाइड किया था। पिछले साल जनवरी के महीने में 2 और फरवरी के महीने में 3 सुसाइड हुए थे। वहीं साल 2023 में कोटा में स्टूडेंट सुसाइड के कुल 26 मामले सामने आए थे। एमपी सुसाइड प्रिवेंशन टास्क फोर्स के मेंबर और साइकेट्रिस्ट डॉ सत्यकांत त्रिवेदी ने कोटा में हो रहे स्टूडेंट सुसाइड को लेकर कहा, 'किसी भी आत्महत्या का कोई एक कारण नहीं होता। वही एग्जाम सभी बच्चे दे रहे होते हैं। ऐसे में सुसाइड के लिए मिले-जुले फैक्टर्स जिम्मेदार होते हैं। इसमें जेनेटिक्स कारण, सामाजिक कारण, पियर प्रेशर, माता-पिता के एक्सपेक्टेशन्स, शिक्षा तंत्र सब शामिल है। डॉ त्रिवेदी कहते हैं कि कहीं न कहीं हम बच्चों को ये सिखाने में नाकामयाब हो जाते हैं कि स्ट्रेस, रिजेक्शन या फेलियर से कैसे डील करना है। आज बच्चा ये मानने लगा है कि उसका एकेडमिक अचीवमेंट उसके एग्जिस्टेंस से भी बड़ा है। बच्चा तैयारी छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, जीवन छोड़ने के लिए तैयार है। सोसायटी ने प्रतियोगी परीक्षाओं को बहुत ज्यादा महिमामंडित कर दिया है जिसकी वजह से बच्चा ये महसूस करता है कि मैं पूर्ण तभी हो सकूंगा जब कोई एग्जाम क्रैक कर लूंगा। देश में आत्महत्या के हर साल आने वाले मामलों में छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। आंकड़ों की बात करें तो साल 2021 में 13,089 छात्रों ने आत्महत्या की थी, जबकि, साल 2022 में 13,044 छात्रों ने आत्महत्या की। वहीं 2018 से 2020 के दौरान कुल 33,020 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। भारत युवाओं का देश है। यहां की 60 फीसदी से ज्यादा आबादी युवा है, लेकिन, अब इसी देश में हर 40 मिनट में एक युवा अपनी जान दे रहा है। ये आंकड़े स्टूडेंट सुसाइड- एन एपिडेमिक स्वीपिंग इंडिया रिपोर्ट की ओर से जारी किए गए हैं। दरअसल, देश में हर दिन 35 से ज्यादा छात्र आत्महत्या कर रहे हैं। साल 2018 से 2022 तक देश में 59,153 छात्रों ने आत्महत्या कर ली। स्टूडेंट सुसाइड- एन एपिडेमिक स्वीपिंग इंडिया रिपोर्ट, आईसी थ्री की साला कॉन्फ्रेंस में साझा की गई। इस रिपोर्ट को तैयार करने के लिए नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों का इस्तेमाल किया गया है। आईसी? 3 एक नॉन-प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन है जो पूरी दुनिया में शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत में जहां आत्महत्या की दर हर साल दो फीसदी की दर से बढ़ रही है, वहीं छात्रों में आत्महत्या की दर चार फीसदी की दर से हर साल बढ़ रही है। यानी देश में आत्महत्या के जितने मामले हर साल आते हैं, उनमें छात्रों की संख्या सबसे ज्यादा होती है। आंकड़ों की बात करें तो साल 2021 में 13,089 छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी, जबकि, साल 2022 में 13,044 छात्रों ने आत्महत्या की। वहीं 2018 से 2020 के दौरान कुल 33,020 छात्रों ने आत्महत्या की। छात्रों की आत्महत्या के अलग-अलग मामलों में अलग-अलग वजहें हैं, लेकिन ज्यादातर मामलों में सिर्फ एक वजह है। ये वजह है मेंटल हेल्थ। यूनिसेफ की एक रिपोर्ट कहती है कि भारत में 15 से 24 साल का हर सात में से एक आदमी खराब मेंटल हेल्थ की समस्या से जूझ रहा है। सबसे बड़ी बात तो ये है कि लोग अपनी मेंटल हेल्थ की समस्या को गंभीरता से नहीं लेते, यूनिसेफ के इस सर्वे में ही जितने लोगों ने भाग लिया, उसमें से सिर्फ 41 फीसदी लोग ही अपनी मानसिक समस्या के समाधान के लिए काउंसलर के पास गए। यानी 59 फीसदी लोगों ने इस समस्या को जैसे का तैसा छोड़ दिया। देश को चाहिए कि वरिष्ठ मनोवैज्ञानिकों की कोई प्रदेश स्तर पर ऐसी कोई संस्था बनाए तो तकनीकि शिक्षा के लिए कोचिंग करने वालों और तकनीकि शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र?छात्राओं के मानसिक स्तर की समय-समय पर जांच करे। उनकी कोंसलिंग करे। उनकी समस्याओं पर विचार कर छात्र-छात्राओं का सही मार्ग दर्शन करे, ताकि वह आत्महत्या न कर, विपरीत परिस्थिति से संघर्ष करना सीखें। उन्हें जीवन जीने की कला सिखाई जाए। अगर विशेषज्ञ समझें तो कोचिंग करने वाले और तकनीकि शिक्षा प्राप्त करने वाले युवाओं को मेडिटेशन या ध्यान से भी जोड़ा जा सकता है। इससे युवाओं में विषय के प्रति एकाग्रता बढ़ेगी। चिंतन शक्ति का विकास होगा। निगेटिव विचार कम होंगे। ये मेडिटेशन या ध्यान उन्हें पूरे जीवन के लिए नई ऊर्जा प्रदान करेगा। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं) (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## तेरी रगों में क्या बह रहा है

(रमेश जोशी)

आज तोताराम ने आते ही हमसे प्रश्न किया- तेरी रगों में क्या बह रहा है? हमने कहा- यह भी कोई प्रश्न है ? हम मनुष्य हैं और सभी मनुष्यों जैसे ही दो हाथ पैर वाले, जमीन पर हगने-चलने वाले, मुँह से दो रूखी-सूखी रोटी खाने वाले हैं । जो दूसरे मनुष्यों की रगों में बहता है वही हमारी रगों में बहता होगा । जब कहीं कट जाता है तो लाल रंग का तरल पदार्थ निकलता है जिसे लहू या खून कहते हैं । पहले कुएँ से निकालकर पानी लाया करते थे लेकिन अब तो कोई सत्तर साल से जैसा भी गँदला-साफ पानी नल में आता है वही पीते हैं । हो सकता है अब रगों में वही बहता हो । फिर भी दावे से कुछ नहीं सकते । बोला- वह बात नहीं है लेकिन अब जब से पहलगाँव में 26 पर्यटकों की नृशंस हत्या हुई है तब से जैसे मोदी जी की रगों में गरम सिंदूर बह रहा है वैसे तेरी रगों में क्या बह रहा है ? हमने कहा- मोदी जी असामान्य हैं, अलौकिक हैं । उनकी रगों में कुछ भी बह सकता है ।पहले शायद खून ही बहता होगा लेकिन अब अवसरानुकूल, आवश्यकतानुसार सिंदूर बहने लगा है । कभी उनकी रगों में देश प्रेम बहने लग जाता है । देवताओं पर कोई नियम लागू नहीं होता । उनके कितने भी सिर, कितने भी हाथ-पैर, नेत्र हो सकते हैं, वे कभी भी कहीं भी जा सकते हैं, जल में समाधि लगा सकते हैं, आकाश में उड़ सकते हैं । कोई भी रूप धारण कर सकते हैं । रमेश विधूड़ी की रगों में मुसलमानों के प्रति घृणा बहती है, योगी जी की रगों में बुलडोजर बहता होगा तो अमित जी रगों में कानून व्यवस्था और सुशासन बहता हो । बोला- मैं तुझसे तेरे बारे में बात कर रहा हूँ और तू बिना बात ही दुनिया की रामायण मुझे सुना रहा है । हमने कहा- पहलगाँव की घटना पर हमें भी बहुत दुख हुआ था, क्रोध आया था लेकिन हम क्या कर सकते थे । हम कोई मोदी जी तो हैं नहीं जो बादलों का फायदा उठाकर राडार को धता बताकर घर में घुसकर मार दें । हमसे तो मच्छरदानी में घुसा हुआ मच्छर तक नहीं मरता । 23 अप्रैल को अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी समिति के 22 वें अधिवेशन में भाग लेने के लिए अमेरिका जाना था लेकिन उसी दिन कोई 4-5 घंटे पहले बहुत जी घबराया और कमजोरी अनुभव हुई तो बच्चों ने रोक लिया । कहा- अकेले नहीं जाने देंगे । फिर 26 को जयपुर दिखाया तो पता चला कि ब्लोकेज कुछ बढ़ गया लेकिन आयु को देखते हुए कोई भी छोटा-बड़ा ऑपरेशन नहीं करेंगे । बस, पथ्य-परहेज से रहो । बोला- तो फिर लगे हाथ डाक्टर से यह भी पूछ लेता कि जैसे वीरता के कारण मोदी की रगों में सिंदूर बहने लगा वैसे ही कहीं कायरता और डर के मारे तेरा खून कॉकरोच के खून की तरह सफेद न हो गया हो या पानी ही न हो गया हो । हमने कहा- ये सब बकवास है । खून खून होता है । वह किसी प्रधानमंत्री या सामान्य आदमी या हिन्दू मुसलमान, संघी-लीगी के हिसाब से नहीं होता । खून ए बी सी डी आदि ग्रुपों के हिसाब से होता है । और खून केवल रगों में दौड़ने के लिए नहीं होता उसे गालिब की तरह समय पर आँख से भी टपकना चाहिए , भीम की तरह द्रौपदी के चीरहरण के समय दु:शासन की जांघ तोड़ने के लिए प्रतिज्ञ होना चाहिए, राम की तरह ऋषि-मुनियों की हड्डियों के ढेर को देखकर 'भुज उठाय प्रण करके' उनका विनाश भी करना चाहिए । सेना की वर्दी तो फ़ोटो खिंचवाने के लिए फ़ोटो स्टूडियो में भी मिल जाएंगी । ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5746


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 8 | | 6 |
| | | 3 | 8 | | 2 | | | |
| 6 | | | | | 4 | 9 | 5 | |
| 3 | 6 | | | 1 | | | | |
| 4 | | | 3 | | 5 | | | 7 |
| | | | | 2 | | | 3 | 9 |
| | 9 | 1 | 5 | | | | | 4 |
| | | | 2 | | 1 | 7 | | |
| 8 | | 4 | | | | 2 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5745

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 6 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 |

## वर्ग पहेली 5746



संकेत: बाएं से दाएं
1. 2 जुलाई 2012 को इस देश ने इटली को 4-0 से हराकर यूरो कप फुटबाल 2012 जीत लिया और लगातार तीन बड़े खिताब जीतने वाला पहला देश बना (3)
3. एक सूर्यवंशी राजा का नाम जो दशरथ के पिता थे (2)
5. शमन करने वाला (3)
7. तरंगित होना, कंप युक्ति गति होना (4)
11. ऐसा रोग जिसमें शरीर का कोई अंग सुन्न या बेकार हो जाता है (3)
12. फौजी भाइयों के लिए विविध भारती से प्रसारित एक दैनिक कार्यक्रम (4)
13. अस्तबल, घुड़साल (4)
14. लोहा, इस्पात (3)
15. मामला, कोइ गूढ बात (3)
17. पंच तत्वों में से एक, आब, नीर (2)
18. सुख, चैन, आराम, शांति (3)
19. साज, बजाने का यंत्र (2)
20. हस्त, कर, दस्ता, मूठ (2)
22. संतान उत्पन्न करना, जन्म देने का भाव (4)
23. लुप्त हो जाना, रहने की जगह, वास स्थान (3)

ऊपर से नीचे(2)
1. विशेष व्यक्ति अथवा अवसर के लिए निश्चित, खास (3)
2. उपकार मानने वाला, कृतज्ञ (6)
4. भूकंप, भूडोल, पृथ्वी का कांपना (4)
6. परेड, ड्रिल, नियमावली, कार्य विधि (4)
8. थोड़ा, अल्प (2)
9. वे भाई जो श्रीराम से छोटे हों (4)
10. गंदे पानी बहने के लिए बनाया गया कृत्रिम जल मार्ग (2)
14. सेना को यह भी कहा जाता है (2)
15. स्वत्व हानि, मान-अपमान (4)
16. संख्या, समूह, पुंज (2)
18. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर-जोर से पुकारे जाते है (3)
19. वेष, सजधज (3)
21. सूखी धरती (2)

### वर्ग पहेली 5745 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घा | ना | | अ | म | र | ना | थ |
| त | त | | मा | ल | वा | | प |
| ता | | भा | व | ना | | व | क |
| क | ला | | स्या | | सा | र | ना |
| ना | न | क | | र | म | क | |
| | त | ह | ल | का | | न्या | य |
| आ | | र | | बी | ना | | हू |
| प | त | वा | र | | का | लिं | दी |

## आज का राशिफल

### मेष
आज दिन करियर और धन दोनों क्षेत्रों में धीरे-धीरे सुधार लेकर आ रहा है। जो लोग लंबे समय से आर्थिक तंगी का सामना कर रहे थे, उन्हें राहत मिलने के संकेत हैं। किसी बड़े क्लाइंट से डील फाइनल हो सकती है। पार्ट टाइम काम या फ्रीलांसिंग के जरिए अतिरिक्त आमदनी के स्रोत खुल सकते हैं। नौकरी में बॉस या सीनियर की अपेक्षाएं बढ़ेंगी।

### वृष
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको किसी महत्वपूर्ण संपर्क से लाभ मिल सकता है। कोई पुराना क्लाइंट या कस्टमर दोबारा आपके पास आ सकता है। व्यवसाय में रुकावटें समाप्त होंगी और आपको नई शुरुआत का अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं। आपको रुका हुआ धन मिल सकता है।

### मिथुन
आज दिन का आरंभ बहुत ही शानदार हो सकता है। करियर में नई ऊंचाइयां छूने का अवसर मिलेगा। कोई पुराना प्रॉजेक्ट जो अधूरा था, अब पुनः सक्रिय होगा और आर्थिक लाभ लाएगा। विरोधियों की चालें असफल होंगी। व्यापारी वर्ग के लिए टैक्स या सरकारी कामों में राहत मिल सकती है।

### तुला
आज दिन लाभ से भरा होगा और घर में खर्चों की वृद्धि संभव है, लेकिन आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी। जीवनशैली को बेहतर बनाने की सोच प्रमुख रहेगी। रियल एस्टेट, ऑटोमोबाइल या घरेलू सामग्रियों से जुड़े व्यापारियों को अच्छा मुनाफा होगा। ऑफिस में उच्च अधिकारियों से मेल-जोल बढ़ेगा, जिससे पदोन्नति के द्वार खुलेंगे।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और आपकी कार्यक्षमता सभी को चकित करेगी। कार्यक्षेत्र में अप्रत्याशित प्रगति होगी, जिससे आत्मविश्वास और बढ़ेगा। आपको कोई नया क्लाइंट या प्रॉजेक्ट मिल सकता है जो भविष्य में आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगा। प्रमोशन या स्थानांतरण का योग है। यदि आप खुद का व्यवसाय शुरू करने की सोच रहे हैं, तो रिसर्च करें और आगे बढ़ें।

### धनु
आज धन के मामले में लाभ होगा और धन की अधिक आवश्यकता महसूस हो सकती है। भाई-बहनों से संबंधित कोई आर्थिक निर्णय लेना पड़ सकता है। करियर में कुछ नया करने का अवसर मिल सकता है, विशेषकर जो लोग ट्रांसफर या नई नौकरी की तलाश में हैं उनके लिए दिन शुभ है। ऑनलाइन व्यापार, एजुकेशन या हेल्थकेयर सेक्टर में लाभ होगा।

### कर्क
आज दिन सम्मान से भरा होगा। धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों में आपकी भागीदारी बढ़ने से आपको लाभ होगा। जिससे नए व्यवसायिक अवसर प्राप्त होंगे। करियर में उत्थान के लिए दिन अनुकूल है। प्रॉपर्टी से जुड़े कामकाज या सौदे लाभ देंगे। साझेदारी में काम कर रहे लोगों को पारदर्शिता बनाए रखनी होगी। अभी की गई मेहनत आने वाले हफ्तों में फल देगी।

### सिंह
आज उच्चाधिकारियों से अच्छा सहयोग मिलेगा जिससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। आयात-निर्यात या विदेशी व्यापार से जुड़े लोगों को बड़ी डील मिलने की संभावना है। मीडियाकर्मी, कलाकार और लेखक आज रचनात्मक ऊंचाई तक पहुंच सकते हैं। धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि आपकी एकाग्रता बढ़ाएगी।

### कन्या
आज आप साहसिक फैसले ले सकते हैं और उनका लाभ भी मिलेगा। शोध, शिक्षा, योग, आयुर्वेद और आध्यात्म से जुड़े कार्यों में आपको प्रसिद्धि और धन दोनों मिलेगा। गुप्त शत्रुओं और ईर्ष्यालु साथियों से सतर्क रहें। कोई पुराना कर्ज वापस मिल सकता है।

### मकर
आज ग्रहों की स्थिति आपके लिए करियर में तेज़ी और चुनौतियां दोनों ला सकती है। अत्यधिक व्यस्तता के बावजूद आप अपने कार्यों को उत्साहपूर्वक पूरा करेंगे। आय में वृद्धि के संकेत हैं, लेकिन मेहनत उससे अधिक करनी पड़ेगी। कोई नया व्यवसायिक अनुबंध मिलने की संभावना है। फाइनेंस, टेक्नॉलजी, एनालिटिक्स और मेडिकल फील्ड के जातकों को लाभ मिलेगा।

आज किसी कारण से मानसिक तनाव में रह सकते हैं, जिसका असर आपके निर्णयों पर पड़ सकता है। पैसों की चिंता कुछ हद तक वास्तविक है, परंतु कुछ भ्रम और संदेह आपके खुद के मन से उपजे हैं। ऑफिस में सहकर्मियों से विवाद की स्थिति बन सकती है। कार्यस्थल पर रणनीतिक समझदारी से ही आप विरोधियों पर विजय प्राप्त कर सकते हैं। बिजनस में पुरानी योजनाएं फिर से सक्रिय हो सकती हैं।

### मीन
आज दिन पेशेवर अस्थिरता और तनाव के साथ शुरू हो सकता है, लेकिन धीरे-धीरे चीजें ठीक होंगी। नौकरी में नई ज़िम्मेदारियां मिल सकती हैं जिससे आपकी स्थिति मजबूत होगी। बिजनस में उतार-चढ़ाव रहेगा, रचनात्मक कार्य, डिजाइन, मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े जातकों के लिए शुभ समय है। आराम और विलासिता से दूर रहें और समय प्रबंधन में सुधार करें। अनावश्यक व्यय पर नियंत्रण रखें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# पदाधिकारी और कर्मी श्रावणी मेले से पहले कार्य को करे दुरुस्त : उपायुक्त



निज संवाददाता | दुमका

श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों और कर्मियों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य श्रावणी मेला जैसे विशाल और आस्था से परिपूर्ण आयोजन को सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करना था, ताकि बासुकीनाथ धाम पहुंचने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे श्रद्धा व शांति के साथ दर्शन-पूजन कर सकें। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मेले की तैयारियों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है, जहां शिव भक्त बड़ी संख्या में कांवर यात्रा पूरी कर बासुकीनाथ बाबा के दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, शौचालय, स्वास्थ्य, यातायात और सुरक्षा जैसे तमाम पहलुओं को लेकर व्यवस्था दुरुस्त करना अनिवार्य है। बैठक में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि शिवगंगा सरोवर की जल्द से जल्द सफाई की जाए, ताकि श्रद्धालु वहां स्नान कर सकें। कांवरिया पथ पर स्थित सभी चापानलों की मरम्मत और पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

टेंट सिटी, जहां प्रतिदिन हजारों कांवरिए विश्राम करते हैं, वहां पर्याप्त रौशनी, सुरक्षा व्यवस्था और साफ-सफाई बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया। पुलिस विभाग को निर्देश दिया गया कि टेंट सिटी और मेला क्षेत्र में समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा भीड़ नियंत्रण के लिए आवश्यक प्रबंध किए जाएं। उपायुक्त ने यह भी कहा कि मेला क्षेत्र का पूरा मैप तैयार कर उसमें सभी महत्वपूर्ण स्थलों को चिह्नित किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचने में सुविधा हो। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की आस्था को ध्यान में रखते हुए मेला परिसर में जगह-जगह एलईडी स्क्रीन लगाए जाएंगे, जिन पर गर्भगृह का सीधा प्रसारण किया जाएगा ताकि जो श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश न कर पाएं वे बाहर से ही बाबा के दर्शन कर सकें। बैठक में निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर परिषद प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। सभी को उनके-अपने विभागों से संबंधित कार्यों की सूची सौंपते हुए उपायुक्त ने यह भी कहा कि सभी कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक के माध्यम से जिला प्रशासन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और शांति पूर्ण श्रद्धा-परंपरा को बनाए रखने के लिए प्रशासन हरसंभव प्रयास करेगा। उपायुक्त ने अंत में सभी अधिकारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने और समयबद्ध रूप से सभी तैयारियों को पूर्ण करने का आह्वान किया।

## झारखंड दिव्यांग क्रिकेट संघ ने किया कोडरमा उपायुक्त का पुष्प अभिनंदन

निज संवाददाता | कोडरमा



झारखंड दिव्यांग क्रिकेट संघ की ओर से गुरुवार को कोडरमा के नवपदस्थापित उपायुक्त ऋतुराज का उनके कार्यालय में पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से अभिनंदन किया गया। संघ के महासचिव मनीष कुमार सिंह ने बताया कि ऋतुराज पूर्व में गोड्डा जिले में प्रशिक्षु आईएएस और एसडीएम के रूप में कार्यरत रहे हैं, जहां उन्होंने अपने प्रशासनिक कार्यों, समाज के सभी वर्गों के साथ समन्वय और खेल के प्रति रुझान के माध्यम से एक मजबूत एवं प्रेरक छवि बनाई। उनके कार्यकाल को गोड्डावासियों ने काफी सराहा था। इस अवसर पर संघ की ओर से गठित दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने कोडरमा जाकर उन्हें बधाई दी। प्रतिनिधिमंडल में संघ के संयुक्त सचिव बलराम महतो एवं सदस्य विष्णु कुमार शामिल थे। दोनों ने कोडरमा उपायुक्त कार्यालय में श्री ऋतुराज को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया और उन्हें झारखंड दिव्यांग क्रिकेट संघ की ओर से भविष्य में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए सहयोग का आग्रह किया। ऋतुराज ने इस मुलाकात के दौरान दिव्यांग क्रिकेट के क्षेत्र में संघ के प्रयासों की सराहना की और कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों को उचित मंच और संसाधन उपलब्ध कराना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि कोडरमा में भी दिव्यांग खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया जाएगा।

# नाबार्ड और केवीके द्वारा एसएचएफपीओ के बोर्ड आफ डायरेक्टर की हुई बैठक


निज संवाददाता | गोड्डा

नाबार्ड और कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संपोषित हरगौरी कृषक उत्पादक संगठन, गोड्डा के बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक नगर अंतर्गत नंद वाटिका के सभागार में आयोजित किया गया। वित्तीय वर्ष 2025- 26 के लिए एक्शन प्लान बनाने हेतु सभी प्रखंड से बोर्ड आफ डायरेक्टर के साथ प्रगतिशील किसान इस बैठक में शामिल हुए। इस बैठक की अध्यक्षता हरगौरी एफपीओ के संरक्षक श्यामाकांत झा ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन एफपीओ के सीईओ अमरेंद्र कुमार अमर ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। मनोज कुमार सिंह का स्वागत शिवनारायण यादव, कपिल देव यादव, रीता देवी, प्रमोद कुमार बैद्य पुष्प गुच्छ देकर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में आत्मा के डिप्टी डायरेक्टर मनोज कुमार ठाकुर एवं संरक्षक श्याम कांत झा का स्वागत बोर्ड आफ डायरेक्टर नारायण कापरी, रूपेश कुमार यादव एवं विमला देवी ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उक्त बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2025-26 के लिए एक्शन प्लान के तहत किसानों को कई तरह के प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया जिसमें बकरी पालन, मशरूम की खेती, मल्टी लेयर फार्मिंग, पारावेट ट्रेनिंग, केसीसी के तहत गौ पालन, सुगंधित पौधा उत्पादन करने का प्रशिक्षण, बनारस स्थित सब्जी अनुसंधान केंद्र में प्रशिक्षण बटन मशरूम कंपोस्ट बनाने का प्रशिक्षण मुख्य है। अमरेंद्र कुमार अमर ने कहा कि ऊपर लिखित सभी संवर्ग के प्रशिक्षण हेतु आत्मा, कृषि विज्ञान केंद्र, आरसेटी पशुपालन विभाग के साथ अन्य संस्थाओं को पत्र भेज कर प्रशिक्षण कराने का आग्रह किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पशुपालन पदाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा की हरगौरी कृषक उत्पादक संगठन जिला में अग्रणी कृषक संगठन है और संगठन के सभी सदस्य काफी सक्रिय रूप से काम करते हैं इस बार मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत रीता देवी सहित कई महिलाओं ने 100 से ज्यादा गरीब महिलाओं को बकरी पालन से जोड़कर अच्छा कार्य किया है जो सराहनीय है। बकरी पालन का जिला में अच्छा माहौल है। सीईओ अमरेंद्र कुमार अमर जी के आगरा पर कृषक संगठन के कई किसान राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना को करने को इच्छुक है और उसके तहत बकरी पालन का बड़ा फॉर्म खोल सकते हैं। मनोज कुमार सिंह ने बताया कि किस प्रकार एनएम योजना पानी के लिए क्या-क्या अहर्तायें पूरा करनी होती है।

जो काफी सरल है और उन्होंने कहा मैं इस कार्य के लिए सभी आवेदनकर्ताओं को मदद करूंगा। उन्होंने उपस्थित कृषकों को वेट ट्रेनिंग कर राज्य के पशुओं के लिए टीकाकरण अभियान में सहयोग करने की अपील की ताकि हमारा राज्य पशुओं में होने वाले बीमारियों से मुक्त रहे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डिप्टी प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनोज कुमार ठाकुर ने झारखंड सरकार की किसान समृद्धि योजना और कुसुम योजना और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और कहा की इस योजना से आप सभी किसान आवेदन करें और इसका लाभ उठाएं किसी भी तरह की समस्या होने पर वह उसका समाधान करेंगे। हरगौरी एफपीओ के सीईओ अमरेंद्र कुमार अमर ने आए हुए सभी कृषकों का स्वागत करते हुए कहा कि हरगौरी कृषक उत्पादक संगठन नाबार्ड और कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा संचालित होती है और उनके सहयोग से पिछले वर्ष में बहुत सारे उपलब्धियां को हासिल किया, जिसमें प्रमुख रूप से सुगंधित पौधों का डिस्टलेशन यूनिट सफलतापूर्वक अधिष्ठापित कर लिया गया। साथ ही फल सब्जी को सुरक्षित रखने के लिए 5 एमटी का सोलर कोल्ड रूम भी अंतिम प्रक्रिया में है। इस बार किसानों को प्रदर्शनी के तौर पर ग्राम कन्हवारा में मल्टी लेयर फार्मिंग का एक मॉडल विकसित किया जा रहा है जिसे देखकर किसान कम भूमि में ज्यादा से ज्यादा फसल उत्पादन और अपने आमदनी को बढ़ा सकेंगे। कन्हवारा स्थित मशरूम क्रॉप हाउस में सालों भर तरह-तरह के मशरूम के वैरायटी का उत्पादन और उसका मूल्य संवर्धन कर कई संस्थानों सहित कृषि कॉलेज के छात्र-छात्राओं को वैज्ञानिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। हाईटेक नर्सरी में ज्यादा उत्पादन देने वाली रेड लेडी पौधा को तैयार कर किसानों को इसका प्रशिक्षण के साथ खेती करने का हुनर बताया जा रहा है। एफपीओ से जुड़कर किसान काफी समृद्ध और वैज्ञानिक खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। वहीं दर्जनों महिलाओं को बैंक से क्रेडिट लिंकेज के तहत जोड़कर उन्हें मूल्य संवर्धन के लिए लोन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। ओल की खेती के लिए तीन गांव का चयन कर लगभग 80 किसान वैज्ञानिक तरीके से ओल का खेती कर रहे हैं।

# गोड्डा में 8 जून को होगा सहकारिता सम्मेलन

निज संवाददाता | गोड्डा



झारखंड राज्य सहकारी बैंक की गोड्डा शाखा में शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के विभिन्न पैक्स और लैंप्स प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता बैंक की निदेशक अर्चना झा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सहायक निबंधक सहकारिता समितियां, गोड्डा, कुमार सूरज उपस्थित रहे। इस बैठक में 8 जून को सहकारिता सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया, जो जिले में सहकारी आंदोलन को नई दिशा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। बैठक के दौरान कुमार सूरज ने कहा कि सहकारिता प्रणाली अब पहले से कहीं अधिक सशक्त और संगठित हो रही है। उन्होंने सभी पैक्स अध्यक्षों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सदस्यता अभियान चलाएं और ज्यादा से ज्यादा किसानों को इस आंदोलन से जोड़ें, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। निदेशक अर्चना झा ने जानकारी दी कि पैक्स के माध्यम से किसानों को केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) के तहत ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे कृषि कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में मदद मिल रही है।

शाखा प्रबंधक रंजन कुमार ने बताया कि वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है, इसी क्रम में यह बैठक और आगामी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 8 जून को आयोजित होने वाले सहकारिता सम्मेलन में झारखंड राज्य सहकारी बैंक के शेयर होल्डर के रूप में चिन्हित जिले के 103 पैक्स और लैंप्स के बीच शेयर सर्टिफिकेट का वितरण किया जाएगा, जिससे उन्हें सहकारी व्यवस्था में भागीदारी का विधिक प्रमाण भी प्राप्त होगा। सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैंक प्रशासन और सहकारिता विभाग सक्रिय नजर आ रहा है। बैठक में राजमहल शाखा प्रबंधक सुप्रकाश रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस बैठक में त्रिपथगा मेहरमा पैक्स अध्यक्ष परमानंद झा, द्रुपद पैक्स अध्यक्ष सच्चिदानंद साह, धमनी लैंप्स अध्यक्ष माणिकलाल दत्ता, सुन्दरपहाड़ी लैंप्स अध्यक्ष दिलोज ठाकुर, कदमा पैक्स अध्यक्ष गुलाम सर्वर समेत कई अन्य पैक्स अध्यक्ष भी शामिल हुए।

## आराध्या फाउंडेशन ने शादी में दी आर्थिक सहायता

गोड्डा (नि.सं.)। जिला के सनौर गांव में एक बेटी के विवाह के अवसर पर सामाजिक सरोकार निभाते हुए आराध्या फाउंडेशन ने एक बार फिर मानवता और सेवा का परिचय दिया। फाउंडेशन के संस्थापक सह अध्यक्ष शधीरज ठाकुर के निर्देशानुसार, टीम फाउंडेशन ने ग्रामीण बजरंगी तत्वा के घर पहुंचकर विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान किया और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। वहीं फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह सहयोग सिर्फ एक मदद नहीं, बल्कि बेटी के भविष्य की नींव में एक सकारात्मक प्रयास है। धीरज ठाकुर के नेतृत्व में आराध्या फाउंडेशन लगातार समाज के वंचित वर्गों की सहायता में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने फाउंडेशन के इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक प्रेरणा बताया। इस अवसर पर फाउंडेशन के कई स्वयंसेवक भी उपस्थित थे, जिन्होंने विवाह आयोजन में सहयोग कर आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

# सामाजिक अंकेक्षण को लेकर एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

निज संवाददाता | पथरगामा



सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पारदर्शिता और प्रभावशीलता को सुनिश्चित करने की दिशा में पथरगामा प्रखंड मुख्यालय के सभागार में गुरुवार को एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने हेतु आयोजित की गई थी। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह था कि ग्रामीण स्तर पर संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जमीनी सच्चाई का पता लगाया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। इसके तहत राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, तथा राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना जैसे प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत बोहा पंचायत से की गई, जहां से सामाजिक अंकेक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। सामाजिक अंकेक्षण दल द्वारा यह जांच की जाएगी कि लाभार्थियों को समय पर पेंशन मिल रही है अथवा नहीं, पात्रता की शर्तों का पालन हो रहा है या नहीं, और क्या कोई अपात्र व्यक्ति इन योजनाओं का अनुचित लाभ उठा रहा है। अंकेक्षण रिपोर्ट के प्रथम पृष्ठ पर ऐसे सभी तथ्यों को उजागर किया जाएगा, ताकि जिला और प्रखंड स्तर पर प्रशासनिक अधिकारी आवश्यक सुधारात्मक कदम उठा सकें। इस कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख अवधेश शाह, प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश कुमार गौतम, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, पंचायत प्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं, जलसहिया, पंचायत सचिव, मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सामाजिक अंकेक्षण दल में जिला श्रोत रामजीवन आहड़ी, बीआरपी मुकु बेसरा, अंजू कुमारी, खूबलाल साह, नीलेश कुमार ठाकुर सहित अन्य प्रशिक्षित सदस्य मौजूद रहे। इन सभी ने योजनाओं के सत्यापन कार्य में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई।

# मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर किशोरियों ने दिया सशक्त संदेश

निज संवाददाता | गोड्डा




महिला स्वास्थ्य को लेकर सामाजिक जागरूकता बढ़ाने और मासिक धर्म से जुड़े अंधविश्वास को तोड़ने के उद्देश्य से साथी संस्था द्वारा मंगलवार को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर एक सशक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सुन्दरपहाड़ी प्रखंड के कुसमाहा, तिलाबाद, करमाटांड और बोआरीजोर प्रखंड के बड़ा बोआरीजोर, जामुझरना तथा मेघी पंचायत में किशोरी सशक्तिकरण पर केन्द्रित चल रहे समर कैंप के तीसरे दिन आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत 'शर्म नहीं, सम्मान है – औरत की पहचान है' जैसे प्रेरणादायक नारों से हुई, जिसे उपस्थित किशोरियों ने उत्साहपूर्वक बुलंद किया। इस अवसर पर संस्था की प्रतिनिधि सुचित्रा देवी ने उपस्थित बालिकाओं और महिलाओं को मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 28 मई को दुनियाभर में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य है–समाज में पीरियड्स को लेकर खुली बातचीत को प्रोत्साहित करना, इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और महिलाओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक मासिक धर्म अनुभव के लिए प्रेरित करना। सुचित्रा देवी ने मासिक धर्म स्वच्छता को केवल एक व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मासिक धर्म के दौरान शरीर की सफाई, सैनिटरी पैड का सही उपयोग, नियमित कपड़ों की सफाई और स्वच्छता के अन्य उपाय अपनाना आवश्यक है। साथ ही यह भी बताया कि स्वच्छता बनाए रखने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक और सामाजिक रूप से भी लड़कियां सशक्त महसूस करती हैं। कार्यक्रम में साथी संस्था की पियर मेंटर्स सुनीता मीनू और अमिता सीमा ने किशोरियों के बीच खुलकर बातचीत की और उनसे मासिक धर्म से जुड़ी गलतफहमियों को साझा कर उन्हें वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान पोषणयुक्त आहार लेना, पर्याप्त आराम करना, जल का सेवन बढ़ाना और मानसिक तनाव से बचना बेहद जरूरी है। इस संवादात्मक सत्र में दर्जनों किशोरियों और महिलाओं ने भाग लिया और खुलकर अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त कीं।

## मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

हरिहरगंज (नि.सं.)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणामों में सतगांवा स्थित केनरा बैंक के पीछे देवी मंदिर के समीप संचालित कर्ण फिजिक्स रिसर्च सेंटर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। बेहतर अंकों के साथ सफल हुए छात्र-छात्राओं को संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। संस्थान के निदेशक करण गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष उनके संस्थान से कुल 100 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया था, जिनमें से 40 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए हैं। शेष सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में सफल घोषित हुए हैं, जो संस्थान की मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# बीएसएल के एसएमएस-न्यू विभाग ने रचा नया कीर्तिमान

निज संवाददाता | बोकारो



बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस-न्यू विभाग ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सफलता की नई ऊँचाई छू ली है। विभाग ने सिंगल टंडिश से रिकॉर्ड 34 हीट की सफल कास्टिंग कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि फरवरी 2023 में बनाए गए 33 हीट के पिछले रिकॉर्ड को पार करते हुए हासिल की गई। यह उल्लेखनीय है कि एसएमएस-न्यू विभाग तकनीकी दक्षता, समन्वय, और योजनाबद्ध कार्यशैली के माध्यम से अपने परिचालन स्तर में निरंतर सुधार लाते हुए नई उपलब्धियाँ हासिल कर रहा है। सिंगल टंडिश से रिकॉर्ड 34 हीट की कास्टिंग, विभाग की उच्च गुणवत्ता नियंत्रण, तापमान प्रबंधन और टीम वर्क का प्रमाण है। यह सफलता निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी एवं अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी.आर. महापात्रा के मार्गदर्शन में तथा मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (स्टील) अरविंद कुमार एवं मुख्य महाप्रबंधक (एस एम एस -न्यू) पी वी राव के नेतृत्व में संभव हो सकी है। इस उपलब्धि में एस एम एस-न्यू विभाग की समस्त टीम एवं सहयोगी विभागों का भी सराहनीय योगदान रहा है। ज्ञातव्य है कि एसएमएस- न्यू विभाग ने हाल के वर्षों में उत्पादन, गुणवत्ता एवं दक्षता के क्षेत्र में अनेक नए मानक स्थापित किए हैं। यह उपलब्धि न केवल बीएसएल की तकनीकी क्षमताओं को सुदृढ़ करती है, बल्कि सेल की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को भी और अधिक सशक्त बनाती है। इसी प्रकार की निरंतर उत्कृष्टता से संयंत्र आने वाले समय में और भी नई ऊँचाइयों को स्पर्श करेगा।

# कांग्रेस प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन, नवीन सिंह और राकेश प्रसाद बनाए गए उपाध्यक्ष

निज संवाददाता | हरिहरगंज



हरिहरगंज प्रखंड के सुल्तानी गांव स्थित हाई स्कूल परिसर में गुरुवार को कांग्रेस प्रखंड कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य संगठन को मजबूती प्रदान करना, स्थानीय कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना था। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने की, जबकि कार्यक्रम में विशेष रूप से कांग्रेस के पलामू जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू और जिला महासचिव नवल किशोर पाठक की उपस्थिति रही। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक ने कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास संघर्षों का रहा है और इन संघर्षों में हमेशा कार्यकर्ताओं ने अग्रणी भूमिका निभाई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और एकजुटता के साथ संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस की विचारधारा देश को जोड़ने और सामाजिक न्याय को मजबूती प्रदान करने की रही है, जिसे हर गांव-हर घर तक पहुंचाने की जरूरत है। बैठक के दौरान संगठन विस्तार की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इस पुनर्गठन के तहत नवीन सिंह और राकेश प्रसाद को प्रखंड कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही सचिन सिंह, साकेत सिंह, मोहम्मद महफूज आलम, नरेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, सीमा दास, संजंती देवी, रामनरेश यादव और संजीव सिंह को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष, महासचिव और प्रखंड अध्यक्ष की उपस्थिति में मनोनयन पत्र सौंपा गया और माल्यार्पण कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद कांग्रेस नेताओं ने संगठनात्मक मजबूती को प्राथमिकता देने की बात कही।

# झारखंड बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस ने अवैध देशी शराब निर्माण व बिक्री के विरुद्ध की छापेमारी, कई भट्ठियां हुई ध्वस्त

- विश्वासखानी गांव से पांच क्विंटल जावा महुआ जब्त

निज संवाददाता | गोड्डा



गोड्डा जिले के महागामा प्रखंड अंतर्गत हनवारा थाना क्षेत्र के ग्राम विश्वासखानी में अवैध देशी शराब निर्माण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। बीते दिन हनवारा थाना पुलिस और बिहार-झारखंड संयुक्त उत्पाद विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर इस काले कारोबार पर करारा प्रहार किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस को गांव के एक घर में चल रहे गुप्त देशी शराब निर्माण इकाई का पता चला, जिसके बाद मौके पर पहुंचते ही पुलिस टीम ने चारों ओर से इलाके को घेर लिया और ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू कर दी। इस छापेमारी अभियान में पुलिस ने लगभग 5 क्विंटल जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया, जबकि एक क्विंटल से अधिक मात्रा को जब्त कर कानूनी प्रक्रिया के तहत सुरक्षित रखा गया।

इसके साथ ही कई अवैध देशी शराब की भट्ठियों को भी पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया, जो वर्षों से ग्रामीण इलाके में गुपचुप तरीके से संचालित की जा रही थीं। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया, जबकि अन्य शराब कारोबारी पुलिस की भनक लगते ही मौके से फरार हो गए।

जानकारी के मुताबिक, गांव में लंबे समय से अवैध शराब निर्माण का यह धंधा चल रहा था, जिसे स्थानीय लोगों ने गुप्त रूप से पुलिस को सूचना देकर उजागर किया। सूचना मिलते ही हनवारा थाना पुलिस ने तत्परता दिखाई और छापेमारी की व्यापक योजना बनाकर संयुक्त टीम के साथ कार्रवाई को अंजाम दिया। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरण, बर्तन, प्लास्टिक ड्रम, पाइप और अन्य सामग्री भी बरामद की गई, जिसे जब्त कर लिया गया है। अभियान के बाद प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के स्वास्थ्य और युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए एक गंभीर खतरा भी है। सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार फैल रही इस अवैध गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निगरानी तेज कर दी गई है। प्रशासन का कहना है कि इस तरह के अवैध धंधे से जुड़े लोगों की पहचान की जा रही है और उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## यौन शोषण के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

महागामा (नि.सं.)। प्रखंड अंतर्गत हनवारा थाना क्षेत्र में नाबालिग से शादी का झांसा देकर काफी दिनों से यौन शोषण किए जाने के मामले में आरोपी युवक मिथलेश सिंह को गिरफ्तार कर पुलिसिया कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। वहीं उक्त मामले में हनवारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक नाबालिग से आरोपी युवक काफी दिनों से यौन शोषण करता आ रहा था, जिसको लेकर मामला दर्ज कराया गया था। उक्त मामले में कार्यवाही करते हुए हनवारा थाना की पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध मेडिकल जांच के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया गया है। दरअसल मामला हनवारा थाना क्षेत्र का है जहां पीड़िता के आवेदन पर हनवारा थाना पुलिस ने कार्यवाही की है। गिरफ्तार आरोपी मिथलेश सिंह परसा गांव का रहने वाला बताया गया है। वहीं बताया गया है कि जब पीड़िता ने युवक से शादी करने की बात कही तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया।

# सावरकर पर बयान देने से बाज आए राहुल गांधी:उद्धव गुट के नेता बाला दराडे

**मुंबई, एजेंसी।** स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर पर अपमानजनक टिप्पणी कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी कई बार विवादों में घिर चुके हैं। अब उद्धव गुट के एक नेता ने इसे लेकर राहुल गांधी को खुली धमकी दे दी है। शिवसेना (यूबीटी) के नेता बाला दराडे ने बुधवार को कहा है कि राहुल गांधी अगर वीर सावरकर पर ऐसी टिप्पणियां करने से बाज नहीं आए तो राहुल गांधी के चेहरे पर कालिख पोत दिया जाएगा। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के काफिले पर पत्थर फेंकने की धमकी भी दी। बाला दराडे ने अपने बयान में कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने वीर सावरकर को क्षमाशील नायक तक कहा। दराडे ने बुधवार को एक मराठी न्यूज चैनल से कहा, हमें गर्व है कि हम स्वातंर्त्यवीर सावरकर की जन्मभूमि में रहते हैं। सावरकर के बारे में राहुल गांधी



का बयान अपमानजनक था। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। अगर राहुल गांधी नासिक आते हैं तो हम उनके चेहरे पर कालिख पोत देंगे। हम उनके काफिले पर पत्थर भी मारेंगे। दराडे की इस टिप्पणी ने महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के बीच हलचल पैदा सर दी।

### शिवसेना ने क्या कहा ?

दराडे ने आगे कहा कि उन्हें धमकी के परिणामों की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा, हम सावरकर के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले किसी भी शख्स को माफ नहीं करेंगे। महा विकास अघाड़ी का भविष्य चाहे जो भी हो, हम सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं शिवसेना (यूबीटी) की प्रवक्ता सुषमा अंधारे ने विवाद बढ़ने के बाद यह बयान दिया है कि यह दराडे के निजी विचार हैं। सुषमा ने कहा कि यह दराडे के विचार उनके निजी विचार हैं और यह पार्टी का आधिकारिक रुख नहीं है।

### कांग्रेस ने जताई आपत्ति

इस बीच दराडे के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने इसे कायराना धमकी करार दिया। उन्होंने एक बयान में कहा, कांग्रेस ऐसी धमकियों से नहीं डरता। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने सावरकर के खिलाफ कोई अपमानजनक टिप्पणी नहीं की और राहुल गांधी ने इतिहास की बात ही कही है। वहीं कांग्रेस नेता यशोमति ठाकुर ने भी कहा है कि राहुल गांधी ने वही कहा जो इतिहास में लिखा है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने कुछ भी गलत नहीं कहा है। अगर वह इतिहास में लिखी बातों को दोहरा रहे हैं, तो इसमें गलत क्या है? इतिहास को बदला नहीं जा सकता। गांधी परिवार आतंकवाद का शिकार रहा है। अगर आप राहुल गांधी को कुछ भी कहेंगे, तो कोई भी इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### कर्नाटक में मस्जिद के सचिव की हत्या, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दिए जांच के आदेश

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक में मंगलवार को जुमा मस्जिद के अब्दुल रहमान की हत्या के बाद तनाव बना हुआ है। सीएम सिद्धारमैया ने पुलिस को हिंसा में शामिल लोगों पर कार्रवाई करने और जांच करने का निर्देश दिया है। आपको बता दें 32 साल के अब्दुल रहमान की हत्या 27 मई को कर दी गई थी। पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के मुताबिक रहमान और उनके साथी कलंदर शफी दोपहर करीब 3 बजे ट्रक से रेत उतार रहे थे। उसी वक्त उनके ऊपर करीब 15 लोगों के एक समूह ने हमला दिया। तलवार, चाकू और रॉड लिए इन लोगों ने रहमान और शफी के ऊपर जानलेवा हमला किया।

मुख्यमंत्री ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। मीडिया से बात करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा, मैंने पुलिस को इस मामले की तह तक जाने का आदेश दिया है, जिससे पता चले की इस हत्या के पीछे का मकसद क्या था।

पुलिस एफआईआर में 15 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है, जिसमें दो के नाम दीपक और सुमिथ हैं। इस हमले में घायल शफी ने बताया कि जिन लोगों ने हमारे ऊपर हमला किया वह हमारे जानने वाले ही थे। रिपोर्ट दर्ज कराने वाले निसार ने बताया कि हम लोग रेत उतार रहे थे, तभी वह लोग आए और उन्होंने रहमान को ड्राइवर सीट से खींच लिया। मैंने और शफी ने बीच-बचाव किया लेकिन इतनी देर में उन्होंने रहमान पर कई जानलेवा वार कर दिए। इसमें शफी को भी काफी चोट आई वह अभी आईसीयू में भर्ती है। रहमान की हत्या से इलाके के लोगों के में इस हत्या को लेकर भी काफी रोष है। हत्या के विरोध में इलाके की कई दुकानों के भी शटर डाउन थी। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सुराथकल में इस दौरान पत्थर बाजी की घटना भी देखी गई। इलाके में बढ़ती हिंसा को देखते हुए अधिकारियों ने बेलथांगडी, पुत्तूर,कडाबा और सुल्लिया में 27 मई से 20 मई शाम 6 बजे तक के लिए बंद घोषित किया है।

रहमान के एक रिश्तेदार ने बताया कि यह मर्डर राजनैतिक वजहों से हुआ है। मैं सरकार के गुजारिश करता हूं कि अपराधियों को जल्दी से जल्दी पकड़ा जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। आपको बता दें कि रहमान का मर्डर 1 मई को हुए सुहास शेट्टी की हत्या से जुड़ा हुआ है। सुहास की हत्या का आरोपी नौशाद के ऊपर जेल में हमला हुआ था, जिसके बाद उसे मैसूर जेल में शिफ्ट कर दिया गया था।

### कमल हासन को इतिहास की जानकारी नहीं है- मुख्यमंत्री सिद्धरमैया



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बुधवार को कहा कि कन्नड़ भाषा का इतिहास बहुत पुराना है और अभिनेता कमल हासन को इसकी जानकारी नहीं है। मुख्यमंत्री ने यह बयान हासन की हाल की उस टिप्पणी के जवाब में दिया है, जो उन्होंने चेन्नई में अपनी आगामी फिल्म 'ठग लाइफ' का ऑडियो जारी किए जाने के मौके पर दी थी। हासन ने दावा किया था कि 'कन्नड़ भाषा तमिल से उत्पन्न हुई है'।

सिद्धारमैया ने संवाददाताओं से कहा, ''कन्नड़ भाषा का इतिहास बहुत पुराना है....वह (कमल हासन) नहीं जानते।'' इस टिप्पणी से कन्नड़ समर्थक कई संगठनों में आक्रोश फैल गया है। इन समूहों ने राज्य के बेलगावी, मैसूर हुबली, बेंगलुरु समेत कई जगहों पर हासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

हासन के बयान की निंदा करते हुए प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि वह राज्य के लोगों से माफी मांगें। उन्होंने यहां तक धमकी दी है कि अगर वह माफी नहीं मांगते हैं तो राज्य में उनकी फिल्म 'ठग लाइफ' की स्क्रीनिंग में बाधा डाली जाएगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने मंगलवार को कमल हासन पर अपनी मातृभाषा का महिमामंडन करने के प्रयास में कन्नड़ का 'अनादर' करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी मांग की कि अभिनेता ''कन्नड़ लोगों से तुरंत बिना शर्त माफी मांगें''।

# सरकार पता लगाए... 'बायकॉट कश्मीर' ट्रेंड को लेकर सीएम उमर अब्दुल्ला की केंद्र से अपील



**जम्मू, एजेंसी।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर की तरफ पर्यटकों का रुझान कम देखने को मिल रहा है। देश भर में एक तरीके से कश्मीर के बहिष्कार की बातें भी चल रही हैं। इन्हीं को देखते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्र सरकार से अपील की है कि वह ऐसे लोगों या समूहों का पता लगाएं जो कि कश्मीर के बहिष्कार का अभियान चला रहे हैं। बकौल, उमर अब्दुल्ला, जो भी लोग ऐसा कर रहे हैं वह देश के दुश्मन हैं। क्योंकि वह भी वही कर रहे हैं, जो कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने किया।

कश्मीर में लोगों का हौसला बढ़ाने और देश भर के लोगों को वहां पर सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए सीएम अब्दुल्ला ने मंगलवार को पहलगाम में साइकिल चलाई। बुधवार को उन्होंने गुलमर्ग में गोंडोला की सवारी की। उन्होंने कहा कि राज्य में एक बार फिर से पर्यटन के सीजन को बढ़ाने का समय है।

एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक उमर ने कहा कि आतंकवादी भी यही चाहते हैं कि आप कश्मीर ने जाएं। वह देश के और कश्मीर के दुश्मन थे। लेकिन अब जो लोग कश्मीर के बहिष्कार करने और कश्मीर न जाने के लिए लोगों को बरगला रहे हैं वह भी देश के दुश्मन ही है क्योंकि वह भी यही चाह रहे हैं.. जो कि आतंकवादी चाह रहे थे।

# भारत-पाक विवाद पर पोस्ट करने वाली छात्रा को राहत




**दिल्ली, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने जेल में बंद 19 वर्षीय छात्रा को जमानत देते हुए महाराष्ट्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई.छात्रा को भारत-पाकिस्तान संबंधों के बारे में एक ऑनलाइन पोस्ट के लिए गिरफ्तार किया गया था.बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को पुणे के एक कॉलेज से निष्कासित और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाकिस्तान विवाद पर सोशल मीडिया पोस्ट करने के कारण 9 मई से जेल में बंद 19 वर्षीय छात्रा की तत्काल रिहाई का आदेश दिया.उसने छात्रा की गिरफ्तारी को बेहद चौंकाने वाला बताया और मौखिक रूप से कहा कि राज्य की ओर से इस तरह की कट्टरपंथी प्रतिक्रिया लोगों को कट्टरपंथी बना देगी छात्रा को मंगलवार देर रात यरवदा जेल से रिहा कर दिया गया.कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी के दो मामले, दो नजरिएक्या है मामला छात्रा पुणे की सिंहगढ़ अकैडमी ऑफ इंजीनियरिंग में बीटेक द्वितीय वर्ष की छात्रा है.छात्रा को 9 मई को निष्कासित कर दिया था, जब उसके खिलाफ पुणे के कोंढवा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी. उसे उसी दिन गिरफ्तार कर लिया गया था.अपनी याचिका में छात्रा ने दावा किया कि उसे कोई कारण बताओ नोटिस जारी किए बिना या सुनवाई का कोई मौका दिए बिना मनमाने तरीके से निष्कासित कर दिया गया और यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के साथ-साथ संविधान के अनुच्छेद 14, 19 (1) (ए) और 21 के तहत उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है.याचिकाकर्ता ने दलील दी कि उसने बिना किसी गलत इरादे के इंस्टाग्राम पोस्ट को केवल दोबारा पोस्ट किया था और तुरंत माफी भी मांग ली थी.छात्रा के इस पोस्ट के वायरल होने के बाद उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 152, 196, 197, 299, 352, 353 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

छात्रा को राहत देते हुए न्यायमूर्ति गौरी गोडसे और न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरेशन की अवकाशकालीन बेंच ने कहा कि यह एकदम चौंकाने वाला मामला है. सरकार ने छात्रा के साथ कट्टर अपराधी जैसा व्यवहार किया.उसे गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए था, क्योंकि उसने तुरंत ही पोस्ट को हटाते हुए इसके लिए खेद व्यक्त जाहिर किया था.यही नहीं, इसके लिए उसने माफी भी मांग ली थी.भारत में इतने जासूस अचानक कैसे हो रहे हैं गिरफ्तारकॉलेज को हाई कोर्ट ने लगाई फटकार कॉलेज की ओर से पेश वकील ने जब कहा कि यह कार्रवाई राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर की गई है, तो बेंच ने टिप्पणी की, कौन सा राष्ट्रीय हित? यह गलतियां करने और उन्हें सुधारने की उम्र है.वह पहले ही काफी कुछ झेल चुकी है.बेंच ने कहा एक छात्रा की टिप्पणी का राष्ट्रीय हित पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

अपने फैसले में हाई कोर्ट ने कहा, आप उसके साथ अपराधी जैसा व्यवहार कर रहे हैं.उसने स्वीकार किया कि उसने गलती की है और उस पोस्ट को हटा दिया है.आपको उसे सुधारने की जरूरत है.आपको उसकी मदद करने की जरूरत है, या आप उसे अपराधी में बदलना चाहते हैं? असम में क्यों हो रही हैं इतनी गिरफ्तारियां?कोर्ट ने छात्रा के कॉलेज की ओर से पारित निष्कासन आदेश को भी निलंबित कर दिया और संस्थान को उसे हॉल टिकट जारी करने का निर्देश दिया, ताकि वह परीक्षा में शामिल हो सके.कोर्ट ने छात्रा को भी भविष्य में जिम्मेदारी से काम करने और इस तरह के पोस्ट अपलोड करने से बचने की चेतावनी दी।

# गर्मी की छुट्टियों में फरीदाबाद के सरकारी स्कूलों के टीचर्स को नहीं मिलेगा आराम



**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद के सरकारी स्कूलों के टीचर गर्मी की छुट्टियों के दौरान घर-घर जाकर माता-पिता को अपने बच्चों के दाखिले के लिए प्रोत्साहित करेंगे। सभी टीचर्स को हर दिन 10 माता-पिता से संपर्क करना होगा और उन्हें हरियाणा सरकार के स्कूलों में बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा और सरकारी स्कूलों की उपलब्धियां बतानी होंगी। फरीदाबाद के सरकारी स्कूलों में 1 जून से गर्मी की छुट्टियां शुरू हो जाएंगी। शिक्षा निदेशालय ने गर्मी की छुट्टियों के दौरान भी टीचर्स से काम लेने की पूरा ऐक्शन प्लान तैयार कर लिया है। इसके तहत हर दिन टीचर्स को अपने स्कूल के आसपास स्थित कॉलोनियों एवं बस्तियों में जाकर उन बच्चों की चिन्हित करना होगा, जिनकी उम्र स्कूल जाने योग्य है। टीचर उन बच्चों के माता-पिता से संपर्क करेंगे और उन्हें स्कूल में दाखिले के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

बता दें कि अब तक सरकारी स्कूलों में ढाई लाख से अधिक दाखिले हो चुके हैं। शिक्षा विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती बाल वाटिका और प्राथमिक कक्षा में होती है। अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला कराने नहीं आते हैं। शिक्षा निदेशालय के यह आदेश सभी जिलों के लिए आवश्यक है। इसकी बाकायदा मॉनिटरिंग भी होगी।

टीचर्स ने किस क्षेत्र में सर्वे किया, कितने पैरेंट्स से मिले और उनके मोबाइल नंबर आदि डिटेल एक सीट में दर्ज करनी होगी। इसके अलावा उसमें कितने बच्चों के दाखिले में सफल रहे, इसकी भी जानकारी देनी होगी।

**दाखिले कम होने का यह भी है एक कारण:** फरीदाबाद एक औद्योगिक नगरी है। यहां पर लोग काम के उद्देश्य से आते हैं। जिले की कॉलोनियों में किराये का मकान लेकर अपने परिवार के साथ रहते हैं। अधिकतर लोग ठेकेदार के अंडर में काम करते हैं। ठेकेदार का काम खत्म होने पर मजदूर अपने बच्चों के साथ नई साइट पर चले जाते हैं। इसके चलते वह अपने बच्चों का दाखिला नहीं कराते हैं। यह भी एक कारण है कि फरीदाबाद में दाखिलों की संख्या कम रहती है। महेंद्र कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी, बल्लभगढ़, टीचर्स को शिक्षा निदेशालय के निर्देश से अवगत करा दिया गया है। यह सभी स्कूलों के टीचर्स के लिए आवश्यक है। इसकी रिपोर्ट भी तैयार होगी। सभी टीचर्स के 10-10 घर में संपर्क करना अनिवार्य है। इसके अलावा गर्मी की छुट्टियों के दौरान भी दाखिला प्रक्रिया जारी रहेगी। स्कूल में हमेशा एक से दो टीचर्स की ड्यूटी रहेगी।

# सप्ताह में छह दिन कर पाएंगे सोमनाथ की यात्रा, नई वंदे भारत सफर में देगी साथ



**सोमनाथ, एजेंसी।** सोमनाथ की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में गुजरात के लोगों को एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी है, जो साबरमती (अहमदाबाद) से वेरावल (सोमनाथ मंदिर) तक चलेगी। यह ट्रेन कुल 438 किलोमीटर की दूरी को महज 7 घंटे में पूरा करेगी, जिससे अब श्रद्धालु और पर्यटक बिना किसी लंबी थकावट के आसानी से सोमनाथ मंदिर पहुंच सकेंगे।

**साबरमती-वेरावल वंदे भारत का टाइम टेबल:** इस वंदे भारत ट्रेन का संचालन छह दिन प्रति सप्ताह किया जाएगा और गुरुवार को यह ट्रेन नहीं चलाई जाएगी। ट्रेन की टाइमिंग यात्रियों की सहूलियत को ध्यान में रखकर तय की गई है। यह सुबह 5:25 बजे साबरमती से रवाना होकर दोपहर 12:25 बजे वेरावल पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह ट्रेन वेरावल से दोपहर 2:40 बजे चलेगी और रात 9:35 बजे फिर से साबरमती स्टेशन पहुंचेगी।

**साबरमती-वेरावल वंदे भारत का पड़ाव:** यात्रा के दौरान ट्रेन पांच प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी जिनमें- वीरमगाम, सुरेंद्रनगर, वानकानेर, राजकोट और जूनागढ़ शामिल हैं। यह पड़ाव न सिर्फ स्थानीय यात्रियों के लिए फायदेमंद होगा, बल्कि गिरनार पर्वत और अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा को भी आसान बना देगा।

### साबरमती-वेरावल वंदे भारत की सुविधाएं

साबरमती-वेरावल वंदे भारत एक्सप्रेस को मॉडर्न सुविधाओं से लैस किया गया है। इसमें एसी चेयर कार और एक्जीक्यूटिव चेयर कार के विकल्प मौजूद हैं, जिसमें आरामदायक सीटिंग, जीपीएस-आधारित यात्री सूचना प्रणाली, ऑटोमेटिक दरवाजे और बेहतर सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं। इस ट्रेन की शुरुआत के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने दाहोद में बने भारत के पहले 9000 हॉर्सपावर वाले डी-90 इलेक्ट्रिक इंजन का भी उद्घाटन किया, जो मेक इन इंडिया पहल के तहत स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है। इस ट्रेन के माध्यम से न सिर्फ धार्मिक पर्यटन को रफ्तार मिलेगी बल्कि गुजरात के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को भी नया आयाम मिलेगा। साबरमती-वेरावल वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन से सोमनाथ जैसे पवित्र स्थल की यात्रा अब पहले से कहीं ज्यादा आसान और आरामदायक हो जाएगी।

# किसानों की बात नहीं सुनने पर 9 इंजीनियरों पर ऐक्शन, प्रतिकूल प्रविष्टि दी, प्रमोशन भी रोका

**लखनउ, एजेंसी।** किसानों की समस्याओं के निदान में लापरवाही करने, उनके धरना स्थल पर न पहुंचने, सीएम आवास जा रहे किसानों से वार्ता न करना आवास विकास के नौ इंजीनियरों को भारी पड़ गया है।नौ इंजीनियरों के खिलाफ योगी सरकार ने ऐक्शन लिया है। आवास आयुक्त डॉ. बलकार सिंह ने मामले में आवास विकास के इन इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश किया है। एक अधिशासी अभियंता, तीन सहायक अभियन्ता तथा पांच अवर अभियन्ता को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। अब इन इंजीनियरों का प्रमोशन रोक दिया गया है। उनकी सेवा के दौरान आगे इन इंजीनियरों का प्रमोशन नहीं किया जाएगा। ऐक्शन के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है।



आवास विकास परिषद की अवध विहार योजना के किसान 23 अक्तूबर 2024 को योजना में धरना प्रदर्शन कर रहे थे। आवास विकास का कोई इंजीनियर इन किसानों के बीच नहीं पहुंचा। किसानों की समस्याओं के निदान का प्रयास नहीं किया। धरना प्रदर्शन के बाद किसानों ने सीएम आवास की तरफ कूंच कर दिया था। तब भी इंजीनियर इनसे वार्ता करने नहीं गए। जिससे असहज स्थिति पैदा हुई। किसान आवास विकास मुख्यालय भी आए थे। आवास आयुक्त डा. बलकार सिंह ने इस मामले में जांच बैठाई थी। जोनल आवास आयुक्त हिंमाशु गुप्ता ने जांच के बाद अपनी रिपोर्ट आवास आयुक्त के पास भेजी थी। अब इस मामले में आवास आयुक्त ने जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। आवास आयुक्त ने जांच में जिम्मेदार व दोषी पाए गए नौ इंजीनियरों को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। इससे अब इन इंजीनियरों का उनकी सेवा के दौरान आगे प्रमोशन नहीं हो पाएगा।

### इनके खिलाफ हुई कार्रवाई

आवास आयुक्त डा. बलकार सिंह ने अधिशासी अभियन्ता शशांक पाण्डेय, सहायक अभियन्ता प्रमोद कुमार, शुभम सिंह, राकेश कुमार तथा अवर अभियन्ता कुंदन कुमार, मनुदेव, आनन्द भवन सिंह, पवन कुमार व विमल कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है।

### लापरवाही व घटिया निर्माण कराने वाले कई और इंजीनियर निशाने पर

आवास विकास के प्रदेश की अन्य योजनाओं में घटिया निर्माण करने वाले कई और इंजीनियर आवास आयुक्त के निशाने पर हैं। इन इंजीनियरों के खिलाफ भी जल्दी ही कार्रवाई होगी। आवास आयुक्त ने 27 मई को भी चार इंजीनियरों के खिलाफ कार्रवाई की थी। आम्रपाली योजना में घटिया निर्माण कराने वाले सहायक अभियन्ता अमरजीत यादव तथा अवर अभियन्ता शैलेन्द्र सिंह को सस्पेंड कर दिया था। अधीक्षण अभियन्ता राहुल यादव तथा अधिशासी अभियन्ता नागेन्द्र कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी की थी।

आईपीएल एलिमिनेटरः

# गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद




**मुल्लांपुर, एजेंसी।** खिताब के दावेदार के रूप में शुरुआत करने के बाद लड़खड़ाने वाली शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में शुक्रवार को यहां पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियन्स से भिड़ेगी। एलिमिनेटर में हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी जबकि विजेता टीम को दूसरे क्वालीफायर में खेलने का मौका मिलेगा।

खराब शुरुआत के बावजूद मुंबई इंडियन्स की टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में सफल रही। टाइटंस ने पिछले चार सत्र में तीसरी बार प्ले ऑफ में जगह बनाई है और इस दौरान 2022 में पदार्पण करते हुए खिताब भी जीता। हालांकि गिल और हार्दिक दोनों को ही काफी कुछ साबित करना है। अगर टाइटंस खिताब जीतता है तो भारत के नव नियुक्त टेस्ट कप्तान गिल की कप्तान के रूप में साख मजबूत होगी। हार्दिक को पिछले साल टीम में वापसी पर हूटिंग का सामना करने के बाद प्रशंसकों का प्यार वापस मिल गया है और आईपीएल ट्रॉफी से वह फ्रेंचाइजी के महान खिलाड़ियों की सूची में अपनी जगह पक्की कर लेंगे। हालांकि दोनों कप्तान को खिताब की तलाश में अपने सामने मौजूद मुद्दों का हल खोजना होगा। टाइटंस की टीम अधिक चिंतित होगी क्योंकि उसने प्लेऑफ से पहले लय गंवा दी है। टीम ने अपने पिछले दो मैच में हार के दौरान विरोधी टीम को 465 रन बनाने दिए और प्ले ऑफ में उसे गेंद से बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

गुजरात के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ मोहम्मद सिराज को पावर प्ले में टीम को सफलता दिलानी होगी। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान को नई गेंद से संघर्ष करना पड़ा है जिससे टाइटंस की समस्याएं बढ़ गई हैं और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे गेंदबाजों पर दबाव बढ़ गया है जो मौजूदा सत्र में 23 विकेट के साथ टीम के लिए तुरुप का पत्ता साबित हुए हैं। तेज गेंदबाजी विभाग की कमजोरियों के अलावा स्पिन ऑलराउंडर राशिद खान की प्रभावहीनता ने गेंदबाजी में टीम की मुसीबतों को और बढ़ा दिया है।

बल्लेबाजी विभाग में शीर्ष तीन बल्लेबाजों साई सुदर्शन, गिल और जोस बटलर ने टीम को प्ले ऑफ में जगह दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बटलर लीग चरण के बाद राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के लिए स्वदेश रवाना हो चुके हैं और प्ले ऑफ में टीम को उनकी कमी खलेगी। बटलर के विकल्प के तौर पर टीम ने कुसाल मेंडिस को टीम में शामिल किया है लेकिन देखना होगा कि वह इंग्लैंड के इस स्टार बल्लेबाज की कमी को पूरा कर पाते हैं या नहीं। टाइटंस के मध्यक्रम में मौजूद शाहरूख खान और शेरफेन रदरफोर्ड सबसे अधिक भरोसेमंद खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं जिससे मुंबई के खिलाफ टाइटंस की राह आसान नहीं होगी।

टाइटंस की तरह मुंबई को भी विदेशी खिलाड़ियों के जाने से नुकसान हुआ है। शीर्ष क्रम में रोहित शर्मा के साथ रेयान रिकल्टन ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन दक्षिण अफ्रीका का यह बल्लेबाज अब राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ चुका है। इंग्लैंड के बल्लेबाज विल जैक्स के साथ भी ऐसा ही है। इंग्लैंड की टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के अलावा रिचर्ड ग्लीसन और चरित असलंका को मुंबई ने अपने साथ जोड़ा है।

एलिमिनेटर में रोहित के साथ बेयरस्टो पारी का आगाज कर सकते हैं। मध्यक्रम में तिलक वर्मा का खराब प्रदर्शन भी मुंबई के लिए चिंता का सबब है। सूर्यकुमार ने बल्लेबाजी में मुंबई के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वह मौजूदा सत्र में 640 रन बना चुके हैं। अगर वह विफल रहते हैं तो मुंबई की राह बेहद मुश्किल हो जाएगी। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई के बल्लेबाज जिस रन गति से रन जोड़ रहे हैं वह भी परेशानी का सबब है और हार्दिक को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट जैसे गेंदबाजों की अगुआई में मुंबई के गेंदबाज विरोधी टीम को अधिक परेशान कर रह हैं।

### टीमें:

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, कुमार कुशाग्र, अनुज रावत, राशिद खान, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, निशांत सिंधु, रविश्रीनिवासन साई किशोर, गेराल्ड कोएट्जी, जयंत यादव, अरशद खान, करीम जन्नत, शेरफेन रदरफोर्ड, महिपाल लोमरोर, वाशिंगटन सुंदर, मानव सुथार, गुरनूर बरार, इशांत शर्मा, कागिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, दासुन शनाका, कुसल मेंडिस और जोस बटलर।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवन जैकब्स, रॉबिन मिंज, कृष्णन श्रीजीत, नमन धीर, राज बावा, मिचेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, रघु शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और चरित असलंका।

**समय : शाम 7.30 बजे।**

नॉर्वे चेस टूर्नामेंटः

## गुकेश की लगातार दो हार के बाद वापसी:तीसरे राउंड में वर्ल्ड नंबर-2 हिकारू को हराया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे राउंड में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर शानदार जीत दर्ज की। वर्ल्ड नंबर-2 हिकारू पर इस जीत से उन्हें तीन पॉइंट्स मिले और टूर्नामेंट में लगातार दो हार के बाद उन्होंने जोरदार वापसी की। गुकेश 29 मई 2025 यानी आज अपना 19वां जन्मदिन मना रहे हैं। इससे पहले, गुकेश को पहले दो राउंड में मैग्नस कार्लसन और अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा था।

चौथे राउंड में फैबियानो से भिड़ेंगे गुकेश इस जीत से गुकेश स्टैंडिंग में फिलहाल 5वें नंबर पर हैं। टॉप पर अमेरिका के फैबियानो कारूआना हैं। चौथे राउंड में गुकेश का सामना फैबियानो कारूआना से ही होगा। दूसरे राउंड में अर्जुन ने हराया था गुकेश को मंगलवार को दूसरे राउंड में हमवतन अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद वे स्टैंडिंग में सबसे निचले छठे स्थान पर पहुंच गए थे। इससे पहले, उन्हें पहले राउंड में पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन और मौजूदा वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। गुकेश मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन गुकेश ने दिसंबर में सिंगापुर में खेले गए वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप में चीन के डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से फाइनल में हराकर खिताब जीता था। 18 साल की उम्र में वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप जीतने वाले गुकेश दुनिया के पहले प्लेयर हैं। इससे पहले 1985 में रूस के गैरी कैस्परोव ने 22 साल की उम्र में यह खिताब जीता था। गुकेश ने चीनी खिलाड़ी को 14वें गेम में हराकर यह टाइटल जीता था। 25 नवंबर को चैंपियनशिप का फाइनल शुरू हुआ था, 11 दिसंबर तक दोनों के बीच 13 गेम खेले गए।

गुकेश ने चेस ओलिंपियाड भी जिताया था 10 से 23 सितंबर तक पिछले साल बुडापेस्ट में चेस ओलिंपियाड का आयोजन हुआ था। भारत ओपन और विमेंस दोनों कैटेगरी में चैंपियन बना था। ओपन कैटेगरी में गुकेश ने ही फाइनल गेम जीतकर भारत को जीत दिलाई थी।

धक्का दिया, हेलमेट खींचा...

## मैदान पर लड़ बैठे बांग्लादेश-साउथ अफ्रीकी क्रिकेटर अंपायर को भी किया किनारे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश और साउथ अफ्रीका की इमर्जिंग टीमों के बीच ढाका में चार दिवसीय मुकाबले के दौरान जो कुछ मैदान पर हुआ, उसने जेंटलमैन गेम्स को शर्म कर दिया. इस मैच के दौरान खिलाड़ियों के बीच ततनाव इतना बढ़ गया कि बात हाथापाई तक पहुंच गई. बांग्लादेश के गेंदबाज और साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज के बीच पहले कहासुनी हुई, फिर मामला एक दूसरे पर हाथ उठाने तक पहुंच गया. इसी बीच अंपायर्स ने खिलाड़ियों को अलग भी किया. लेकिन इसके बावजूद दोनों में कहासुनी होती रही.

यह विवाद बांग्लादेश के 22 वर्षीय बल्लेबाज रिपोन मंडल और साउथ अफ्रीका के 29 वर्षीय गेंदबाज शेपो एंतुली के बीच हुआ. दोनों के बीच कहासुनी हुई और फिर दोनों एक-दूसरे से भिड़ गए.

बैडमिंटनः

## सात्विक और चिराग सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में, सिंधू और प्रणय बाहर



**सिंगापुर, एजेंसी।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने यहां सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं।

सात्विक और चिराग ने दूसरे दौर के मुकाबले में साबर कार्यमन गुटामा और मोह रेजा पहलवी इस्फहानी की सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट तक में 19-21 21-16 21-19 से जीत हासिल की। ??अगले दौर में भारतीय जोड़ी का सामना गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगा। पिछले कुछ हफ्तों से फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद वापसी कर रही भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हालांकि दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यूफेई के खिलाफ 65 मिनट चले कड़े मुकाबले में 9-21 21-18 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसक चुकी सिंधू ने दूसरे गेम में अपनी पुरानी फॉर्म दिखाई। उन्होंने 19-12 की बढ़त बनाने के बाद दूसरा गेम 21-18 से जीता। हालांकि तीसरे और निर्णायक गेम में चीन की खिलाड़ी ने अपने दमदार स्मैश और कोर्ट पर बेहतर नियंत्रण बनाते हुए मैच जीत लिया। पहले दौर में कनाडा की वेन यू झेंग के खिलाफ 21-14, 21-9 से जीत दर्ज करने वाली सिंधू दूसरे दौर में इस लय को बरकरार रखने में नाकाम रहीं।

पुरुष एकल में भी भारत को निराशा हाथ लगी जब एचएस प्रणय प्री क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव के खिलाफ 16-21 14-21 से हारकर बाहर हो गए।

## ऑस्ट्रेलिया ए और साउथ अफ्रीका ए के भारत दौरे का शेड्यूल जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सितंबर से दिसंबर 2025 तक होने वाले ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम, ऑस्ट्रेलिया पुरुष ए टीम और दक्षिण अफ्रीका पुरुष ए टीम के भारत दौरे के लिए कार्यक्रम की घोषणा की है। इस दौरान कुल 13 मैच विभिन्न प्रारूपों में खेले जाएंगे।




### ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम का भारत दौरा - 3 वनडे

ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम भारत में तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए आएगी, जो 2025 में होने वाले आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगी। यह सीरीज चेन्नई के एम.ए. चिदंबरम स्टेडियम में खेली जाएगी। यह मैदान जिसे चेपक के नाम से भी जाना जाता है, अपनी शानदार पिच के लिए प्रसिद्ध है। यह सीरीज भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए एक सुनहरा अवसर होगी, क्योंकि वे विश्व कप से पहले अपनी तैयारियों को परख सकेंगी।

# टेस्ट टीम की कप्तानी करना चाहते हैं रवींद्र जडेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भले ही कप्तानी के दावेदारों में उनका नाम शामिल नहीं रहा हो लेकिन अनुभवी हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने कहा कि वह एक दिन भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करना चाहेंगे चूंकि अपने लंबे कैरियर में अलग अलग कप्तानों के साथ खेलकर वह इस भूमिका को बखूबी समझ गए हैं। इंग्लैंड दौरे के लिए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया जबकि ऋषभ पंत उप-कप्तान होंगे।

क्या वह भारत के टेस्ट कप्तान बनना चाहते हैं, यह पूछने पर 36 वर्ष के जडेजा ने भारत के पूर्व क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कहा, 'हां, बिल्कुल। इतने सालों में मैने अलग-अलग कप्तानों के साथ खेला है। मुझे हर कप्तान की शैली के बारे में पता है और यह भी समझता हूं कि खिलाड़ी क्या सोचते हैं और चाहते हैं। भारत के लिए 2012 में पहला




टेस्ट खेलने वाले जडेजा ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में तीनों प्रारूपों में पदार्पण किया था और आईपीएल में भी उनकी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स के लिये खेले। जडेजा ने कहा, 'हर कप्तान की अपनी शैली होती है।

मैने हर प्रारूप में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेला है और उनकी सोच बिल्कुल सरल है। अगर उन्हें लगता है कि कोई बल्लेबाज एक ही जगह पर शॉट खेल सकता है तो वहां वह फील्डर जरूर लगाएंगे।

टेस्ट क्रिकेट से रोहित शर्मा के संन्यास के बाद अश्विन ने जडेजा को कप्तान बनाने का समर्थन किया था। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा था, 'हम रविंद्र जडेजा को क्यो भूल जाते हैं। अगर नया कप्तान चाहिए तो मैं कहूंगा कि दो साल के लिए किसी अनुभवी को कमान सौंपने के बाद नए व्यक्ति को बागडोर दी जानी चाहिए।

जडेजा ने यह भी कहा कि टेस्ट टीम की बजाय टी20 में कप्तानी अधिक कठिन है। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में आपको गेंदबाज की जरूरत के मुताबिक दो या तीन फील्डर में बदलाव करना होता है, बल्लेबाज के हिसाब से नहीं। उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में कप्तानी अलग है। इसमें ज्यादा माथापच्ची नहीं करनी होती। यह आईपीएल या टी20 की तरह पेचीदा नहीं है, जहां हर गेंद अहम होती है।

### आज से शुरू होगा इंडिया ए बनाम इंग्लैंड लायंस टेस्ट मैच, ये हैं लाइव स्ट्रीमिंग डिटेल्स और दोनों टीमों का स्काड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के इंग्लैंड के लंबे टेस्ट दौरे की शुरुआत इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया ए की अनौपचारिक टेस्ट सीरीज के प्रारंभिक चरण से होगी। दोनों देशों की 'ए' टीमें 30 मई से दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेंगी। इसके बाद इंडिया ए 20 जून से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज से पहले भारत की सीनियर टेस्ट टीम से भिड़ेगी। बंगाल के सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन इंडिया ए टीम की अगुआई करेंगे। इसमें कई ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो बाद में टेस्ट टीम से जुड़ेंगे। समरसेट के जेम्स रेव पहली बार इंग्लैंड लायंस की अगुआई करेंगे। वह 2 मैच की चार दिवसीय सीरीज में इंडिया ए का सामना करेंगे। शुरुआती 15 खिलाड़ियों वाली इंग्लैंड लायंस में उभरते हुए प्रतिभाशाली और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। इसमें क्रिस वोक्स भी शामिल हैं, जो टखने की चोट के बाद वापसी कर रहे हैं।

## पाकिस्तान की जीत में चमके हसन अली और सलमान आगा, बांग्लादेश को दी 37 रनों से पटखनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान ने बुधवार पाकिस्तान की जीत में चमके हसन अली और सलमान आगा, बांग्लादेश को दी 37 रनों से पटखनी

को लाहौर में खेले गए पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को 37 रनों से हराकर तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। हसन अली ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (5/30) और शादाब खान के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन ने पाकिस्तान की जीत में अहम भूमिका निभाई।

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सलमान आगा (56 रन, 34 गेंद) और शादाब खान (48 रन, 25 गेंद) की आतिशी पारियों की बदौलत 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 201 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में बांग्लादेश की टीम हसन अली की घातक गेंदबाजी




और शादाब के दो विकेटों (2/26) के सामने 164 रनों पर सिमट गई।

**सलमान और हारिस की साझेदारीः** पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलमान और फखर जमान पारी शुरू करने उतरे, लेकिन पहले ही ओवर में सलमान आउट हो गए। महेदी हसन ने उन्हें पहली गेंद पर रिटर्न कैच पकड़ा। अगले ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने फखर को इनस्विंगर पर बोल्ड कर दिया। शोरिफुल ने इस विकेट के साथ टी20 में अपने 50 विकेट भी पूरे किए। हालांकि, मोहम्मद हारिस (31 रन, 18 गेंद) ने आक्रामक शुरुआत की और शोरिफुल के एक ओवर में तीन चौके जड़कर दबाव बनाया। कप्तान सलमान ने भी महेदी के खिलाफ तीन चौके लगाए, जिससे पावरप्ले में पाकिस्तान ने 50 रन पार किए। हारिस सातवें ओवर में आउट हुए, लेकिन सलमान ने हसन नवाज़ के साथ मिलकर पारी को संभाला। किस खिलाड़ी की वजह से गिल बने भारतीय टेस्ट कप्तान और कैसी है इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया, सुनील गावस्कर ने बताया

**सलमान और नवाज ने दी पारी को रफ्तारः** सलमान ने तंजीम हसन और रिशाद हुसैन के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने स्कूप शॉट्स और लेट कट्स के साथ अपनी बल्लेबाजी का जौहर दिखाया। नवाज़, जो हाल ही में पीएसएल 2025 में अपने प्रदर्शन से चर्चा में थे, ने रिशाद के खिलाफ पहला छक्का जड़ा।

इस बात को लेकर कमेंट्री पैनल पर भड़के डिविलियर्स

# कभी-कभी कमेंटेटर्स एक ही कहानी पर अटक जाते हैं...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ के एकाना स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए आईपीएल 2025 के लीग मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इस मैच में क्वालिफायर 1 में जगह बनाने के लिए महत्वपूर्ण जीत की जरूरत थी, लेकिन लखनऊ ने कप्तान ऋषभ पंत के शानदार शतक की बदौलत 227 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आरसीबी के गेंदबाजों को जोश हेजलवुड की अनुपस्थिति में काफी आलोचना का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स ने कमेंट्री बॉक्स से की गई नकारात्मक टिप्पणियों पर कड़ा ऐतराज जताया। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए डिविलियर्स ने कमेंटेटर्स की आलोचना पर अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा, मैंने कल रात कमेंट्री सुनी और मुझे बहुत गुस्सा आया। जब हम गेंदबाजी कर रहे थे, तब कमेंटेटर्स इतने नकारात्मक थे। वे बार-बार कह रहे थे, 'आरसीबी की गेंदबाजी दबाव में है। ऐसा लगता है कि वे इसे संभाल नहीं पाएंगे। एक बार फिर फॉर्म में चल रही टीम अपनी लय खो रही है।' लेकिन क्या आपने यह सोचा कि शायद यह बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छी पिच थी? सभी




समझदार कमेंटेटर्स से मैं कहना चाहता हूं, क्या आपने इस संभावना पर विचार किया कि यह बल्लेबाजी के लिए शानदार सतह थी? डिविलियर्स ने आगे कहा, वे बार-बार कह रहे थे कि आरसीबी की गेंदबाजी इकाई फिर से खराब फॉर्म में है। मैंने मैच देखते हुए सोचा कि कभी-कभी कमेंटेटर्स एक ही कहानी पर अटक जाते हैं। हां, यह सच है कि आरसीबी ने अभी तक कोई खिताब नहीं जीता, लेकिन यह कहना कि 'फिर वही हो रहा है, गेंदबाज नाकाम हैं, वे बेकार हैं,' बिना मैदान पर हो रही चीजों का ठीक से विश्लेषण किए यह कहना आलसी रवैया है। ऋषभ पंत 60-कुछ गेंदों पर 118 रन कठिन पिच पर नहीं बनाएंगे। पिच से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी जिसकी वजह से एलएसजी के सभी बल्लेबाज वहां सहज दिख रहे थे। उन्होंने यह भी जोड़ा, हां, कुछ मौकों पर गेंदबाजी खराब थी। लेकिन हमें बड़े दृष्टिकोण से देखना चाहिए। एक ऐसी पिच पर 227 रन, जो आमतौर पर इतनी आक्रामक बल्लेबाजी का सपोर्ट नहीं करती, लेकिन अगर रन बने हैं तो साफ तौर पर कहा जा सकता है कि ये पिच बल्लेबाजों के लिए ही थी। आरसीबी अभी भी मुकाबले में थी; वे पूरी तरह से हावी नहीं हुए थे, और उन्होंने इसे साबित भी किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## न्यूज बाइट्स

### 86.6 लीटर देसी शराब के साथ तीन गिरफ्तार

अंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण, सेवन और परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस लगातार सक्रिय बनी हुई है। इसी कड़ी में एक विशेष समकालीन अभियान के तहत अंबा थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। जानकारी के अनुसार, अंबा थाना अंतर्गत 4 नंबर फॉल के पास पुलिस ने छापेमारी कर कुल 86.6 लीटर देसी शराब बरामद की है। साथ ही मौके से तीन मोटरसाइकिलों को भी जब्त किया गया है, जिनका इस्तेमाल शराब के परिवहन में किया जा रहा था। इस दौरान पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। अंबा थाना पुलिस की यह कार्रवाई अवैध शराब कारोबार पर करारा प्रहार माना जा रहा है। लगातार मिल रही सूचनाओं और स्थानीय खुफिया तंत्र की मदद से पुलिस ने यह अभियान चलाया और अवैध शराब के खिलाफ अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर मजबूत किया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में किसी भी कीमत पर अवैध शराब के कारोबार को फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा। ऐसे मामलों में आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई की जाएगी। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ जारी है और इस मामले में और भी नाम सामने आने की संभावना है।

### ग्राम खैरी हितवा से बॉडी वारंटी गिरफ्तार, कासमा थाना की कार्रवाई

औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)। जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर औरंगाबाद पुलिस पूरी तरह से सख्त नजर आ रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में कासमा थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, औरंगाबाद पुलिस ने ग्राम खैरी हितवा से एक बॉडी वारंटी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई कासमा थाना पुलिस के द्वारा की गई, जो लंबे समय से वांछित आरोपी की तलाश में थी। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार किया गया व्यक्ति न्यायालय से जारी वारंट के बावजूद लगातार फरार चल रहा था।

### अंचल निरीक्षक ने दिया वाछितों की गिरफ्तारी का निर्देश

जम्होर (औरंगाबाद) (नि.सं.)। गुरूवार को अंचल निरीक्षक मुफस्सिल द्वारा जम्होर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण के दौरान थाने के विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की गई और कई अहम दिशा-निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के क्रम में थाना की संधारित पंजियों, सिरिस्ता कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, थानागार्ड, थाना भवन, हाजत तथा बैरक का बारीकी से निरीक्षण किया गया।

# पीएम आज एनटीपीसी के एनएसटीपीएस के स्टेज-2 का करेंगे शिलान्यास

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रोहतास के बिक्रमगंज से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए औरंगाबाद जिले के नबीनगर में एनटीपीसी के सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एनएसटीपीएस) के स्टेज-2 का शिलान्यास करेंगे। यह बिजली परियोजना 29,930 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से तैयार होगी और इसके पूरा होने के बाद नबीनगर देश का दूसरा सबसे बड़ा विद्युत उत्पादन केंद्र बन जाएगा।

## स्टेज-2 से नबीनगर को मिलेगा नया ऊर्जा बल

एनएसटीपीएस का स्टेज-1 पहले से चालू है, जिससे 1980 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। अब स्टेज-2 में 800 मेगावाट की तीन यूनिटें लगाई जाएंगी, जिससे 2400 मेगावाट अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होगा। दोनों स्टेज मिलाकर कुल 4380 मेगावाट उत्पादन क्षमता हो जाएगी, जिससे नबीनगर देश में सिंगरौली (4760 मेगावाट) के बाद दूसरे नंबर पर आ जाएगा। एनटीपीसी के अधिकारियों के अनुसार, यह परियोजना अत्याधुनिक अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल तकनीक पर आधारित होगी, जो ज्यादा दक्षता के साथ कम ईंधन और जल की खपत में सक्षम होगी। संयंत्रों में ड्राई बॉटम ऐश हैंडलिंग सिस्टम और एयर कूल्ड कंडेनसर लगाए जाएंगे, जिससे पानी की बचत होगी।

## देश के कई राज्यों को मिलेगा फायदा

यह बिजली परियोजना सिर्फ बिहार ही नहीं, बल्कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब जैसे राज्यों को भी सस्ती और भरोसेमंद बिजली प्रदान करेगी। इससे क्षेत्रीय औद्योगिक विकास, रोजगार और ऊर्जा सुरक्षा को भी मजबूती मिलेगी।

## नबीनगर बन रहा है बिजली की राजधानी

नबीनगर पहले से ही ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनता जा रहा है। यहां एनएसटीपीएस के अलावा भारतीय रेल बिजली कंपनी लिमिटेड (बीआरबीसीएल) की 1000 मेगावाट की परियोजना पहले से चालू है। इसके अलावा 22 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना भी प्रस्तावित है। इन सभी के पूरा होने के बाद नबीनगर की कुल उत्पादन क्षमता 5402 मेगावाट हो जाएगी।

वहीं बिक्रमगंज की सभा से पीएम मोदी क्षेत्र में सड़क अवसंरचना और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एनएच-119ए के पटना-आरा-सासाराम खंड को चार लेन का बनाने, वाराणसी-रांची-कोलकाता राजमार्ग (एनएच-319बी) और रामनगर-कच्ची दरगाह खंड (एनएच-119डी) को छह लेन का बनाने और बक्सर और भरौली के बीच एक नए गंगा पुल के निर्माण सहित विभिन्न सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इन परियोजनाओं से राज्य में निर्बाध हाई-स्पीड कॉरिडोर का निर्माण होगा और साथ ही व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही प्रधानमंत्री करीब 5,520 करोड़ रुपए लागत वाले एनएच-22 के पटना-गया-डोभी खंड के चार लेन के निर्माण कार्य का भी उद्घाटन करेंगे और एनएच-27 पर गोपालगंज टाउन में एलिवेटेड हाईवे के चार लेन के निर्माण और ग्रेड सुधार का भी उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा देश भर में रेल अवसंरचना में सुधार लाने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री अन्य परियोजनाओं के अलावा 1330 करोड़ रुपए की लागत वाली सोन नगर-मोहम्मद गंज के बीच तीसरी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

# जिला जज ने किया मंडल कारा का निरीक्षण

### स्वच्छता व बंदियों के आहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद




औरंगाबाद से सामने आई है। जिले के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार ने गुरुवार को मंडल कारा का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल के प्रत्येक वार्ड में जाकर बंदियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। जेल की बुनियादी सुविधाओं, स्वच्छता, आहार की गुणवत्ता और कानूनी सहायता सेवाओं की गहराई से समीक्षा की गई।

निरीक्षण के क्रम में न्यायाधीश ने जेल प्रशासन को बंदियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान का निर्देश दिया और यह सुनिश्चित करने को कहा कि सभी कैदियों को समय पर विधिक सहायता मिलती रहे। उन्होंने जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लिनिक का कार्य भी देखा और कानूनी प्रतिनिधित्व तक पहुंच की स्थिति का मूल्यांकन किया।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल भी उपस्थित थीं। उन्होंने भी कैदियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर यह जानकारी ली कि उन्हें विधिक सहायता के लिए अधिवक्ता उपलब्ध हैं या नहीं। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे, जिनमें कारा अधीक्षक डॉ. दीपक कुमार, जेलर सरोज कुमार, और कानूनी सहायता रक्षा प्रणाली के अधिवक्ता युगेश किशोर पांडेय, मुकेश कुमार, अभिनंदन कुमार, रंधीर कुमार और चंदन कुमार शामिल थे।

जिला जज द्वारा किया गया यह निरीक्षण जेल में कैदियों की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, न्याय तक उनकी पहुंच, और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए एक सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। इससे जेल प्रशासन को आवश्यक सुधारों के प्रति सजगता मिलेगी और बंदियों के जीवन में सुधार की दिशा में प्रगति होगी।

# कुष्ठ रोग संबंधित योजनाओं का किया गया मूल्यांकन

दाउदनगर (औरंगाबाद)(नि.सं.)। कुष्ठ नियंत्रण प्रकोष्ठ से जुड़े विशेष पर्यवेक्षक एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी डॉ. प्रदीप्ता कुमार नायक ने गुरुवार को दाउदनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान पिछले तीन वर्षों के कुष्ठ रोगियों से संबंधित मासिक प्रगति प्रतिवेदन का मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में कुष्ठ जनित विकलांगता ग्रेड-2, पेंशन वितरण, आरसीएस पुनर्रचना शल्य चिकित्सा तथा विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य प्रतिवेदनों की गहन जांच की गई। मौके पर औरंगाबाद के सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

# कोर्ट ने नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने के आरोपी को दिया दोषी करार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

व्यवहार न्यायालय के स्पेशल पोक्सो कोर्ट के जज लक्ष्मीकांत मिश्रा की अदालत ने नबीनगर थाना कांड संख्या 47/24, जीआर-21/24 में सुनवाई करते हुए आरोपी योगेंद्र पासवान को दोषी ठहराया है। स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर शिवलाल मेहता ने बताया कि आरोपी, जो कि कुटुम्बा थाना के अनकुपा गांव का निवासी है, को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 323 (मारपीट), 342 (गिरफ्तारी या रोकने का गैरकानूनी तरीका), 363 (अगवा करने का आरोप), 376 (बलात्कार) और पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाया गया है। कोर्ट ने सजा के मामले में अगली सुनवाई की तारीख 30 मई 2025 तय की है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 9 गवाहों ने अपने बयान दिए थे। इस केस की जांच में आईओ पिंकी कुमारी और कामिनी कुमारी शामिल रहीं। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पीड़िता नाबालिग लड़की अपने स्कूल के वार्षिक उत्सव में भाग लेने गई थी और पुरस्कार वितरण के बाद स्कूल में देर तक रुकी थी। जब वह अकेले घर लौट रही थी, तब अज्ञात व्यक्ति ने जबरदस्ती उसे बाइक पर बैठाकर टंडवा के रास्ते हरिहरगंज ले जाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता के रोने पर आरोपी ने उसका फोन उसकी मां से बात कराने के लिए दिया। इस मोबाइल नंबर की मदद से पीड़िता के परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस की तबादलों की कार्रवाई के दौरान आरोपी दहशत में आकर शिवपुर मोड़ पर पीड़िता को छोड़कर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की निशानदेही पर हरिहरगंज के एक ज्वेलरी दुकान के सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान की, जिसे दुकान के मालिक ने भी पुष्टि की। इस घटना के बाद आरोपी एक अन्य मामले में जेल गया था। उसे 10 मई 2024 को इस मामले में हिरासत में लिया गया। आरोपी की टीआईपी परेड भी कराई गई, जिसमें पीड़िता ने उसे पहचान लिया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की हुई मौत

- स्थानीय लोगों ने सड़क पर बालू गिरने और तेज रफ्तार वाहनों को हादसों का कारण बताया और स्थायी समाधान की मांग की।

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)



औरंगाबाद में ससुराल जा रहे बाइक सवार एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना बारुण थाना क्षेत्र अंतर्गत बारुण नबीनगर रोड स्थित बाबा बालूघाट के पास की है। एक हाइवा वाहन तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। उसी दौरान बाइक सवार हाइवा की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। काफी संख्या में स्थानीय लोग वहां जमा हो गए। लेकिन किसी ने भी मृतक की पहचान नहीं की। सूचना मिलते ही बारुण थाने के थानाध्यक्ष रामइकबाल यादव और पीएसआई देवानंद दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक के जब की तलाशी ली गई, तो उसके जेब से बरामद पासबुक व अन्य कागजात के आधार पर उसकी पहचान की गई। मृतक की पहचान नासरीगंज तिलसा गांव निवासी अनूप कुमार सिंह के रूप में हुई। उसकी उम्र 31 साल थी। अनूप का ससुराल बारुण प्रखंड के धमनी पंचायत के शोभेखाप गांव में था। वह बिजली परियोजना में काम करता था। हादसे के वक्त वह बाइक से बारुण से नवीनगर की ओर जा रहा था।

हाइवा ने ओवरटेक करते हुए बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अनूप की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के विरोध में ग्रामीणों ने बारुण-नवीनगर रोड को कुछ समय के लिए जाम कर दिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क पर लगातार हादसे हो रहे हैं। कभी बालू लदे वाहन तो कभी राख ढोने वाले ट्रक दुर्घटना का कारण बनते हैं। लोगों का जीवन असुरक्षित हो गया है। बाबा बालूघाट के पास सड़क पर बड़ी मात्रा में बालू गिरा रहता है। इससे वाहन फिसलते हैं और हादसे होते हैं। लोगों ने इसका स्थायी समाधान मांगा है। थानाध्यक्ष रामइकबाल यादव ने बताया कि हाइवा को जब्त कर लिया गया है। लोगों को समझाकर जाम हटवाया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# चिकित्सक के साथ मरीज के परिजनों ने की बदसुलूकी, एक हुआ गिरफ्तार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

औरंगाबाद सदर अस्पताल में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ मारपीट और अभद्रता की घटनाएं अब आम होती जा रही हैं। गुरुवार को एक बार फिर ऐसी ही घटना सामने आई, जब मरीज के परिजनों ने डॉक्टरों के साथ गाली-गलौज की और देख लेने की धमकी तक दे डाली। यह मामला गुरुवार अपराह्न एक बजे के करीब का है। मौके पर मौजूद लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टर अभिषेक कुमार सिंह एवं डॉक्टर उदय कुमार मरीजों का इलाज कर रहे थे। तभी कुछ लोग एक मरीज को लेकर पहुंचे और बिना कतार में लगे जबरन डॉक्टर के चैंबर में घुस गए। उन्होंने डॉक्टर के मुंह पर पुर्जा फेंकते हुए जल्दी मरीज देखने की मांग की। डॉक्टर द्वारा इस तरह के बर्ताव पर आपत्ति जताने पर मामला और बिगड़ गया। मरीज के परिजनों ने डॉक्टर के साथ बदसलूकी शुरू कर दी, गाली-गलौज की और धमकी देने लगे कि देख लेंगे। स्थिति बिगड़ते देख डॉक्टर ने तुरंत मामले की सूचना ड्यूटी सुपरिटेंडेंट को दी और नगर थाना पुलिस को बुलाया गया। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल अस्पताल पहुंची और घटनास्थल पर हंगामा कर रहे युवक को हिरासत में लेकर थाना ले गई। लेकिन मामला यहीं नहीं थमा। उक्त युवक के साथ मौजूद अन्य लोगों ने वहां कवरेज कर रहे मीडियाकर्मियों से भी बदसलूकी की और वीडियो बनाने पर गाली-गलौज करते हुए खबर छापने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी। फिलहाल खबर लिखे जाने तक चिकित्सक की ओर से कोई विधिवत प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई थी, लेकिन अस्पताल परिसर में इस घटना को लेकर आक्रोश का माहौल है। चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से आहत हैं और प्रशासन से कड़ी सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जागरूकता अभियान आयोजित

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार के निर्देश एवं जिलाधिकारी औरंगाबाद के मार्गदर्शन में आज 29 मई 2025 को पूरे जिले के सभी प्रखंडों में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के मद्देनजर विविध जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं के बीच मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के प्रति सही जानकारी और जागरूकता बढ़ाना था, ताकि वे अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित और स्वच्छ रख सकें। इस मौके पर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी विनीता कुमारी ने कहा कि मासिक धर्म को लेकर बनी गलत धारणाओं और भ्रांतियों को खत्म करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किशोरियों से अपील की कि वे इस विषय में जागरूक होकर न केवल स्वयं स्वस्थ रहें, बल्कि अपने परिवार और समुदाय में भी इस ज्ञान का प्रचार-प्रसार करें। साथ ही, उन्होंने कहा कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना चाहिए। बाल विकास परियोजना, दाउदनगर के उच्च माध्यमिक विद्यालय में भी विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें सी.डी.पी.ओ. ने मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई बनाए रखने, संतुलित आहार ग्रहण करने तथा पोषण का विशेष ध्यान देने की बात कही ताकि लड़कियां स्वस्थ एवं सक्रिय रह सकें। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक ब्रजेश सिंह और जेंडर स्पेशलिस्ट चंदन कुमार ठाकुर ने महिला सशक्तिकरण के लिए जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन की गतिविधियों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। यह आयोजन माहवारी जैसे संवेदनशील विषय पर समाज में खुलकर संवाद करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित हुआ है, जिससे किशोरियों एवं महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अपने स्वास्थ्य को लेकर अधिक सजग और जागरूक बनेंगी।

# जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



गुरूवार को औरंगाबाद जिले में जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 23 प्रतिष्ठित नियोजकों ने भाग लिया। मेले में आरएसईटीआई, डीआरसीसी, आई.टी.आई. अप्रेंटिसशिप, श्रम विभाग समेत अन्य संस्थाओं ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर लगभग 900 प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। इस मेले में नियोजकों द्वारा कुल 648 बायोडाटा एकत्र किए गए, जिनमें से 316 अभ्यर्थियों को मौके पर ही शॉर्टलिस्ट/चयनित किया गया। आयोजन स्थल पर लगभग 1000 अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही, जिससे मेले की सफलता स्पष्ट झलकती है। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद राजाराम सिंह (काराकाट लोकसभा), अंजली कुमारी (अध्यक्ष, नगर परिषद, दाउदनगर) तथा मो० जफर ईमाम (प्रखंड विकास पदाधिकारी, दाउदनगर) द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

# तीन शराब तस्कर गिरफ्तार, 40 लीटर देसी महुआ शराब बरामद



निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)

बाइक और साइकिल पर सवार तीन शराब तस्कर को पुलिस ने कासमा थाना क्षेत्र के बांकेपुर गांव के पास 40 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान भालवंडी निवासी विरांची दास, खीरहीरी निवासी अरविंद कुमार और धरहरा गांव निवासी आकाश कुमार के रूप में हुई है। थाना अध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि गश्ती के दौरान पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए तीनों को बाइक और साइकिल समेत शराब के साथ पकड़ लिया। बरामद शराब की कुल मात्रा 40 लीटर है। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुलिस केंद्र में पुलिसकर्मियों ने किया श्रमदान, स्वच्छता का दिया संदेश

औरंगाबाद(एसवीवी सं.)। गुरूवार को औरंगाबाद पुलिस केंद्र में स्वच्छता को लेकर एक सराहनीय पहल की गई। जिले के पुलिसकर्मियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर पूरे परिसर में सफाई अभियान चलाया और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। सुबह से ही पुलिस केंद्र में सभी रैंक के पुलिसकर्मी ब्रुम, बेलचा और टोकरी लेकर मैदान, गलियारा, कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में सफाई में जुट गए। प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा, झाड़ियाँ और गंदगी को हटाया गया। इस श्रमदान कार्यक्रम में अधिकारियों से लेकर जवानों तक सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ परिसर की सफाई ही नहीं था, बल्कि यह संदेश देना भी था कि पुलिस विभाग केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में भी अपनी भूमिका निभाता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्वच्छता हमारे रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा होना चाहिए और यह अभियान केवल एक दिन का नहीं, बल्कि एक सतत प्रक्रिया है जिसे सभी को अपनाना चाहिए।

हिन्दी पत्रकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजमुनी देवी बी.एड. कॉलेज
एन.एच.-2, मंजुराही (जसोइया मोड़ के नजदीक), औरंगाबाद (बिहार)
बी.एड. एवं डी.एल.एड. की पढ़ाई की सुविधा
नामांकन हेतु संपर्क करें :
7739634587, 7903575906
सचिव / प्राचार्य
राजमुनी देवी बी.एड. कॉलेज

हिन्दी पत्रकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पतिनाथ पंकज
परियोजना प्रबंधक
23 ए, बारूण सैंड माइनिंग
प्रोजेक्ट औरंगाबाद (बिहार)



हिन्दी पत्रकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुद्धता का प्रतीक, शुद्ध आहार आटा
श्री शाश्वत राज एग्रो प्रा. लि.
ग्रोथ सेंटर, जसोईया, औरंगाबाद




5 किलो, 10 किलो एवं 25 किलो के पैक में उपलब्ध
शुद्ध आहार, स्वस्थ्य परिवार।
शुद्ध आहार, खुशियां अपार
विशेषताएं
क्वालिटी : पुष्ट एवं उच्च क्वालिटी के गेहूं द्वारा निर्मित शुद्ध आहार। किसान की आमदनी बढ़ाया।
अत्याधुनिक मशीन : न्यूमेटिक सिस्टम (हवा पद्धति) द्वारा आटा की तैयारी शुद्ध आहार नयी प्रौद्योगिक लाया।
धुला हुआ गेंहू : गेहूं को साफ पानी से साफ कर आठ घंटे स्टे दिया जाता है ताकि रोटी ठंडा होने के बाद भी मुलायम रहे।
10 लाख से अधिक संतुष्ट उपभोक्ता

हिन्दी पत्रकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आयुष राईस मिल प्रा. लि.
ग्रोथ सेन्टर, जसोईया, औरंगाबाद
उत्तम किस्म के चावल
निर्माता एवं विक्रेता किसानों के लिए विशेष सुविधा
प्रो. प्रतीक जी

